You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ़ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-07 ❑ बुधवार, 04 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा। अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं। भारत और अमेरिका के पास शांति और विकास के लिए मिलकर काम करने की अपार क्षमता है।

अश्विनी वैष्णव

नयी ऊंचाई पर पहुंची भारत-अमेरिका साझेदारीः रेड्डी 11

3.47 लाख करोड़ का प्रावधान, कृषि-शिक्षा-रोजगार पर खास जोर 12

## संक्षेप

### डीआरडीओ ने लंबी दूरी की मिसाइल के विकास में सहायक प्रौद्योगिकी का सफल परीक्षण किया

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबी दूरी की मिसाइलों के विकास में सहायक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट प्रौद्योगिकी का मंगलवार को ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस सफल परीक्षण के साथ भारत उन चुनिंदा देशों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है जिनके पास यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी है। यह प्रौद्योगिकी हवा-से-हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की मिसाइलों के विकास में सहायक है और प्रतिद्वंद्वियों पर सामरिक बढ़त प्रदान करती है। परीक्षण के दौरान सभी उप-प्रणालियों—जिनमें नोज़ल-रहित बूस्टर, सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट इंजन तथा ईंधन प्रवाह नियंत्रक शामिल हैं—ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। प्रणाली के प्रदर्शन की पुष्टि उड़ान के दौरान एकत्र किए गए आँकड़ों से हुई, जिन्हें बंगाल की खाड़ी के तट पर चांदीपुर स्थित आईटीआर द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग उपकरणों ने दर्ज किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और उद्योग जगत को बधाई दी।

### एयर इंडिया के 'विमान' की जांच में फ्यूल कंट्रोल स्विच में नहीं पायी गयी खामी

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया के एक बोइंग 787 विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में गड़बड़ी की पायलट की शिकायत के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों की मौजूदगी में उसकी जांच की गयी जिसमें दोनों स्विच को संतोषजनक पाया गया। उल्लेखनीय है कि दो फरवरी को लंदन से बेंगलुरु आयी उड़ान संख्या एआई 132 के पायलट ने बताया था कि लंदन में उड़ान भरते समय उसने दो बार बाएं फ्यूल कंट्रोल स्विच को 'रन' में डाला लेकिन वह वहां नहीं टिका। तीसरी बार में यह स्विच 'रन' में ही रहा और विमान उड़ान भरने में कामयाब रहा। यह बोइंग का 787-8 विमान था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि एयर इंडिया ने पायलट की शिकायत के बारे में विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग से संपर्क किया। बोइंग की अनुशंसा के आधार पर एयर इंडिया इंजीनियरिंग की टीम ने डीजीसीए अधिकारियों की मौजूदगी में विमान की जांच की। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''बाएं और दाहिने दोनों फ्यूल स्विचों की जांच की गयी और संतोषजनक पाया गया।'' स्विच 'रन' से कटऑफ में नहीं फिसल रहा था। बेस प्लेट के समानांतर पूरी ताकत लगाने पर भी स्विच अपनी जगह पर ही रहा। हालांकि गलत दिशा में बाहरी बल लगाने पर स्विच आसानी से 'कटऑफ' की तरफ जा रहा था क्योंकि एंगुलर बेस प्लेट उसे फिसलने दे रहा था।

# 'भारत-अमेरिका व्यापार समझौता बड़ा फैसला, हर देशवासी को होगा लाभ'

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा के लिए राजग सांसदों ने मोदी का किया अभिनंदन

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राजग संसदीय दल की बैठक में कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक 'बड़ा फैसला' है जो हर देशवासी के लिए लाभदायक होगा। बैठक में शामिल सांसदों ने यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल की बैठक में सदस्यों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि उनकी सरकार हमेशा राष्ट्र के हित में काम करती है। राजग के घटक दलों के सदस्यों ने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के लिए प्रधानमंत्री को बधाई भी दी और कहा कि इससे भारतीय विनिर्माताओं, निर्यातकों और उद्यमियों को मजबूती मिलेगी। बैठक में शामिल सांसदों के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ा फैसला है और देश में सभी को इससे लाभ मिलेगा। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए है जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय उत्पादों पर शुल्क को कुल 50 प्रतिशत से कम करके 18 प्रतिशत करेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि पूरे देश में इस समझौते को लेकर उत्साह है। उन्होंने कहा, ''सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नौ व्यापार समझौते पूरे हुए हैं। कुल 39 देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश विकसित देश हैं यह ऐतिहासिक है। देश में बहुत अच्छा माहौल है। शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को समझाया कि सरकार भारत के पक्ष में काम करती है, चाहे वह व्यापार समझौता हो या बजट। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका तथा भारत-यूरोप के बीच व्यापार समझौते का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। यह उनके दृढ़ संकल्प की वजह से हुआ है। व्यापार समझौते से छोटे कारोबारियों को फायदा होगा। शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे ने कहा, ''बैठक में राजग नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदीजी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई कारगर बातचीत के बाद मिली बड़ी सफलता का स्वागत किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत में निर्मित उत्पादों पर शुल्क घटाने की घोषणा की गई है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''राजग संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लिया, जहां हमने अनेक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सदस्यों ने भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। रीजीजू के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने राजग के घटक दलों के सांसदों से कहा कि उन्हें स्थानीय निकाय समेत विभिन्न चुनावों में अपनी जीत से संतुष्ट होकर बैठ नहीं जाना चाहिए, बल्कि अच्छा काम करते रहना चाहिए। रीजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को अपने संसदीय कार्यों और कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ल्लप्रधानमंत्री ने कहा कि राजग अपने अच्छे काम की वजह से एक के बाद एक चुनाव जीत रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव जमीन पर उतरे बिना नहीं जीते जा सकते। हमें जमीन पर रहना होगा और लोगों की भलाई के लिए अच्छे काम करते रहना होगा। जनता दल(एस) नेता और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि राजग की बैठक में भारत की आर्थिक साझेदारियों को मजबूत करने और विकसित भारत के सपने की ओर बढ़ने की सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), शिवसेना, जनता दल (सेक्युलर) और राजग के अन्य दलों के सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, अपना दल की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल, शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उपेंद्र कुशवाहा और अन्य नेता शामिल हुए। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि राजग की बैठक में केंद्रीय बजट पर भी चर्चा हुई जिसकी देश की एक बड़ी आबादी ने सराहना की है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी राजग में अपने सभी सहयोगियों से ● शेष पेज 11 पर

# शेयर बाजारों में जबरदस्त उछाल

एजेंसी



मुंबई। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त उछाल देखा गया और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,072.67 अंक (2.54 प्रतिशत) चढ़कर 12 जनवरी के बाद के उच्चतम स्तर 83,739.13 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक सुबह 3,656.74 अंक की तेजी में 85,323.20 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 4,205 अंक चढ़कर 85,871.73 अंक पर पहुंच गया। बाद में इसकी तेजी कुछ कम हुई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ जो 13 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। सुबह के समय यह ऊपर 26,341.20 अंक तक चढ़ा था। चौतरफा लिवाली के बीच सभी सूचकांकों में अच्छी मजबूती देखी गयी। मझौली कंपनियों वाले निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 2.80 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 2.82 प्रतिशत की तेजी रही। रुपये में रहे उछाल से भी शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। भारतीय मुद्रा फिलहाल 123.50 पैसे चढ़कर 90.26 रुपये प्रति डॉलर पर है। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, वित्त, रियलटी, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांकों में बड़ी तेजी देखी गयी। एनएसई में कुल 3,318 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,693 के शेयर हरे निशान में और 533 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 92 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। भारत-अमेरिका समझौते के साथ अच्छे तिमाही परिणाम आने से अडानी पोर्ट्स का शेयर 9.12 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 6.68, इंडिगो का 5.51, पावरग्रिड का 4.85, सनफार्मा का 4.54 और बजाज फिनसर्व का 4.29 प्रतिशत चढ़ गया। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 3.48 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 3.43, एलएंडटी का 2.95, एक्सिस बैंक का 2.86, टाइटन का 2.80, ट्रेंट का 2.78, आईसीआईसीआई बैंक का 2.77, मारुति ● शेष पेज 11 पर

### डॉलर के मुकाबले रुपया 130 पैसे मजबूत, 90.20 पर आया

**मुंबई।** भारतीय रुपया मंगलवार (3 फरवरी) को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 साल की सबसे बड़ी बढ़त के साथ 90.20 के स्तर पर पहुंच गया। यह तेजी अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील के ऐलान के कारण हुई है। मंगलवार को रुपए ने वापसी करते हुए 91.49 के पिछले क्लोज के मुकाबले 130 पैसे की मजबूती दर्ज की है। रुपए में आई इस तेजी के पीछे भारत और अमेरिका के बीच हुआ 'गिव एंड टेक' समझौता है।

# फॉर्म-7 पर पारदर्शी ढंग से सुनवाई के बाद ही कटेंगे नाम : सीईओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ सभी ईआरओ को सख्त निर्देश कि ढंग से करें स्क्रूटनी, 1.15 लाख में से दलों ने भरे सिर्फ 234 फॉर्म-7

लखनऊ। यूपी में मतदाता सूची से नाम काटे जाने के सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोप को चुनाव आयोग ने सिरे से खारिज किया है। फॉर्म-7 पर पारदर्शी ढंग से सुनवाई के बाद ही सभी जिलों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नाम काटेंगे। सभी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह स्क्रूटनी ढंग से करें। मतदाता को पूरा अवसर दिया जाए और पारदर्शी ढंग से पूरा कार्य किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा का कहना है कि चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची से नाम काटने के लिए की जा रही आपत्तियों की ढंग से निगरानी की जा रही है।

सूची से मृतकों तक के नाम पूरी जांच प्रक्रिया के बाद ही काटे जाने का प्राविधान है। सभी ईआरओ आपत्ति करने वाले व्यक्ति और संबंधित मतदाता जिसका नाम काटने के लिए फॉर्म-7 भरा गया है दोनों को नोटिस भेजकर बुलाया जा रहा है। अभी तक कुल 1.15 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए आपत्तियां करते हुए फॉर्म-7 भरे गए हैं। छह फरवरी दावे व आपत्तियों की अंतिम तारीख है। ऐसे में कहां किस तरह एक करोड़ से अधिक नाम कटने जा रहे हैं। आरोप सही नहीं हैं। यूपी में अभी तक 1.15 लाख मतदाताओं के नाम सूची से कटवाने के लिए फॉर्म-7 भरे गए हैं। जिसमें से मात्र 234 ही राजनीतिक दलों की ओर से भरे गए हैं। बीजेपी ने 173, सपा ने 47, आप ने आठ व बसपा ने छह फॉर्म-7 भरे हैं। राजनीतिक दलों के 5.79 लाख बीएलए हैं और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अभी तक 47 लाख फॉर्म आए हैं और दलों ने सिर्फ 37 हजार फॉर्म ही भरवाए हैं।

## 10 जिलों में ओलावृष्टि, 26 जिलों में बारिश का अलर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मंगलवार तड़के कानपुर, औरैया, जालौन समेत करीब 10 जिलों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। उन्नाव, चित्रकूट और इटावा में करीब आधे घंटे तक ओलावृष्टि हुई, जिससे सड़कों पर बर्फ की सफ़ेद चादर बिछ गई। बेमौसम बारिश और ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं और किसानों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। अचानक बदले मौसम के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोग घरों में दुबके रहे, जबकि जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोगों को छाता और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। वहीं, लखनऊ, अलीगढ़, मैनपुरी, बुलंदशहर समेत लगभग 20 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बर्फीली हवाओं ● शेष पेज 11 पर

## यूज़र डेटा साझा करने पर उच्चतम न्यायालय की व्हाट्सऐप को कड़ी चेतावनी

# संविधान मानिए या भारत छोड़ दीजिए

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने व्हाट्सऐप और उसकी मूल कंपनी मेटा पर लक्षित विज्ञापन के लिए यूज़र डेटा साझा करने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए भारतीय नागरिकों के निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मंगलवार को अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा कि वह भारतीय उपयोगकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले किसी भी डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देगी। न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि भारत में काम कर रहे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिये संविधान का पालन अनिवार्य और गैर-परक्राम्य है।

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, ''हम डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देंगे। हम भारतीय नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने देंगे। अगर आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दीजिए।'' पीठ ने व्हाट्सऐप की निजता नीति की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह नीति जानबूझकर इस तरह बनाई गई प्रतीत होती है, जिससे विशेषकर समाज के कमजोर वर्गों को भ्रमित किया जा सके। न्यायालय ने कहा कि एक बुजुर्ग महिला, सड़क किनारे सामान बेचने वाला व्यक्ति, केवल तमिल जैसी किसी क्षेत्रीय भाषा को समझने वाला नागरिक या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने ● शेष पेज 11 पर

### फैसले में देरी एक चिह्नित बीमारी, इसे खत्म किया जाना चाहिए

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने समय पर न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि उच्च न्यायालयों द्वारा महीनों तक फैसलों को सार्वजनिक किए बिना सुरक्षित रखे जाने की प्रथा 'एक चिह्नित बीमारी' है, जिसे खत्म किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि झारखंड उच्च न्यायालय ने पिछले साल चार दिसंबर को एक याचिका खारिज करते हुए मौखिक रूप से फैसला सुनाया था और वह फैसला अब तक अपलोड नहीं किया गया है। पीठ ने कहा कि अगले सप्ताह के आखिर तक वकील को पूरा फ़ैसला उपलब्ध कराया जाए। देरी का ज़िक्र करते हुए, याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, ● शेष पेज 11 पर

# एनआईए और एटीएस की संयुक्त दबिश में संदिग्ध युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ आतंकी कनेक्शन का आरोप, कैंसर से जूझ रही मां से आया था मिलने, मचा हड़कंप



बाराबंकी। बाराबंकी में मंगलवार सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी और एंटी टेररिस्ट स्क्वाड ने छापा मारकर एक युवक को पकड़ा। उस पर आतंकियों से कनेक्श का आरोप है। युवक दिल्ली में ऑटो स्पेयर पार्ट्स की कंपनी में काम करता है। वह कैंसर से जूझ रही अपनी मां को अस्पताल में देखने आया था। तभी एनआईए और एटीएस ने अस्पताल में छापा मारकर उसे उठा लिया। युवक को लखनऊ लाकर पूछताछ की जा रही है। मिली जानाकरी के मुताबिक बदोसराय थाना क्षेत्र के खोर एत्महादपुर गांव का है। युवक का नाम राम लखन है। खोर एत्महादपुर गांव में झम्मन का छप्पर नुमा मकान है। झम्मन के परिवार में पत्नी सियावती के अलावा 6 बच्चे हैं। इनमें चार भाई और दो बहनें हैं। राम लखन भाई बहनों में दूसरे नंबर पर है। राम लखन के छोटे भाई शिवम ने बताया- मेरी मां को कैंसर है। उनका सफ़ेदाबाद स्थित हिंद अस्पताल में इलाज चल रहा है। भाई दो दिन पहले दिल्ली से मां का इलाज कराने आया था। पापा और भाई रामलखन मां के साथ अस्पताल में थे। मंगलवार की सुबह 8 बजे एटीएस और एनआईए की 6 गाड़ियों से पहुंचे अफसरों ने एक साथ हिंद अस्पताल और उसके घर पर छापा मारा। तीन गाड़ियों में 15 लोग अस्पताल पहुंचे। राम लखन से पूछताछ के बाद उसे पकड़कर गाड़ी में बिठा लिया। शिवम ने बताया- हमारे घर पर जब गाड़ियां पहुंचीं और भाई के बारे में पूछताछ करने लगीं। तब पता चला कि ● शेष पेज 11 पर

## एनकाउंटर पर उठे सवालों पर सीएम योगी का पलटवार

# पुलिस गोली न चलाए तो क्या खाए!

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। लखनऊ में यूपी फार्मा कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनकाउंटर पर सवाल उठाने वालों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती जरूरी है। यूपी में निवेश बढ़ा है और कानून-व्यवस्था अब मजबूत हुई है। लखनऊ में यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन कार्यक्रम है। इसमें सीएम योगी, उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी पहुंचे। इस दौरान सरकार ने 11 कंपनियों के साथ ख्र्रधठ किया। इसके तहत मेडिकल डिवाइस और नई दवाओं पर मिलकर शोध किया जाएगा। सीएम योगी ने संबोधित करते हुए कहा, अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए? सीएम योगी ने कहा, अगर कानून को कोई आंख दिखाता है तो उसको कानून अपने तरीके से अपने दायरे में लाकर अपने हिसाब से समझाता है। कानून के साथ किसी को खिलवाड़ करने की छूट नहीं है। एक वक्त यूपी के अंदर लोगों के मन में अविश्वास था, असुरक्षा थी, क्योंकि अराजकता थी। आज वो दूर की कौड़ी हो चुकी है।

सीएम योगी ने कहा, यूपी को अब तक 50 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। बेरोजगारी दर में यूपी सबसे न्यूनतम स्तर पर है। आज हमारे पास लैंड बैंक भी है। जब सभी लोग प्रयास करेंगे तो परिणाम आएंगे। हमने ललितपुर में प्रदेश के पहले फार्मा पार्क के लिए लैंड अधिग्रहण की। पार्क के विकास के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। उत्तर प्रदेश में सेंटर लेवल की लैबोरेट्री पहले से मौजूद है। सीएम योगी ने कहा, जब हमने देखा तो तय किया कि जीरो टॉलरेंस। अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उस पर एक्शन होगा। अपना पराया कुछ नहीं होगा। जब हमने एक्शन शुरू किया, प्रयास किया कि कानून के दायरे में रहकर करें, लेकिन कई बार अगर कोई कानून से डर नहीं रहा था, तो ऐसे व्यक्ति को कानून के दायरे में लाकर कानून ● शेष पेज 11 पर

### भारत अपनी नीतियों पर रहा अडिग, वैश्विक शक्तियों को पड़ा झुकना : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग रहा तो आज बड़ी-बड़ी वैश्विक ताकतों को भारत के सामने झुकने के लिए मजबूर होना पड़ता है। भारत अपनी नीतियों का पालन करेगा और अपनी नीतियों पर दुनिया को ले जाने का कार्य करेगा। भारत अपना नियंता स्वयं बनेगा। हम प्रधानमंत्री व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आभारी हैं, जिन्होंने कल टैरिफ में रोलबैक करते हुए फिर से भारत के टैरिफ को कम किया है और भारत को एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में माना है। भारत अपनी नीतियों पर अडिग था और इसका परिणाम है 'सत्यमेव जयते'। यह पहले भी हुआ है और आगे भी होगा। मुख्यमंत्री ने ये बातें मंगलवार को लखनऊ के एक होटल में आयोजित फार्मा कान्क्लेव-1.0 में कहीं। उन्होंने आगाह भी किया कि भारत की इस बढ़ती ताकत से कुछ लोग सशंकित भी हैं, इसलिए देश को विश्वसनीय सहयोगियों के साथ आगे बढ़ते हुए सतर्कता और विवेक के साथ कार्य करना होगा। 10 हजार करोड़ के आए निवेश प्रस्ताव कान्क्लेव में फार्मा कंपनियों ने 10 हजार करोड़ के निवेश पर सहमति जताई। इनमें 5525 करोड़ के 11 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने फार्मा कंपनियों को प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल के लिए ट्रिपल एस (सेफ्टी, स्टेबिलिटी व स्पीड) की गारंटी दी। प्रदेश की बदली तस्वीर की चर्चा करते हुए सपा सरकार पर तीखा हमला भी बोला। कहा कि अब यूपी में कानून से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं है। सवाल उठते हैं कि पुलिस गोली चलाती है। यदि कोई कानून को आंख दिखाने की कोशिश करता है, तो कानून अपने दायरे में लाकर उसे उसकी ही भाषा में जवाब देता है। बदमाश पुलिस पर गोली चलाता है तो पुलिस भी आत्मरक्षा में उसी भाषा में जवाब देती है। डी-रेगुलेशन में यूपी नंबर वन, अब तक 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी डी-रेगुलेशन रैंकिंग में देश में नंबर वन है और ईज आफ डुइंग बिजनेस में टाप अचीवर बन चुका है। अधिनियमों में मौजूद ● शेष पेज 11 पर

# आत्मनिर्भर भारत केंद्रीत है बजट: पंकज चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 01 फरवरी को प्रस्तुत किया गया केंद्रीय बजट केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक सशक्त और दूरदर्शी विजन डॉक्यूमेंट है।

पंकज चौधरी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने आमजन की सुविधाओं, नवाचार, आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और समावेशी विकास पर निरंतर फोकस किया है। इसी सोच का स्पष्ट प्रतिबिंब बजट 2026-27 में देखने को मिलता है, जो किसान, युवा, महिला, उद्यमी और मध्यम वर्ग सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आधारभूत संरचना को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए इसके लिए अब तक का सबसे निरंतर और मजबूत निवेश किया है। वर्ष 2014-15 में जहां इन्फ्रा बजट मात्र 2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं इसे चरणबद्ध रूप से बढ़ाकर अब 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

श्री चौधरी ने कहा कि बजट में देश को सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की सौगात दी गई है, जिनमें दिल्ली-वाराणसी एवं वाराणसी-सिलीगुड़ी कॉरिडोर विशेष रूप से उत्तर प्रदेश को लाभ पहुंचाएंगे। इन परियोजनाओं से नोएडा, आगरा, लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों को तेज़-गति से जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे यात्रा समय घटेगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इसके साथ ही पूर्व में डांकुनी से पश्चिम में सूरत तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण का निर्णय लिया गया है, जिसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा उत्तर प्रदेश में होगा। अगले पांच वर्षों में 20 नए वाटरवेज़ शुरू किए जाएंगे, जिससे लॉजिस्टिक्स अधिक किफायती होगी। इसी क्रम में वाराणसी में गंगा जलमार्ग पर जलयान मरम्मत एवं शिप-रिपेयर केंद्र विकसित किए जाने की घोषणा की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। श्री चौधरी ने बताया कि पांच लाख से अधिक आबादी वाले टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में सिटी इकोनॉमिक रीजन विकसित किए जाएंगे, जिन पर अगले पांच वर्षों में प्रति शहर 5000 करोड़ रुपये तक खर्च किए जाएंगे।

### महोबा विवाद पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा- पार्टी ने मामले का संज्ञान लिया है

लखनऊ। महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच हुई तीखी नोकझोंक को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पूरा मामला पार्टी के संज्ञान में है। इस मामले में दोनों नेताओं से बात कर ली गई है। प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को लखनऊ पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। वहीं, केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि यह बजट केवल वित्तीय लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश के भविष्य का स्पष्ट विजन है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस समावेशी विकास पर है और यह बजट विकास का एक मजबूत ब्लूप्रिंट प्रस्तुत करता है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसमें सात नई हाई-स्पीड कॉरिडोर की घोषणा की गई है, जिससे उत्तर प्रदेश को बड़ा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई अहम कदम उठाए गए हैं, जिनका सीधा फायदा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को होगा। उन्होंने कहा कि सरकार 'मेक इन इंडिया' को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। ग्लोबल बायो-फार्मा, सेमीकंडक्टर जैसे आधुनिक और भविष्य उन्मुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर क्षेत्र में देश को आगे ले जाने की कवायद की जा रही है। पंकज चौधरी ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर पर सरकार का विशेष फोकस है। युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से रोजगार के योग्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि क्षेत्र में भी पहले की तुलना में अधिक बजट आवंटन किया गया है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट पुराने वर्षों से चली आ रही जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ नए विजन के साथ देश को विकास की नई दिशा देने वाला है।

## लापरवाही बर्दाश्त नहीं, उत्कृष्ट कार्यों पर होगा सम्मान: स्वतंत्र देव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को सिंचाई विभाग मुख्यालय, उदयगंज में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि यदि कार्यों में कोताही पाई गई तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तय है। उन्होंने निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता, निर्धारित मानकों और तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ किसानों तक पहुंच सके। स्वतंत्र देव सिंह ने यह भी कहा कि वे स्वयं शीघ्र ही विभिन्न परियोजनाओं का भौतिक निरीक्षण करेंगे, जिससे जमीनी हकीकत का आकलन किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और नियमों के अनुरूप होनी चाहिए तथा किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जलशक्ति मंत्री ने दोहराया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सिंचाई परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा कर प्रदेश के किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है। बैठक में प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता सहित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने सभी अधिकारियों से ईमानदारी, निष्ठा और जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को खोलना किसानों के साथ धोखा: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर किसानों के हितों से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत के बाज़ार को अमेरिकी कृषि उत्पादों और खाद्यान्नों के लिए खोलना देश की खेती-किसानी पर निर्भर लगभग 70 प्रतिशत आबादी के साथ सीधा धोखा है।

मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की बात करने वाली भाजपा जनता को बताए कि देश की अर्थव्यवस्था से समझौता कर उन्होंने कितना कमीशन लिया है। इस फैसले से केवल किसान ही नहीं, बल्कि निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा, क्योंकि इससे खाद्यान्न और कृषि उत्पादों में मुनाफ़ाखोरी बढ़ेगी तथा बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी, जिससे रोज़मर्रा की चीज़ें और महंगी होंगी। उन्होंने आशंका जताई कि विदेशी कंपनियों के प्रवेश से धीरे-धीरे किसानों की आय घटेगी और वे मजबूर होकर अपनी ज़मीन बड़े पूंजीपतियों व कारपोरेट घरानों को बेचने पर विवश होंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि ज़मीनों पर क़ब्ज़ा करना ही भाजपा और उसके सहयोगियों का अंतिम मक़सद है।

अखिलेश यादव ने प्रस्तावित सीड बिल को भारतीय खेती के लिए खतरनाक करार देते हुए कहा कि यह उसी किसान-विरोधी सोच की उपज है जिसने भू-अधिग्रहण जैसे क़ानून लाए और खाद के लिए किसानों को लाइन में लगाकर अपमानित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले बीज कंपनियों से, फिर पेस्टीसाइड कंपनियों से, साइलो निर्माण, फ़सल बीमा, न्यूनतम कीमत तय करने और फ़सल खरीद-फरोख्त तक हर स्तर पर कमीशनखोरी की जाएगी, जिससे भारतीय परिस्थितियों में खेती पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है।

उन्होने कहा कि एमआरपी और छुट्टा मवेशियों से पहले से परेशान किसान अब और ज़्यादतियां नहीं सहेगा। उन्होंने किसानों से संगठित विरोध का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा साल-दर-साल किसी न किसी रूप में किसानों पर वार करती रही है।

## रु-ब-रु पहल से लैंगिक समानता और सुरक्षा को मिल रहा नया आयाम : बबीता सिंह चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने बताया कि ञ्रु-ब-रुञ्ज एक अभिनव, संवाद-आधारित पहल है, जो लैंगिक समानता, अधिकारों एवं सामाजिक परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पुलिस अधिकारियों और छात्रों के बीच संरचित एवं आमने-सामने की सार्थक बातचीत को बढ़ावा देती है। यह पहल पारंपरिक जागरूकता कार्यक्रमों से अलग हटकर संवाद, आपसी विश्वास और साझा उत्तरदायित्व के माध्यम से अमूर्त अवधारणाओं को व्यवहारिक जीवन में रूपांतरित करती है।

डॉ. चौहान ने बताया कि रु-ब-रु कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली चर्चाओं का प्रमुख उद्देश्य लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ना तथा विद्यार्थियों की दैनिक सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का समाधान करना है। पुलिस अधिकारी छात्रों को यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, बाल संरक्षण सहित विभिन्न लैंगिक कानूनों, सुरक्षा प्रावधानों एवं रिपोर्टिंग तंत्रों की सरल और प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करते हैं। इससे छात्रों में बिना भय के अपराधों की रिपोर्ट करने का आत्मविश्वास विकसित होता है तथा



शीघ्र रिपोर्टिंग और सार्वजनिक सतर्कता के महत्व को बल मिलता है। उन्होंने बताया कि यह पहल अब तक स्कूलों और विश्वविद्यालयों में 30,000 से अधिक छात्रों तक पहुँच बना चुकी है, जो इसके व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। कार्यक्रम का विस्तार अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यालय कर्मियों एवं बस चालकों तक किया गया है, जिससे बच्चों और किशोरों के आसपास एक सुरक्षित, संवेदनशील एवं उत्तरदायी वातावरण निर्मित हो सके। यह सहभागिता शैक्षिक संस्थानों में लैंगिक संवेदनशीलता और सुरक्षा को संस्थागत रूप प्रदान करती है। डॉ. बबीता सिंह चौहान ने यह भी उल्लेख किया कि यूनिसेफ के साथ साझेदारी ने रु-ब-रु पहल को तकनीकी मजबूती और संस्थागत गहराई प्रदान की है। बाल अधिकारों, किशोर विकास और लैंगिक संवेदनशील संचार में यूनिसेफ की विशेषज्ञता के माध्यम से कार्यक्रम की सामग्री को परिष्कृत किया गया है तथा इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाल संरक्षण मानकों के अनुरूप बनाया गया है। इससे यह पहल एक-दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम से आगे बढ़कर स्थायी व्यवहार-परिवर्तन मॉडल के रूप में विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि फीडबैक और जमीनी अनुभवों के आधार पर रु-ब-रु कार्यक्रम को निरंतर परिष्कृत किया जाता है। इसका मानकीकृत किंतु लचीला पाठ्यक्रम व्यवहार विज्ञान, सॉफ्ट स्किल्स, केस स्टडी, रोल-प्ले और सफलता की कहानियों को समाहित करता है। ञ्अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्शञ्ज, मासिक धर्म स्वच्छता, किशोर स्वास्थ्य जैसे विषयों पर आयु-उपयुक्त सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में समान प्रभावशीलता सुनिश्चित होती है। अध्यक्ष ने बताया कि रु-ब-रु केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि आंतरिक शिकायत तंत्र को प्रोत्साहित कर तथा उत्पीड़न के प्रति शून्य-सहिष्णुता की संस्कृति को बढ़ावा देकर संस्थागत सुरक्षा और जवाबदेही को भी मजबूत करती है।

### प्रयागराज में स्वच्छ भारत मिशन पर लग रहा पलीता

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को प्रयागराज में पलीता लगाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। शंकरगढ़ ब्लॉक में तैनात सफाई कर्मचारी नियमित रूप से अपने कार्यस्थल पर मौजूद नहीं रहते, इसके बावजूद हर महीने विकास भवन से फर्जी तरीके से वेतन प्राप्त कर रहे हैं। मामला शंकरगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के हरखोरिया कला गांव का है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में गंदगी का अंबार लगा है, नालियां जाम हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब जमीनी स्तर पर निगरानी नहीं होगी, तो स्वच्छ भारत मिशन कैसे सफल होगा।

### प्रयागराज: लालापुर हत्याकांड पर DCP सख्त

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लालापुर में हुए हत्याकांड को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। डीसीपी यमुनानगर विवेक यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि घटना की हर एंगल से जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधी चाहे कोई भी हो, कानून के शिकंजे से नहीं बच पाएगा। डीसीपी ने संबंधित पुलिस टीमों को तेजी से जांच पूरी करने और साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए हैं। इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जनता के प्रति संवेदनशील है डीएम

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष वर्मा एक बार फिर जनता के प्रति संवेदनशील नजर आए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर एक व्यक्ति द्वारा सहायता की गुहार लगाए जाने पर डीएम ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने कमेंट के जरिए संबंधित व्यक्ति से आवेदन मंगवाया और भरोसा दिलाया कि वह निश्चिंत रहें, हर संभव मदद की जाएगी। डीएम की इस त्वरित कार्रवाई से आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। लोगों का कहना है कि इस तरह की संवेदनशीलता से शासन और जनता के बीच दूरी कम होती है। जिलाधिकारी की इस पहल की सोशल मीडिया पर भी जमकर सराहना हो रही है।

## उप्र में पशुपालन से जुड़ी योजनाओं के बजट में तीन गुना बढ़ोतरी : धर्मपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में पशुपालन से जुड़ी योजनाओं का बजट 2017-18 के 1,37,423.53 लाख से बढ़ाकर 2024-25 में 4,11,529.86 लाख (करीब तीन गुना बढ़ोतरी) किया गया है। इसके अलावा लाभार्थीपरक योजनाओं (बकरी, भेड़, सूकर व बैकयार्ड कुक्कुट पालन) के लिए अनुदान भी 2021-22 के 6.02 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 22.45 करोड़ किया गया है। मंगलवार को विधानभवन स्थित तिलक हाल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में 15.66 प्रतिशत योगदान के साथ देश मे पहले स्थान पर है। जबकि दुग्ध उत्पादन 2017-18 में 290.52 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 2024-25 में 388.15 लाख मीट्रिक टन हो चुका (करीब 33 प्रतिशत वृद्धि) है। इसके अलावा अंडा उत्पादन में 244 करोड़ से बढ़कर 611 करोड़ पहुंच गया है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि के साथ-साथ पशुपालन की भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है। प्रदेश में पशुजन्य उत्पादों का सकल मूल्यवर्धन वर्ष 2017-18 के 0.99 लाख करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 1.72 लाख करोड़ पहुंच गया है यानी 8.2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि 20वीं पशुगणना (2019) के अनुसार, प्रदेश में 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 144.80 लाख बकरी, 9.85 लाख भेड़ और 4.09 लाख सूकर मौजूद हैं, जो पशुधन संपदा की व्यापकता दर्शाता है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि नस्ल सुधार कार्यक्रमों का असर उत्पादकता में दिख रहा है। विदेशी संकर व देसी गायों की औसत दुग्ध उत्पादकता 2017-18 की तुलना में 2024-25 में बढ़कर क्रमशः 9.16 और 4.18 किग्रा प्रतिदिन हो गई है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। भैंसों की उत्पादकता भी 4.49 से बढ़कर 5.83 किग्रा प्रतिदिन पहुंची। उन्होंने कहा कि पशुधन मृत्यु दर घटाने के लिए प्रदेश में 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट टोल-फ्री 1962 के जरिए पशुपालकों के द्वार तक सेवाएं दे रही हैं। साथ ही पशुधन बीमा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जबकि निराश्रित गोवंश संरक्षण नीति के तहत 7,497 गो-आश्रय स्थलों (439 वृहद केंद्र सहित) में वर्तमान में 12.38 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। उनके भरण-पोषण हेतु सहायता राशि 30 से बढ़ाकर 50 रुपये प्रति पशु प्रतिदिन की गई है। इसके अलावा ऊन उत्पादन बढ़ाने के लिए 37 भेड़-बहुल जिलों में पायलट परियोजना चलाई जा रही है, जिसके तहत 2023-24 में 395.40 लाख खर्च किए गए और वैज्ञानिक पद्धति से भेड़-बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्य तय किए गए हैं। जिसमे दुग्ध उत्पादन 447.83 लाख मीट्रिक टन, अंडा उत्पादन 7,980.52 मिलियन और ऊन उत्पादन 8.49 लाख किलोग्राम का लक्ष्य रखा गया है।

## बैडमिंटन चैंपियनशिप पांच फरवरी से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में योनेक्सऽसनराइज यू.पी. स्टेट मास्टर्स (वेटर्न) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन पांच से आठ फरवरी तक बीबीडी यूपी. बैडमिंटन एकेडमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर में किया जाएगा। प्रतियोगिता अत्याधुनिक बैडमिंटन हाल में संपन्न होगी।

प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 35 वर्ष से 80 वर्ष आयु वर्ग तक के लगभग 250 खिलाड़ी और 15 ऑफिशियल्स भाग लेंगे। इसी प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा, जो 18 से 25 मार्च 2026 तक गोवा में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

चैंपियनशिप का उद्देश्य वेटरन खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना, खेल भावना को बढ़ावा देना तथा स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी के बैडमिंटन में योगदान को श्रद्धांजलि देना है। ध्यानी का संपूर्ण जीवन बैडमिंटन खेल के विकास और प्रचार-प्रसार को समर्पित रहा।

## उत्तर प्रदेश में 4,000 मदरसों को कथित विदेशी फंडिंग की जांच अंतिम चरण में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में करीब 4,000 मदरसों को कथित तौर पर विदेशी फंडिंग मिलने के मामले की जांच अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। अधिकारियों के मुताबिक़ जांच एजेंसियां रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रही हैं, जिसे जल्द ही राज्य सरकार को सौंपा जाएगा।

वहीं, दूसरी तरफ़ जांच के आगे बढ़ने के साथ ही मुस्लिम धर्मगुरुओं ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा है कि अवैध फंडिंग की जांच सभी शैक्षणिक संस्थानों में समान रूप से होनी चाहिए, न कि सिर्फ मदरसों तक सीमित रहे।

उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में एक से अधिक जांच चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी ) जिसकी अगुवाई एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) के पुलिस महानिरीक्षक कर रहे हैं, जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले नौ जनवरी को यूपी अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय ने सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजकर जांच से संबंधित दिशा-निर्देश दिए थे। पत्र में कहा गया था कि मामले की जांच यूपी एटीएस कर रही है और सभी मदरसों के बैंक खातों, लेन-देन और फंडिंग के स्रोतों का सत्यापन कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया था कि कई स्थानों पर बड़े-बड़े मदरसे बनाए गए हैं, जिनके आय के स्रोत और वित्तीय विवरण स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे मदरसों के विदेशी फंडिंग से जुड़े होने की आशंका जताई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि वे अपने-अपने जिलों में संचालित मदरसों को मिलने वाली सभी प्रकार की फंडिंग का ब्योरा उपलब्ध कराएं।

इस बीच धर्मगुरुओं ने जांच के दायरे को लेकर आपत्ति जताई है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि मदरसों और स्कूलों के लिए समान कानून होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अधिकांश मदरसे दान के सहारे चलते हैं, जहां लोग शिक्षकों के वेतन और छात्रों के भोजन के लिए छोटी-छोटी रकम देते हैं। कई मदरसे मुफ्त शिक्षा देकर देश की साक्षरता दर बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं, हालांकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि का कोई स्थान नहीं है।

वहीं, संगठन के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि विदेशी या अवैध फंडिंग की जांच पूरी तरह जायज़ है, लेकिन यह सिर्फ मदरसों तक सीमित न रहकर अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक भी होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून से ऊपर कोई भी संस्था नहीं है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि मदरसों में कथित अवैध फंडिंग की जांच सरकार कर रही है। हमेशा से मदरसों की फंडिंग पर सवाल उठते रहे हैं, अब जब जांच रिपोर्ट आ जाएगी तो सबकुछ साफ़ हो जाएगा।

## गोरखपुर कैंट-पनियहवा रेल खंड का संरक्षा निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन के साथ गोरखपुर कैंट-पनियहवा रेल खंड का संरक्षा निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्री बोरवणकर ने गोरखपुर कैन्ट-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के प्रथम चरण में गोरखपुर कैन्ट-कप्तानगंज खंड के दोहरीकरण कार्य एवं मध्यवर्ती स्टेशनों पर दोहरीकरण के अनुरूप सुधार एवं विकास कार्यों तथा संरक्षा का गहन निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक श्री उदय बोरवणकर ने अपने निरीक्षण का आरंभ गोरखपुर कैंट-उनौला स्टेशनों के मध्य किमी सं-386/11-10 पर स्थित ब्रिज संख्या-02 के गहन निरीक्षण के साथ किया। महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित किये जा रहे कप्तानगंज जं. स्टेशन का निरीक्षण कर स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा की तथा कार्य योजना का अवलोकन कर सभी कार्यों को समयावधि में पूरा करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल बैरक, कप्तानगंज का निरीक्षण कर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को उपलब्ध कराई जा रही सुख-सुविधाओं यथा-विश्राम हेतु बेड्स, भोजनालय, प्रसाधन आदि का जायजा लेने के साथ ही कप्तानगंज रेलवे स्टेशन के स्टेशन पैनल एवं संरक्षा उपकरणों का निरीक्षण कर संरक्षित परिचालनिक सुविधाओं का संज्ञान लिया। महाप्रबंधक ने घुघली रेलवे स्टेशन पर दोहरीकरण के अनुरूप नये यार्ड प्लान के अंतर्गत किये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया । निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक ने पनियहवा स्टेशन पर दोहरीकरण के अनुरूप निर्मित यार्ड प्लान का अवलोकन किया और नये प्लान के अंतर्गत किये जा रहे सुधार कार्यों का निरीक्षण कर सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया। इसके पश्चात महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे श्री उदय बोरवणकर अपनी निरीक्षण स्पेशल से पनियहवाऽवाल्मिकी नगर रेल खण्ड पर गंडक नदी पर स्थित पनियहवा ब्रिज का संरक्षा निरीक्षण करते हुए वाल्मिकी नगर पहुंचे और वाल्मिकी नगर से स्पीड ट्रायल करते हुए गोरखपुर कैन्ट के लिए रवाना हुए ।

# केजीएमयू में पहली बार पारटो के जरिये खून की उल्टी रोक कर विशेषज्ञों ने मरीज को दिया नया जीवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग के सहयोग से पहली बार पारटो (प्लग एसिस्टेड रेट्रोग्रेड ट्रांसवेनस आबलिट्रेशन) प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। मरीज को खून की उल्टी लगातार आ रही थी, जो रुक नहीं रही थी। प्रक्रिया के बाद मरीज को खून की उल्टी आने की शिकायत बंद हो गई है।

मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विभाग प्रमुख डॉ. सुमित रुंगटा ने बताया कि यह प्रक्रिया हरदोई निवासी 55 वर्षीय महिला मरीज पर की गई, जो हेपेटाइटिस-सी के कारण डीकम्पेन्सेटेड लिवर सिरोसिस से पीड़ित थीं और एंटीवायरल थेरेपी पर थीं। मरीज ऊपरी जठरांत्रीय रक्तस्राव की शिकायत के साथ मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग पहुंचीं। प्रारंभिक एंडोस्कोपी जांच में गैस्ट्रिक वैरिक्स पाए गए, जिनका एंडोस्कोपिक ग्लू इंजेक्शन से उपचार किया गया, लेकिन बाद में दोबारा ब्लीडिंग शुरू हो गई।

उन्होंने बताया कि इसके बाद कराई गई सीईसीटी (कॉन्ट्रास्ट एन्हांस्ड सीटी) जांच में गैस्ट्रो-रेनल शंट की पुष्टि हुई। बार-बार हो रहे रक्तस्राव को देखते हुए पारटो प्रक्रिया का निर्णय लिया। प्रक्रिया के दौरान 16 मिमी˟ 12 मिमी आकार का नाइटिनोल आधारित वैस्कुलर प्लग (डैक्रॉन फाइबर सहित) लगाकर गैस्ट्रो-रेनल शंट को पूरी तरह बंद किया गया, जिससे रक्तस्राव पर सफल नियंत्रण पाया गया।

इलाज के बाद मरीज की हालत में तेजी से सुधार हुआ और उन्हें सुरक्षित डिस्चार्ज कर दिया गया। वर्तमान में मरीज मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ओपीडी में नियमित फॉलो-अप पर हैं।यह प्रक्रिया मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित रुंगटा तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. अनन्य गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुई। रेडियोलॉजी विभाग से डॉ. अनित परिहार, डॉ. सौरभ गुप्ता और डॉ. सिद्धार्थ ने तकनीकी सहयोग दिया। वहीं मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डॉ. शशांक गुप्ता और डॉ. तुषार कुंडु ने भी मरीज की देखरेख और पूरी प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई।

केजीएमयू प्रशासन के अनुसार, यह उपलब्धि मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के बीच मजबूत होते बहुविषयक सहयोग का प्रमाण है और भविष्य में गंभीर लिवर रोगियों को विश्वस्तरीय, कम चीर-फाड़ वाले उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

# अजय राय का पुतला दहन कर जताया विरोध

## बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के खिलाफ की गई टिप्पणी पर दर्ज कराई आपत्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर में मंगलवार को बड़ी संख्या में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के समर्थकों ने मिलकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा रविवार को सरोजिनी नगर विधायक पर की गई टिप्पणी के पर अपना विरोध दर्ज कराया।

मंगलवार को सरोजनीनगर की सड़कों पर बड़ी संख्या में जनाक्रोश देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एकजुट होकर अजय राय का पुतला दहन किया, हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और सार्वजनिक माफी की मांग की। हर ओर नारे गूंजते रहे–

अजय राय होश में आओ, राहुल गांधी-कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, अजय राय मुर्दाबाद। राजेश्वर सिंह के समर्थन में एकत्रित हजारों की तादाद में जनसमूह ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए अजय राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग भी की। लोगों ने कहा कि राजेश्वर सिंह की ईमानदार छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से ऐसे निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। समर्थकों ने चेतावनी दी कि यदि सार्वजनिक माफी नहीं मिली, तो आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। कड़कड़ाती ठंड और बारिश भी जनसैलाब के हौसले नहीं तोड़ सकी। लोगों ने शहीद पथ मोड़ से होटल हॉलिडे इन तक मार्च निकाला और कांग्रेस पार्टी व अजय राय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस विशाल जन आक्रोश प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता शंकरी सिंह, राजेश सिंह, रमा शंकर त्रिपाठी, कर्नल दयाशंकर दुबे, गणेश जोशी, रंजीत रावत (चेयरमैन बंथरा), सुनील रावत (ब्लॉक प्रमुख), पार्षद के एन सिंह, पार्षद लवकुश रावत, पार्षद द्रोपती रावत, संजीव मिश्रा, रमापति तिवारी, मनीष शुक्ला, पंकज त्रिपाठी, सिद्धांत तिवारी, राहुल मिश्रा, सरभजीत सिंह, हेमंत पांडे, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव, अरविंद चौबे, मनीष द्विवेदी, प्रदीप सिंह (पूर्व एमएलसी), जितेंद्र सिंह, राजेश चौधरी, सत्येंद्र कुमार, आशू दीक्षित, आशू शुक्ला, पार्षद कमलेश सिंह, नितिन सिघल, मधु चौरसिया, अर्चना गौतम, प्रियंका सिंह, कुश्मा रावत, ममता रावत, उषा रावत, बबलेश यादव, सुमन रावत, अल्पना गौतम, अर्चना सिंह, रीतू सिंह, ज्ञानवती चौरसिया, माधवी देवी, अर्चना बोरा, आरती भास्कर, मंजू ओझा, रश्मि सिंह, नीता दीक्षित, रीना उपाध्याय, रीना त्रिपाठी, बबीता सिंह, आराधना पांडे, सुधा काला, अनीता त्रिपाठी, अर्पणा भारती, बीना, रेनू सिंह (जिला मंत्री), समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के गणेशखेड़ा, मऊ गांव में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के बाहर आम के पेड़ से एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे ग्रामीणों ने आम के पेड़ पर एक व्यक्ति को लटका देखा, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना मोहनलालगंज पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच–पड़ताल के बाद मृतक की पहचान 40 वर्षीय सुभाष चंद्र पुत्र छोटेलाल, निवासी गणेशखेड़ा, मऊ, मोहनलालगंज के रूप में की।पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से उतरवाया और मृतक के भाई फूलचंद की मौजूदगी में निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया।ग्रामीणों के अनुसार मृतक की पत्नी लक्ष्मी पिछले करीब छह माह से मायके में रह रही थी। मृतक के परिवार में एक बेटी चंदा और एक बेटा कौशल है। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में शोक की लहर फैल गई।इस संबंध में मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। परिजनों से पूछताछ की जा रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व कैंसर दिवस से पहले यूपी पर्यटन की संवेदनशील पहल, 30 कैंसर मरीजों ने किया 'लखनऊ दर्शन'

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व कैंसर दिवस से एक दिन पूर्व मंगलवार को मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने 30 कैंसर मरीजों के लिए विशेष 'लखनऊ दर्शन' भ्रमण का आयोजन किया। डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस के जरिए कराए गए इस शहर भ्रमण का उद्देश्य इलाज के कठिन दौर से गुजर रहे मरीजों को कुछ पल की राहत देना और उन्हें लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराना रहा।
यह विशेष टूर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया गया, जो नियमित सुबह–शाम की सेवाओं से अलग था। विभिन्न आयु वर्ग के मरीज, डॉक्टर और सहयोगी मेडिकल स्टाफ इस यात्रा में शामिल रहे। पूरी व्यवस्था मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई। यात्रा के दौरान हल्का व पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया तथा सभी प्रतिभागियों को स्मृति–चिह्न भी भेंट किए गए।
पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल पर्यटन गतिविधि नहीं, बल्कि उम्मीद और सकारात्मक ऊर्ज़ा से जुड़ा प्रयास है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से अस्पतालों में उपचाररत मरीजों को खुले वातावरण में लाकर शहर की विरासत से जोड़ना, उनका मनोबल बढ़ाना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना इस पहल का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन आगे भी समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ते हुए पर्यटन को अधिक संवेदनशील और समावेशी बनाने की दिशा में काम करता रहेगा। मरीजों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि अस्पताल की दिनचर्या से बाहर निकलकर शहर को देखना उनके लिए बेहद खास रहा। मरीज रजनी वर्मा ने कहा कि विधानसभा को अंदर से देखना उनके लिए यादगार अनुभव बना, वहीं अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि इस टूर ने उन्हें फिर से खुशी और सकारात्मकता का एहसास कराया। मरीजों के साथ मौजूद चिकित्सक डॉ. अभिषेक के अनुसार, इस तरह के अनुभव मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। यात्रा के दौरान मरीज उत्साहित और प्रसन्न नजर आए, जो इस पहल की सार्थकता को दर्शाता है।

## लापरवाही बर्दाश्त नहीं,दोबारा गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई तयः योगेश शुक्ला

**बीकेटी (लखनऊ), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत बीकेटी के वार्ड संख्या–8 तरहिया में चल रहे नाला निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का आरोप सामने आया है।घटिया सामग्री और मानकों की खुलेआम अनदेखी का मामला उस समय उजागर हुआ जब स्थानीय निवासियों के साथ भाजपा से बीकेटी मंडल अध्यक्ष संदीप यादव ने बीकेटी विधायक को संबोधित शिकायती पत्र और निर्माण कार्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया,वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया और मामला सीधे जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा,इस दौरान बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की स्थिति देखकर विधायक ने गहरी नाराज़गी जताई और संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई,उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि नाला निर्माण में भ्रष्टाचार और लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी,चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ और गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरा तो ठेकेदार के खिलाफ ब्लैकलिस्टिंग तक की कार्रवाई की जाएगी।नगर पंचायत अधिकारियों को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि कार्य की निगरानी में कोताही बरतने वालों की भी जवाबदेही तय होगी।उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर नगर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की पोल खोल दी है।वही मंडल अध्यक्ष बीकेटी संदीप यादव ने बताया कि बीकेटी नगर पंचायत के वार्ड न.8 में आर.सी.सी नाले का निर्माण कार्य कई दिनों से चल रहा था मंगलवार को स्थानीय लोगों ने नाला निर्माण में भ्रष्टाचार की मौखिक शिकायत मुझसे किया जिसके बाद मैने मौक़े का मुआयना किया तो नाले निर्माण में अनियमिता दिखी,जिसमें घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था,जिसकी शिकायत तत्काल मैने विधायक से किया,मामले का संज्ञान लेते हुए विधायक जी ने मौक़े का निरीक्षण किया और संबंधित को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए।

## भारत–अमेरिका टैरिफ समझौते की संसद में दें पूरी जानकारी : मायावती

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौतों के बाद अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने को लेकर कहा कि इस फैसले का वास्तविक असर ज़मीन पर लागू होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, इसलिए पर्याप्त जानकारी के अभाव में जल्दबाज़ी में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने आशंका जताई कि इस तरह के कदमों का प्रभाव देश के बहुजन, गरीबों, मज़दूरों, किसानों और महिलाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जानना ज़रूरी है कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आर्थिक निर्णयों से आम जनता को क्या लाभ या नुकसान होगा। मायावती ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर संसद सत्र के दौरान विस्तृत जानकारी दी जाए, ताकि देशवासियों को सही–सही तथ्य मिल सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उनका कहना था कि सरकार द्वारा समय रहते स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा संभव हो सकेगी।

# यूपी पुलिस के सब–इंस्पेक्टर ने जयपुर मैराथन में लहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। गुलाबी नगरी जयपुर की सतरंगी संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय जोश के बीच आयोजित 'जयपुर मैराथन' में उत्तर प्रदेश पुलिस के सब-इंस्पेक्टर और प्रख्यात धावक अमित सिंह (लखनऊ) ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। देश-विदेश के हजारों धावकों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए अमित सिंह ने इस प्रतिष्ठित मैराथन को चौथी बार सफलतापूर्वक पूरा किया।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर राजस्थानी संस्कृति का संगमः इस वर्ष की मैराथन विशेष रही, जहाँ जयपुर की समृद्ध विरासत और संस्कृति की झलक देखने को मिली। देश और दुनिया के 25 से अधिक देशों के धावकों की मौजूदगी ने इस आयोजन को वैश्विक मंच प्रदान किया। इस दौरान अमित सिंह ने न केवल दौड़ पूरी की, बल्कि अंतरराष्ट्रीय एथलीटों के बीच भारतीय पुलिस की फिटनेस और अनुशासन का प्रतिनिधित्व भी किया।

उपलब्धियों का सफरः 3 बार सिटी एंबेसडर और अब 'पेसर अवार्ड':- अमित सिंह इस दौड़ में एक अनुभवी खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। वह पूर्व में तीन बार 'सिटी एंबेसडर' रह चुके हैं। इस वर्ष उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए हाफ मैराथन (21.1 किमी) में 'पेसर' बनाया गया था। एक पेसर के रूप में अन्य धावकों को निर्धारित समय में लक्ष्य तक पहुँचाने की उनकी काबिलियत के लिए उन्हें मंच पर 'पेसर अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

खाकी का गौरव : वर्तमान में यूपी पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात अमित सिंह अब तक कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं। वह अपनी व्यस्त ड्यूटी के साथ-साथ युवाओं को 'फिट इंडिया' अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

वर्दी और ट्रैक का बेजोड़ संगम : वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में सब-इस्पेक्टर के पद पर कार्यरत अमित सिंह ड्यूटी की व्यस्तताओं के बावजूद खेलों के लिए समय निकालते हैं। वह अब तक विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार जीतकर यूपी पुलिस का नाम रोशन कर चुके हैं।

# 'हमारा आँगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विकास खण्ड मोहनलालगंज में 'हमारा आँगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार की अध्यक्षता में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में ऐसा सीखने का माहौल विकसित करना है, जहाँ बच्चों को अपने घर के आँगन जैसा अपनापन, सहजता और सुरक्षा का अनुभव हो।

कार्यक्रम में शिक्षा, पोषण एवं प्रारंभिक सीखने की प्रक्रियाओं को एक सूत्र में पिरोने पर विशेष बल दिया गया। अपने संबोधन में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार जी ने बताया कि इस पहल का मूल उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी और विद्यालयों को भय-मुक्त, आनंददायक और स्नेहपूर्ण वातावरण प्रदान करना है, ताकि बच्चे बिना झिझक के सीख सकें। उन्होंने कार्यकर्ताओं और शिक्षकों से बच्चों के साथ संवाद, स्नेह और धैर्य को प्राथमिकता देने का आह्वान किया, जिससे प्रारंभिक शिक्षा की नींव मजबूत हो सके। कार्यक्रम में ब्लॉक की एआरपी अदिति पाण्डेय, बाल वाटिका से संबंधित सभी नोडल संकुल एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकास खण्ड के 50 निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उपस्थित कर्मियों में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ।

# मंत्री राकेश सचान और नरेंद्र कश्यप ने किया सिल्क एक्सपो का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को प्रदेश के खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान और पिछड़ा वर्ग विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सिल्क एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पं. दीन दयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्री राकेश सचान और नरेन्द्र कश्यप ने संयुक्त रुप से 16 विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया। वहीं रेशम मित्र 2025 पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश में रेशम उत्पादन 27 मीट्रिक टन से बढ़कर 450-500 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जो आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में रेशम उद्योग को एक सशक्त आधार बना रहा है। उन्होंने कहा कि रेशम उद्योग किसानों, बुनकरों और उद्यमियों को स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है और मल्टी रीलिंग इकाइयों की स्थापना से रेशम प्रसंस्करण अवसंरचना मजबूत हुई है।

मंत्री ने बताया कि 1630 लाभार्थियों को 32.49 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता से उत्पादन में वृद्धि हुई है और मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना से 10 वर्षों में 13,500 किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि 9,000 एकड़ में शहतूत वृक्षारोपण और 360 मीट्रिक टन अतिरिक्त उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जबकि रेशम मित्र पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन, मॉनिटरिंग और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से रेशम उद्योग में ऐतिहासिक प्रगति हुई है और सिल्क एक्सपो 2026 में विभिन्न राज्यों के शुद्ध रेशमी उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लगी सिल्क प्रदर्शनी 6 फरवरी 2026 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी, जिसमें विभिन्न राज्यों के बुनकरों और व्यापारियों द्वारा रेशमी उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

# पच्चीस हजार का इनामी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## करोड़ों की बेशकीमती जमीन के फर्जीवाड़े का भंडाफोड़

मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज पुलिस ने भूमि माफियाओं के खिलाफ बड़ी और निर्णायक कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये मूल्य की बेशकीमती जमीन को फर्जी व्यक्तियों के माध्यम से हड़पने और बेचने वाले पच्चीस हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी।मोहनलालगंज एसीपी विकास पाण्डेय के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।मोहनलालगंज पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य, सर्विलांस और गोपनीय सूचना के आधार पर वांछित आरोपी को दबोच लिया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि करोड़ों की बेशकीमती जमीन को बनाया था निशाना बीते 03 अक्टूबर 2024 को मोहनलालगंज थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पीड़ित राजकुमार वर्मा ने आरोप लगाया था कि मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के भदेसुआ गांव में स्थित खसरा संख्या 1823, 1822, 1855 एवं 1821 की कुल लगभग 9 बीघा कृषि योग्य, करोड़ों की बेशकीमती जमीन को आरोपियों ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत फर्जी लोगों को खड़ा कर अवैध रूप से बेच दिया।

एफआईआर में स्पष्ट है कि आरोपी गिरोह द्वारा कूटरचित आधार कार्ड, पहचान पत्र व अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार कर बीते वर्ष 09-11-2022 को उपनिबंधक कार्यालय मोहनलालगंज में फर्जी रजिस्ट्री कराई गई। इसके बाद बीते वर्ष 25-09-2023 को पीड़ित की पत्नी के स्थान पर दूसरी महिला को खड़ा कर दोबारा फर्जी रजिस्ट्री कराई गई। इतना ही नहीं, भूमि पर अवैध कब्जा स्थापित करने के उद्देश्य से राजस्व अभिलेखों में नामांतरण कराने का भी प्रयास किया गया। मोहनलालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया पच्चीस हजार का इनामी आरोपी अमरीश तिवारी पुत्र रामस्वरूप निवासी भिखारी खेड़ा पोस्ट पोखरा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी हाल पता कृष्णानगर थाना क्षेत्र के सैनिक नगर आलमबाग लखनऊ, संगठित रूप से करोड़ों की बेशकीमती जमीन के फर्जीवाड़े में संलिप्त था। आरोपी लंबे समय से फरार था, लेकिन पुलिस टीम की सतत निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के चलते उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकरण में पूर्व में अन्य आरोपियों को भी जेल भेजा जा चुका है। भूमि माफियाओं के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। एसीपी विकास पाण्डेय ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में न्यायालय द्वारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा आदेश भी जारी किया जा चुका था। इन धाराओं में दर्ज है आगे की विवेचना जारी है और जमीन माफिया गिरोह से जुड़े अन्य लोगों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

# सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में चल रहे SIR गहन पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत जनपद लखनऊ की विधानसभा सरोजनी नगर में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा फर्जी तरीके से मतदाता सूची में फार्म-7 भरकर बी0एल0ओ0 के माध्यम से मौजूद मतदाताओं के नाम कटवाने के विरोध में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल जिला कार्यालय कैसरबाग, लखनऊ से जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में मौजूद हैं और वर्तमान समय में अपने निवास पर रह भी रहे हैं। फार्म-7 में मतदाता का नाम व ईपिक नम्बर प्रिंट करवा कर बी0एल0ओ0 के पास जमा करवा कर जिलाधिकारी व ई0आर0ओ0 पर समाजवादी पार्टी समर्थक वैध मतदाताओं के नाम मिथ्या के आधार पर डिलीट कराने की साजिश करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के विरूद्ध भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश और नियम के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा-31 के अधीन एफ0आई0आर0 दर्ज कराये जाने की मांग की है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, बचान सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष अंजनी प्रकाश यादव, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष संजय यादव, अधिवक्ता रामसमुझ रावत, अमिताभ यादव, दिलीपचन्द्र यादव एवं शिवम यादव 'गोलू' मौजूद रहे।

## एकेटीयू के 11 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक के 11 छात्रों का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंटर्न के पद पर हुआ है। एडिको ग्रुप में चयनित इन छात्रों को कंपनी की ओर से दो महीने पेड ट्रेनी के तौर पर 20 हजार रूपये मिलेगा। इसके बाद आठ से दस लाख रूपये का पैकेज कंपनी परफॉर्मेंस के अनुसार देगी। इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जाएंगी। चयनित छात्रों को कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय ने शुभकामनाएं दी। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो0 नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में ड्राइव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से लगातार छात्रों को ट्रेनिंग कराने के साथ ही कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक छात्र रोजगार पा सकें।

## गुमशुदा की तलाश



नाम–साक्षी वर्मा पिता का नाम –रवि वर्मा आयु –22 वर्ष रंग – हल्का सांवला कद – लगभग 5 फुट पता – सी–28, बादशाह नगर, रेलवे आरक्षण के पीछे महानगर लखनऊ।
गुमशुदा युवती का विवरण–उपरोक्त युवती दिनांक 29 अगस्त 2025 को अपने घर सी–28 बादशाह नगर, रेलवे आरक्षण के पीछे, महानगर, लखनऊ से गणेश विसर्जन में शामिल होने की बात कहकर गई थी, जो अभी तक घर वापस नहीं आई है। इस संबंध में थाना महानगर पर मु0अ0सं0–234 अंतर्गत धारा 87 बी, 309(4), 317(2) BNS पंजीकृत है। परिजन एवं पुलिस द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग प्राप्त नहीं हो पाया है। पहचान –काली टी–शर्ट, जिस पर सामने पीले रंग से HI लिखा हुआ है। अनुरोध–यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त गुमशुदा युवती के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो अथवा वह कहीं दिखाई दे तो कृपया तत्काल नीचे दिए गए नंबरों पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। जांचकर्ता –उपनिरीक्षक अनुराग सिंह मो0–9140637911 प्रभारी निरीक्षक थाना महानगर लखनऊ मो0–9454403859 सहायक पुलिस आयुक्त महानगर मो0 –9454401498

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन का चौथा स्थापना दिवस

❒ समारोह में उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

खैराबाद, सीतापुर। विशुन नगर चौराहा, खैराबाद स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन का चौथा स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एएसपी उत्तरी आलोक सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर भारत माता एवं मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई।



समारोह में उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा स्वागत गीत, कहानी, भजन एवं नृत्य जैसी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएसपी उत्तरी आलोक सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, डॉ. रजनीश मिश्रा, हरी शंकर गुप्ता एवं मो. सलीम ने फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन स्थापना के बाद से ही जनपद में दिव्यांगजनों, निराश्रितों एवं जरूरतमंदों तक विभिन्न सुविधाएं पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। इस अवसर पर रामू एवं सुभाष चंद्र को ट्राई मोटरसाइकिल प्रदान की गई, वहीं दिव्यांगजन, अनाथ, निराश्रित महिलाएं, वृद्धजन एवं बच्चों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि एएसपी आलोक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आप लोग प्रकृति से जो चीज हो गई हैं उससे घबराने की जरूरत नहीं है उदाहरण के लिए स्टॉकिंग हॉकिंग जैसे वैज्ञानिक 90 % दिव्यांग होने पर भी वर्ल्ड में नाम है ।समाज के लोग से अपील करता हूं कि दिव्यांग जनों को प्राथमिकता के आधार पर सहयोग करें। और मैं हमेशा दिव्यांगजनों की सेवा में तत्पर हैं ।विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि संस्था समाज को मजबूत एवं सशक्त बनाने के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध कराने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संस्था द्वारा समय-समय पर सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों का आयोजन कर दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पाल, गुड्डू, हरिलाल, रामचंद्र मौर्य, अनीता, मोमिना, रोशन सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में संस्था की प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ समारोह का समापन हुआ। अंत में सभी आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई।

# न्याय न मिलने पर पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

❒ सड़क दुर्घटना में युवक हुआ गंभीर रूप से घायल, पीड़ित को न्याय की जगह मिला अपमान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

खैराबाद सीतापुर। जनपद में पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। खैराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत 02 फरवरी 2026 को हुए एक गंभीर सड़क हादसे में तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए, लेकिन पीड़ित परिवार न्याय के लिए चौकी से थाना तक भटकता रहा, वहीं पुलिस ने न केवल मुकदमा दर्ज करने से इनकार किया बल्कि थाना प्रभारी ने खुलेआम धमकी और अभद्रता की सारी हदें पार कर दीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकांत दीक्षित, निवासी राधारमन दीक्षित, पोस्ट गौरिया, थाना खैराबाद, सीतापुर के भाई प्रशांत दीक्षित तथा गांव के दो अन्य युवक विशाल (पुत्र राजकुमार) और शिवा (पुत्र अनिल कुमार) 02 फरवरी को लगभग 3 बजे अपराह्न ग्राम के पीछे से जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही इनोआ क्रिस्टा कार ने तेज रफ्तार से टक्कर मार दी।हादसा इतना भयावह था कि सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि विशाल की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है और उसे अब तक होश नहीं आया है।पुलिस ने किया कानून का खुला अपमानपीड़ित पक्ष जब घटना के दिन ही संबंधित चौकी प्रभारी पर मुकदमा दर्ज कराने पहुंचा तो एफआईआर दर्ज नहीं की गई।इसके बाद 03 फरवरी को जब चौकी प्रभारी को फोन किया गया तो उन्होंने बतायाल्लहम बाहर हैं।ल्लजब पीड़ित परिवार न्याय की आस में थाना खैराबाद पहुंचा और थाना प्रभारी अनिल सिंह से मिला, तो वहां से इंसाफ के बजाय धमकी और अपमान मिला।पीड़ित का आरोप है कि थाना प्रभारी ने पूरी बात सुने बिना अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा– ल्लतुम्हें जूतों से मारते हुए गांव तक ले जाएंगे, तुम्हारी सारी नेतागिरी निकाल देंगे।ल्लइतना ही नहीं, थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करने से साफ इनकार कर दिया।सम्मान को ठेस, न्याय की गुहारपीड़ित परिवार ने बताया कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से वर्षों से जुड़े हुए हैं, इसके बावजूद पुलिस द्वारा इस प्रकार का व्यवहार न केवल कानून का अपमान है बल्कि लोकतंत्र और नागरिक सम्मान पर सीधा हमला है।पीड़ित लोकांत दीक्षित पुलिस अधीक्षक से शिकायती पत्र द्वारा मांग की है कि–सड़क दुर्घटना में दोषी वाहन चालक के विरुद्ध तत्काल क्क्ष्ट दर्ज की जाएथाना प्रभारी अनिल सिंह के धमकी भरे और अभद्र व्यवहार की उच्चस्तरीय जांच होदोषी पुलिस अधिकारियों पर कड़ी विभागीय कार्यवाही की जाए।लोकांत दीक्षित ने बताया हम अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह से मिलकर प्रार्थना पत्र दिया है उन्होंने आश्वासन दिया है मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।वही खैराबाद थाना प्रभारी से फोन पर जानकारी की गई तब उन्होंने हुए पूरी घटना का वर्णन किया व कहा कार्य की अधिकता की वजह से हमसे त्रुटि हुई है इस लिए हम खेद व्यक्त करते है व तत्काल मुकदमा दर्ज करेंगे।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब एक युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है, तब क्या पुलिस का काम धमकी देना रह गया है?क्या सीतापुर में अब न्याय पुलिस की मर्जी पर निर्भर हो गया है?यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह मामला उच्च अधिकारियों तक शिकायत का रूप ले सकता है।

# सात दिवसीय प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में सात दिवसीय प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानंद के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके हुआ। संगीत विभाग की डॉ कविता भटनागर, काजल मिश्रा और संजीत कुमार ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।




बी.कॉम की छात्रा दीया गुप्ता और कशिश रोहरा ने सभी अतिथियों का चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया। विभाग के शिक्षकों डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ कमलेश गौतम, डॉ गौरव सक्सेना, डॉ विजय तिवारी, डॉ अजय वर्मा, डॉ संतोष सिंह , अपर्णा त्रिपाठी और डॉ सचिन खन्ना ने अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्राचार्य डॉ. आरके आजाद ने स्वागत भाषण में कहा कि युवा उद्यमियों कि शुरुआत छोटी हो सकती है, संसाधन सीमित हो सकते हैं, लेकिन उनका दृष्टिकोण बड़ा होना चाहिए। मुख्य वक्ता केएमसी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. नीरज शुक्ला ने कहा कि आज का समय अवसरों से भरा हुआ है। तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल प्लेटफॉर्म आदि हर क्षेत्र में नए दरवाजे खुल रहे हैं। कुछ लोग आगे बढ़ते हैं और कुछ लोग इंतजार करते रह जाते हैं। इसी विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डा. मनीष कुमार ने कहा कि जोखिम उठाने की क्षमता, नया करने की इच्छा और सकारात्मक सोच सफलता का मूल मंत्र होते हैं। विशिष्ट अतिथि सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय के आगरा क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी राजन यादव ने विभिन्न सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एके मिश्रा ने कहा कि बड़े सपने देखिए, मेहनत कीजिए, असफलता से सीखिए और उद्यमिता के क्षेत्र में नेतृत्व कीजिए। कार्यशाला के संयोजक प्रो. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि कल्पना शक्ति और निरंतर परिश्रम उद्यमी की सफलता का आधर होती है। डॉ रूपक श्रीवास्तव के संचालन में हुए कार्यक्रम के अंत में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के मध्य शैक्षिक क्रियाकलापों के लिए एक एमओयू भी हस्ताक्षर किया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत से हुआ।

## स्मैक पाउडर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना कटरा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर हुलासनगला पुल के पास से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 54 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद किया। पकड़ा गया तस्कर थाना कटरा क्षेत्र के मोहल्ला नादिरशाह का रहने वाला मुजीब पुत्र अनीस है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त मुजीब पुत्र अनीस ने बताया कि वो मोहल्ले के ही रहने वाले गुड्डू कुरैशी से स्मैक लाता है और हुलासनंगला पुल के पास आने जाने वाले ट्रक ड्राईवरों को बेच देता है। बताया कि वो स्मैक बेचकर ही अपने परिवार का भरण पोषण करता है। कहा कि वो आज भी स्मैक बेचने की फिराक में खडा था और पकड़ा गया। पुलिस ने अभियुक्त मुजीब के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक सुखपाल सिंह, कां. आशीष कुमार, अंकित नेहरा, योगेन्द्र कुमार और प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

# किसान संगठन का किसान नेता भ्रष्टाचार में संलिप्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। जनपद में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमाएं लांघ रहा है, भ्रष्टाचारी या तो सफ़ेदपोशों के संरक्षण में भ्रष्टाचार कर रहे है या अपनी रौब गाँठने के लिए संगठनों की शरण मे जा रहे है, जिससे कि उच्चाधिकारियों पर वो अपने संगठन का दबाव बनाने के साथ अपनी करतूतों पर पर्दा डाल सके, कही न कही वह इस मकशद में कामयाब ही हो जाते है और शासन प्रशासन पर दवाब बना कर सरकार की मंशा के विपरीत जाकर काली कमाई करने में सफलता हासिल कर लेते है।

इसी प्रकार का एक मामला सामने आया है जन्हा पर जिले से लेकर अन्य प्रांतों तक अपनी ईमानदार छवि व किसानों के हक की लड़ाई लड़ने वाले नेता भारतीय किसान यूनियन राष्ट्र शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी उमाशंकर यादव का नाम आता है लेकिन उनके ही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्वी मनीष त्रिपाठी उस समय चर्चा भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा में आ गए जब जब सोशल मीडिया पर उनकी व विकास खण्ड खैराबाद में तैनात सचिव गीतांजली वर्मा की लेन देन की ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल हो गयी हालांकि अभी तक उस ऑडियो रिकॉर्डिंग की कोई आधिकारिक पुष्टि नही हो सकी है। बताते चले कि किसान संगठन के नेता मनीष त्रिपाठी की माँ रमाकांति ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग की मौजूदा प्रधान है व मनीष त्रिपाठी उनके प्रधान प्रतिनिधि भी बताए जाते है इससे पहले ग्राम पंचाय श्यामा देवी प्रधान थी लेकिन असमय उनकी मृत्यु हो जाने के बाद पुनः चुनाव हुए उसमे मनीष त्रिपाठी की माँ को जनता ने इस विस्वास के साथ चुना की वो ग्राम पंचायत में विकास कार्य करेंगी लेकिन हुआ इसका उल्टा प्रधानपुत्र में सचिव से मिलीभगत कर ग्राम निधि की धनराशि को चुना लगाकर अपना विकास करने लगा, प्रधानपुत्र व सचिव ने सचिव से सांठगांठ कर विकास कार्यो की धनराशि का दुरुपयोग करने के साथ ही साथ जारी आदेशो को ताख पर विकास कार्यो के नाम पर अपने निजी खाते में भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट करने का काम किया है, ऐसे में जनपद में चर्चाए जोरो पर है कि भाकियू (राष्ट्र शक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हमेशा भ्रष्टाचारियो व घोटालेबाजो के खिलाफ जन आंदोलन करते रहते है वही उनके ही संगठन के जब नेता इस तरह के कार्य करते है तो क्या उनके खिलाफ ही कार्यवाही होगी या राष्ट्रीय अध्यक्ष अपनी सालों की बनी ईमानदारी की साख पर बट्टा लगाने का काम करेंगे।

## आरोप हुए सिद्ध तो होगा निष्कासनः राष्ट्रीय अध्यक्ष भाकियू (राष्ट्रशक्ति)

जब उक्त प्रकरण में भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्र शक्ति) संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी उमाशंकर यादव से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल रिकॉर्डिंग मुझे भी मिली है, हालांकि यह उनका व सचिव का निजी मामला है क्योंकि वह प्रधान है और उनकी प्रधानी में किए गए किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार ने संगठन से कोई मतलब नही है और न ही उनको बचाने के लिए संगठन किसी भी उच्चाधिकारी पर कोई दबाव बनाएगा, और अगर उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपो के साक्ष्य मिलते है तो निश्चित तौर पर संगठन से उनका निष्काशन किया जाएगा, संगठन किसी एक व्यक्ति से नही चलता है संगठन अपनी विचार धाराओं पर काम करता है और किसी भी कीमत पर इस तरह के लोगो को बर्दाश्त किया जाएगा जो संगठन की साख पर सवालिया निशान लगाते हो ।

# सम्पूर्णानगर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई ब्राउन शुगर सहित नेपाली अभियुक्त गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सम्पूर्णानगर पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है।




पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर के नेतृत्व में दिनांक 03 फरवरी 2026 को यह कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा 06.05 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर) के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, साथ ही मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल एवं मोबाइल फोन भी बरामद किया गया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बाबुराम खड़का पुत्र दाने खड़का निवासी बुढीगंगा नगर पालिका वार्ड संख्या 07, थाना व जिला बाजुरा, नेपाल राष्ट्र के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से एक पोटली में कुल 06.05 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद की गई। इसके अतिरिक्त एक अदद काले रंग की मोटर साइकिल प्लसर, रजिस्ट्रेशन नंबर रा 4 प 7829 तथा एक रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है।बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना सम्पूर्णानगर पर मु0अ0सं0 15/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि अभियुक्त किसी अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जुड़ा है या नहीं।इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी खजुरिया उप निरीक्षक अनिल सिंह पकंज, उप निरीक्षक अवधेश कुमार रावत, कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार एवं कांस्टेबल टिंकू प्रजापति थाना सम्पूर्णानगर शामिल रहे। वहीं एसएसबी की ओर से निरीक्षक जीडी रामकुमार यादव, एएसआई जीडी गोतमलाल डबगोत्रा, कांस्टेबल जीडी आदित्य वर्मा, कांस्टेबल जीडी राजेश, कांस्टेबल जीडी जरीफ अहमद एवं कांस्टेबल जीडी हेमराज गुर्जर, बी-कंपनी एसएसबी कैम्प बसही, 49वीं बटालियन पीलीभीत की अहम भूमिका रही।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्र में नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# विधायक रोमी साहनी ने पीड़ित परिवार को दी 25 हजार की आर्थिक सहायता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

भीरा खीरी। भीरा क्षेत्र के ग्राम फार्मटांडा में हुई सड़क दुर्घटना में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले छत्रपाल सिंह बंजारा की दर्दनाक मौत के बाद पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। छत्रपाल परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे, जिनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।मृतक के पीछे उनकी पत्नी रेखा, पांच छोटे-छोटे बच्चे और वृद्ध पिता मिलाप सिंह रह गए हैं। अचानक आई इस त्रासदी के बाद परिवार आर्थिक संकट और मानसिक पीड़ा से जूझ रहा है। गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।इस कठिन समय में क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और पत्नी रेखा को ?25,000 (पच्चीस हजार रुपये) की आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि परिवार को तत्काल राहत मिल सके।विधायक रोमी साहनी ने परिवार को भरोसा दिलाया कि वे इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।



उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, परिवार की आवश्यक जरूरतों और भविष्य से जुड़ी हर संभव मदद के लिए वे निरंतर प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पीड़ित परिवार को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए।विधायक के इस सहयोग से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने विधायक के इस मानवीय कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में जनप्रतिनिधि का सहारा मिलना परिवार के लिए संबल का कार्य करता है। विधायक रोमी साहनी की इस पहल से क्षेत्र में जनसेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की एक सशक्त मिसाल सामने आई है।

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए सुगंधी, आदर्शनी और शगुन का हुआ चयन

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिनी स्टेडियम, विनय खण्ड, गोमती नगर, जनपद लखनऊ में एच.सी.एल. फाउंडेशन के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल ट्रायल में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंड्री स्कूल की तीन बैडमिंटन खिलाड़ियों सुगंधी, आदर्शनी और शगुन का चयन हुआ।बताते चले कि एच.सी.एल. फाउंडेशन के बैडमिंटन खेल विशेषज्ञों द्वारा प्रारंभिक ट्रायल दिनांक 27.01.2026 को आर.एम.पी. इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित किया गया था। जिसमें श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंड्री स्कूल की चार बैडमिंटन खिलाड़ियों सुगंधी, आदर्शनी, शगुन और खुशी ने प्रतिभाग किया था। जिनमें से सुगंधी, अदृश्य और शगुन का चयन फाइनल ट्रायल के लिए हुआ। श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंड्री स्कूल की यह तीनों ही राज्य स्तरीय खिलाड़ी हैं और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त कर चुकी हैं तथा विद्यालय के शारीरिक शिक्षक/क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी की देख रेख में बैडमिंटन का प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं।एच.सी.एल. फाउंडेशन के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन आगामी मार्च माह में जनपद लखनऊ में किया जाएगा। विद्यालय की बालिकाओं की इस उपलब्धि पर खेल शिक्षक डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अच्छे प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

## बीडीओ मनीषा धार्वे ने किया पंचायत सचिवालय का निरीक्षण, मांगा जवाब



**मितौली खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला लखीमपुर खीरी के मितौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरझला में निर्माणाधीन पंचायत सचिवालय भवन के कार्यों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए खंड विकास अधिकारी (आईएएस) मनीषा धार्वे ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने और कई स्तरों पर खामियां सामने आने पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया।बीडीओ मनीषा धार्वे ने मौके पर भवन निर्माण की गुणवत्ता, दीवारों और छत के कार्य, प्लास्टर, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण से जुड़े अभिलेखों की भी जांच की, जिसमें कार्य की गति धीमी और निगरानी में लापरवाही के संकेत मिले।निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत सचिवालय शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर पंचायत से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता को गंभीर बताते हुए पंचायत सचिव को तलब किया और कार्य की प्रगति को लेकर स्पष्टीकरण मांगा।बीडीओ ने निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों और तय समयसीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कार्य की नियमित निगरानी और समय–समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।खंड विकास अधिकारी के इस औचक निरीक्षण से विभागीय अमले में हड़कंप मच गया है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि प्रशासन की सख्ती के बाद पंचायत सचिवालय का निर्माण शीघ्र पूरा होगा और उन्हें सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिल सकेगा।

## दुकानों के आगे दीवार बनाने के लिए खोदा गड्ढा, सपा जिलाध्यक्ष ने किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** छावनी क्षेत्र के इमली रोड पर सौंदर्यीकरण और पार्क बनाने की बात कहकर छावनी परिषद ने लगभग 30 दुकानों के आगे गड्ढा खोद दिया और कहा कि दुकानों के आगे दीवार उठेगी, तभी सौंदर्यीकरण का कार्य होगा। इस बात का दुकानदारों ने विरोध किया। दुकानदारों की सूचना पर पहुंचे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने बताया कि दीवार उठाकर दुकानदारों की रोजी–रोटी से खिलवाड़ किया जा रहा हैं। जबकि इन दुकानों की जमीनों का एलॉटमेंट ओसीएफ की तरफ से किया गया था और जब दुकाने बनकर तैयार हो गईं, तो छावनी परिषद द्वारा दुकानों के आगे दीवार खड़ी करवाई जा रही है, जिससे दुकानों पर ग्राहक नहीं पहुंच पाएंगे। इससे दुकानदारों पर उनकी रोजी–रोटी का बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने दुकानदारों की समस्याएं सुनी और कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारियों से मांग की है कि अगर इन दुकानदारों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और रोजी–रोटी छीनी जाएगी, तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी। इस मौके पर ऋषभ दीक्षित, नरेश गुप्ता, राजू, रामकिशोर वर्मा, विसालत खान, अजीम खान, देवेंद्र मिश्रा, सुहेल, सिद्दीक खान, इमरान खान, सुनील मौर्य, धर्मेंद्र कुमार, नितिन कुमार, आरिफ खान, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# मंदिर, पंचायत घर व चकरोड की भूमि पर अवैध कब्जा

❒ हाईकोर्ट के निर्देश पर जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। जिला प्रशासन अवैध कब्जा और भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त है, लेकिन कार्रवाई न होने के कारण अवैध कब्जेदारों के हौसले बुलंद हैं। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। यहां तहसील सदर के परगना कांट क्षेत्र के गांव रामखेड़ा में लोगों ने मंदिर, पंचायत घर और चकरोड की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। इस मामले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है और शाहजहांपुर जिला प्रशासन से विस्तृत आख्या तलब करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।जानकारी के अनुसार, दायर जनहित याचिका (पीआईएल नोटिस संख्या 3427झ2026) पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव (राजस्व), डीएम शाहजहांपुर और एसडीएम सदर को



मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। मुख्य स्थायी अधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट जेएन मौर्य द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार, याचिका में ग्राम रामखेड़ा, परगना कांट, तहसील सदर, जनपद शाहजहांपुर स्थित सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर निजी व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया है। याचिका में मंदिर की भूमि, पंचायत घर की भूमि व चकरोड की भूमि सहित अन्य सरकारी अभिलेखों में दर्ज सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण का उल्लेख किया गया है। फिलहाल, अब देखना है कि जिला प्रशासन जलालाबाद की तरह ही उक्त प्रकरण पर कार्रवाई करेगा अथवा नहीं।

# होटल में युवक की संदिग्ध हालत में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार क्षेत्र के बहादुरगंज स्थित स्वागत होटल में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर एसपी सिटी ने सदर बाजार पुलिस के साथ मौका मुआयना किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड में ऋषिकेश के गंगानगर के गायत्री विला निवासी 47 वर्षीय गौरव सक्सेना की शाहजहांपुर के चैक कोतवाली के मोहल्ला मोहम्मद जई में ससुराल है। गौरव सक्सोना बीती 01 फरवरी को बहादुरगंज स्थित स्वागत होटल पहुंचे और कमरा मांगा। कमरा नंबर 107 दिया गया। सोमवार शाम को उनका एक मित्र मिलने भी आया था। मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे होटल का कर्मचारी नाश्ते के लिए पूछने गया तो कमरे के अंदर गौरव कुर्सी पर बैठे थे और उनकी नाक से खून निकल रहा था। सूचना पर एसपी सिटी ने सदर बाजार पुलिस के साथ मौका मुआयना किया। वहीं, जानकारी मिलने पर गौरव की ससुराल वाले मौके पर आ गए, लेकिन उन्होंने कोई भी बात करने से मना कर दिया। गौरव के परिजन सूचना मिलने पर ऋषिकेश से चल दिए हैं। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कि गौरव की मौत कैसे हुई है। परिजनों से पूछताछ और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रीन्स कॉलोनी चंदौसी में बजा प्रबंधन समिति के चुनाव का बिगुल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

> ❒ चंदौसी ग्रीन्स रेजिडेंट वेलफ़ेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड की वर्तमान महासचिव अर्चना पाठक और अध्यक्ष सबिता माहौर ने बताया की चुनाव संबंधी समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गईं ह

चंदौसी। चंदौसी ग्रीन्स कॉलोनी चंदौसी थाना बनियाठेर में जिलाधिकारी जिला संभल द्वारा रजिस्ट्रार चिट्स एंड फंड्स सोसाइटीज मुरादाबाद आनंद विक्रम सिंह को निर्देशित कर नियमानुसार चंदौसी ग्रीन्स रेजिडेंट्स वेलफ़ेयर सोसाइटी रजिस्ट्रेशन संख्या 319 / एमबीडी /30999/ 2016 के बैनर तले उसकी प्रबंधन समिति का निर्वाचन कराए जाने हेतु निर्देशित किया था जिसके क्रम में रजिस्ट्रार चिट्स एंड फंड सोसायटीज मुरादाबाद ने चंदौसी ग्रीन्स कॉलोनी में 2016 के बाद बनी अन्य अवैध रूप से रजिस्टर्ड सोसाइटीज को रद्द कर दिया और सर्वप्रथम पंजीकृत सोसाइटी चंदौसी ग्रीन्स रेजिडेंट्स वेलफ़ेयर सोसाइटी 2016 रजिस्ट्रेशन संख्या 319 /mbd/ 30999/2016 का नवीनीकरण कर उसे बहाल कर दिया और तहसीलदार सदर संभल धीरेंद्र कुमार सिंह को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करते हुए शीघ्र चंदौसी ग्रीन्स रेजिडेंट वेलफ़ेयर सोसाइटी के प्रबंधन समिति का निर्वाचन संपन्न करने को कहा जिसके क्रम में तहसीलदार सदर संभल निर्वाचन अधिकारी द्वारा चंदौसी ग्रीस कॉलोनी के प्रबंधन समिति हेतु निर्वाचन का शेड्यूल अपने हस्ताक्षर के साथ दिनांक वार जारी करते हुए दिनांक 08/02/2026 को नामांकन/ पत्र भरने /जांच /नाम वापसी तथा प्रत्याशियों की घोषणा का दिन तय हुआ है तथा चुनाव की तारीख 15/ 02 /2026 दिन रविवार को बैलेट पेपर मतपेटिका द्वारा होने पर अपनी अंतिम मोहर लगा दी है।

चंदौसी ग्रीन्स रेजिडेंट वेलफ़ेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड की वर्तमान महासचिव अर्चना पाठक और अध्यक्ष सबिता माहौर ने बताया की चुनाव संबंधी समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गईं है तथा रजिस्ट्रार चिट्स एंड फंड सोसायटी और निर्वाचन अधिकारी द्वारा फाइनल मतदाताओं की सूची जारी करते हुए निर्वाचन की डेट फाइनल कर दी गई है चंदौसी ग्रीन्स कॉलोनी के सभी निवासि इसके लिए पिछले कई वर्षों से प्रयास रत थे और जिलाधिकारी महोदय जिला संभल द्वारा चंदौसी ग्रीन्स कॉलोनी में चल रही परेशानियां और दिक्कतों पर विशेष ध्यान देते हुए तथा वहां के निवासियों के विशेष आग्रह पर कॉलोनी में रोज रोज हो रही कई तरह की दिक्कतों के समाधान के लिए इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश सब रजिस्टार चिट्स एंड फंड्स सोसाइटीज मुरादाबाद को दिए थेचंदौसी ग्रीन्स कॉलोनी में निवास कर रहे सभी निवासियों ने इस कार्य को पूरा किए जाने के लिए जिलाधिकारी महोदय को हार्दिक धन्यवाद दिया सभी अपने सोसायटी में 15/2/2026 को होने वाले चुनाव का इंतजार कर रहे हैं चंदौसी ग्रीन्स रेजिडेंट वेलफ़ेयर सोसाइटी के वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती सविता माहौर और वर्तमान महासचिव अर्चना पाठक ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा तथा रजिस्ट्रार चिट्स एंड फंड सोसायटी द्वारा यह निर्देश जारी किए गए हैं कि नई चयनित प्रबंधन समिति ही चंदौसी ग्रीन्स कॉलोनी के रखरखाव, मेंटेनेंस, सिक्योरिटी आदि के संबंध में निर्वाचन के बाद से करेगी और कॉलोनी की सभी व्यवस्थाएं देखेगी।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह का सम्भल भ्रमण कार्यक्रम आज

सम्भल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता। 4 फरवरी 2026 को सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अवनी सिंह का जनपद सम्भल भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह की अध्यक्षता में जनपद सम्भल में महिला उत्पीड़न की रोकथाम,एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा एवं जनसुनवाई 4 फरवरी 2026 को पूर्वाहन 11 पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस सम्भल में प्रस्तावित है । सदस्य द्वारा चिकित्सालय, विद्यालय ,बालिका/ महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि का निरीक्षण किया जाना भी प्रस्तावित है।

## सैकड़ों मरीज निशुल्क थेरेपी से हुए पूर्ण स्वस्थ: सर्वेश तिवारी

बदायूँ। आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच सेराजेम स्वास्थ्य केंद्र आमजन के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। यहां अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही है। सेराजेम के प्रबंध निदेशक सर्वेश तिवारी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सर्वेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सेराजेम में ऐसी आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनके माध्यम से ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, बॉडी फैट, मसल मास, हड्डियों की स्थिति सहित शरीर से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की जाती हैं। इन जांचों के आधार पर व्यक्ति अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य को लेकर सही निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसका परिणाम गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आता है। सेराजेम में की जाने वाली नियमित जांच से बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव है, जिससे समय रहते उपचार किया जा सके। प्रबंध निदेशक ने आमजन से अपील की कि वे सेराजेम पहुंचकर इन निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सेराजेम भविष्य में और अधिक स्वास्थ्य सेवाएं जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन की जिला कार्यकारिणी का चयन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन की जिला कार्यकारिणी का चयन जनपद बदायूं में पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा की जिला कार्यकारिणी का चयन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह चुनाव ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष विशाल पटेल की अध्यक्षता में पंचायत भवन कार्यालय आरिफपुर नवादा पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मण ग्वाल जी एडीओ पंचायत, अवधेश कुमार जिला महामंत्री, जीपीए संघ, रीना पाठक जिला उपाध्यक्ष,जीपीए संघ, नदीम हुसैन जिला कोषाध्यक्ष, जीपीए संघ एवं धर्मेंद्र शाक्य ग्राम पंचायत अधिकारी) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश के नव चयनित प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार प्रजापति, प्रदेश संगठन मंत्री सतेन्द्र, प्रदेश मंडल प्रभारी बाबू कश्यप जी तथा बरेली मंडल प्रभारी शिवम तिवारी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान वर्तमान जिला कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा जिला अध्यक्ष के रूप में कार्यरत ज्ञानेंद्र प्रजापति द्वारा की गई। इसके पश्चात जनपद कार्यकारिणी के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई। सभी पदों पर एक-एक नाम सामने आने पर चुनाव अधिकारी एवं मुख्य अतिथि विशाल पटेल द्वारा नव चयनित जिला कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की गई।

नव चयनित जिला कार्यकारिणी में गौरव आजाद को जिला अध्यक्ष, पूनम को जिला महिला उपाध्यक्ष, सुनील कुमार को जिला उपाध्यक्ष, बहार आलम को महामंत्री, राम खिलौना को कोषाध्यक्ष, चौधरी रंजीत सिंह को मीडिया प्रभारी, आर्येंद्र यादव को सचिव, भारत सिंह को उप सचिव तथा मोहम्मद रहीम को आईटी सेल प्रमुख चुना गया। साथ ही मुजम्मिल अंसारी को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर जनपद के सभी ब्लॉकों से बड़ी संख्या में पंचायत सहायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राहुल ब्लॉक अध्यक्ष सहसवान, सुषमा पाल ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज सहित राज वर्मा, निखिल, शुभम, कृष्णा, यशपाल, सीमा, साक्षी पटेल, नेहा शाक्य, भोजराज, रागिनी, रेखा यादव, रीना, यशोदा रानी, लालजीत, संजीव, विजय पाल, संजू कुमार, सुधांशु, सतेंद्र, अनमोल आदि ने सहभागिता की।

# डीएम ने प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

> ❒ सरकार की योजनाओं का लाभ केवल फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को ही मिल पायेगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर से फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद रायबरेली में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के कुल लाभार्थियों की संख्या 543325 कृषको की फार्मर रजिस्ट्री की जानी थी, जिसमें 62534 कृषक विभिन्न कारणों से अपात्र पाए गए, इस प्रकार फार्मर रजिस्ट्री कराने का लक्ष्य 480791 सापेक्ष अभी तक 313379 कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री बनायी जा चुकी है जो लक्ष्य का 65.18 प्रतिशत है। अवशेष बचे 167412 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु प्रचार-वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर समस्त विकास खण्डों हेतु रवाना किया किया गया है जो समस्त विकास खण्डों में 10 दिन तक प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा। उप निदेशक कृषि विनोद कुमार ने बताया कि जनपद में यह प्रयास किया जा रहा है कि समस्त पात्र कृषक जिनकी फार्मर रजिस्ट्री नहीं हुई है, वह सामने आये और उनकी फार्मर रजिस्ट्री बन जाये।

सरकार की किसानों के लिये संचालित समस्त योजनाओं का संचालन फार्मर रजिस्ट्री के डाटा से ऑनलाइन होना है, सरकार की योजनाओं का लाभ केवल फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को ही मिल पायेगा। खरीफ 2026 से अनुदानित उर्वरक भी इस डाटा के अनुसार उपलब्ध होगा। किसान क्रेडिट कार्ड, आपदा की स्थितियों में क्षतिपूर्ति का आकलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद एवं फसल बीमा की क्षतिपूर्ति भी फारमर्स रजिस्ट्री के डाटा से बिना सत्यापन शीघ्रता से किया जायेगा।

# जूनियर ने सीनियर को दी बोझिल मन से विदाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। ब्लूमिंगडेल स्कूल दातागंज में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमे कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं को बोझिल मन से विदाई के साथ शुभकामनाएँ देकर एक दूसरे के साथ बिताये पलों को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ से हुई जिसमे स्कूली अध्यापक अध्यापिकाओं के साथ स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आहुतियाँ लगाई। विद्यालय की अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यवस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता तथा श्वेता मेहंदीरत्ता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप जलाकर पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य, विभाग प्रमुख कीर्ति शर्मा, मीनाक्षी यादव तथा रसायन विज्ञान प्रवक्ता दुर्गेश झा ने अतिथियो का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने विदाई समारोह पर आधारित शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी नाटक के प्रदर्शन को भी सभी ने तहेदिल से प्रशंसा की। इसके अलावा टेलेन्ट शो एवं समूह नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। स्कूली प्रतियोगिता के दौरान कक्षा-12 के छात्र वैभव विक्रम सिंह को मिस्टर फ़ेयरवेल तथा छात्रा सौन्दर्या ठाकुर को मिस फ़ेयरवेल 2026 चुना गया। साथ ही सर्वोत्तम परिधान का खिताब प्रियांशु कुमार और बुशरा खान को दिया गया। विद्यालय परिवार की ओर से कक्षा-12 के छात्र/छात्राओं को उपहार वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा आज के ही बच्चे कल के उज्जवल भारत का भविष्य हैं। हमें विश्वास है कि ये विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करके देश को विकसित बनाने के परिकल्पना को साकार करेंगे।

अंत में प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य ने सभी अथितियों का आभार व्यक्त किया। संचालन अध्यापिका ऋचा सिंह की देखरेख में कक्षा-11 के छात्र विमर्श श्रोत्रिय एवं छात्रा रिद्धिमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रही।

## वैशाली फिल्म्स की तरफ से आमिर सुल्तानी सम्मानित

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वैशाली फिल्म्स की तरफ से हुए रोहिलखंड महोत्सव 2026 में अरुण बख्शी फिल्म अभिनेता और शहर विधायक महेश गुप्ता द्वारा उस्ताद तालिब सुल्तानी साहब को उनके मरणोपरांत संगीत की सेवाओं के लिए उनके बेटे आमिर सुल्तानी को सम्मानित किया, यह सम्मान उनकी संगीत सेवाओं के लिए दिया गया है, उस्ताद तालिब सुल्तानी देश के अग्रिम कलाकारों में से थे उन्होंने बदायूं का नाम पूरे देश में रोशन किया और बदायूं और बदायूं के असल संगीत को जिंदा रखने के लिए हमेशा प्रयास रह रहे उनके जाने के बाद उनके परिवार इस विरासत को आगे बढ़ा रहा है, इस सम्मान के बाद आमिर सुल्तानी ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए एक जिम्मेदारी है कि मैं और हमारा परिवार और हमारे साथी संगीत की परंपरा को आगे बढ़ेये और देश के असल संगीत को हमेशा जिंदा रखें सम्मान देने के लिए वैशाली फिल्म और उनके सभी साथियों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

## एसएसपी कार्यालय के सामने सिटी पार्क बनने की जगी उम्मीद

**बदायू, कैनविज टाइम्स संवाददातां।** शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण, हरियाली, मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रस्तावित सिटी पार्क योजना को लेकर प्रयास तेज हो गए हैं। एसएसपी कार्यालय के सामने लंबे समय से खाली पड़ी भूमि पर सिटी पार्क बनाए जाने के लिए डीएम ने दोबारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रशासन को इस बार प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की पूरी उम्मीद है। शहर में बीते वर्ष भी इसी भूमि पर सिटी पार्क निर्माण के लिए डीएम स्तर से प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था, लेकिन उस समय किसी कारणवश स्वीकृति नहीं मिल सकी थी। इसके चलते यह महत्वाकांक्षी योजना ठंडे बस्ते में चली गई थी। अब एक बार फिर सभी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए नया प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सिटी पार्क बनने से शहर के लोगों को सुबह-शाम टहलने, योग और व्यायाम करने के साथ-साथ बच्चों के खेलने के लिए एक सुरक्षित और सुंदर स्थान मिलेगा। इसके अलावा बुजुर्गों के लिए भी यह पार्क सुकून और सामाजिक मेलजोल का केंद्र बनेगा। प्रस्तावित सिटी पार्क में हरियाली, बैठने की व्यवस्था, बच्चों के झूले, पाथवे और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित किए जाने की योजना है। इससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। शहर में जेल की जो खाली जगह पड़ी है। वहां पर पार्क बनाने के लिए शासन को गत वर्ष पत्राचार किया था। तब मंजूरी नहीं मिल सकी। अब दोबारा प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

## आशाकर्मियों की हड़ताल का 50वां दिन, धरना जारी

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर 15 दिसंबर से जारी आशाकर्मियों की हड़ताल का 50वां दिन पूरा हो गया। बदायूँ के मालवीय मैदान में आशा कर्मियों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि 9 फरवरी को राजधानी लखनऊ में ऐतिहासिक जमाव होगा। धरने में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने समर्थन दिया, वहीं सचिव मुनीषा ने भी अपने विचार रखे।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत रैली व गोष्ठी

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचसी वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम रोटा प्राथमिक विद्यालय में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया गया। पीएमडब्ल्यू विमल वार्ष्णेय के नेतृत्व में रैली निकालकर गोष्ठी आयोजित की गई। बच्चों को कुष्ठ रोग के लक्षणों व भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। यह अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा।

## जसमांह में छुट्टा गोवंशों का आतंक, किसान परेशान

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दातागंज: उसावां क्षेत्र के जसमांह में छुट्टा गोवंशों का आतंक बढ़ गया है। इन पशुओं ने ग्रामीणों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है और एक ग्रामीण पर हमला भी किया है। ग्रामीणों के अनुसार, छुट्टा गोवंश रात के समय खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर रहे हैं। इसी क्रम में, जश्मा गांव निवासी जयपाल पर रात में अपनी फसल देखने खेत में जाने के दौरान एक छुट्टा गोवंशों ने हमला कर दिया। जयपाल किसी तरह अपनी जान बचाकर घर लौटे ।ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में फसलें बर्बाद करने के बाद ये पशु गांव में भी घूमते हैं, जिससे छोटे बच्चों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। इस स्थिति से ग्रामीण बेहद परेशान हैं ।इस मामले में सभी ग्रामीणों ने एकजुट होकर ग्राम प्रधान करण सिंह को सूचना दी। प्रधान करण सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे छुट्टा गोवंशों को पकड़वाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते संबंधित अधिकारी उनका सहयोग करें। इस दौरान प्रमोद कुमार यादव, जयपाल, महिपाल, चंद्रपाल, हरिश्चंद्र सहित कई अन्य ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

## डॉ. त्रिवेन्द्र सिंह को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता सम्मान

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अयोध्या प्रसाद मेमोरियल डिग्री कालेज उझानी के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. त्रिवेन्द्र सिंह को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार से सम्मानित किया। सोशल रिसर्च फाउंडेशन कानपुर ने एपीएम पीजी कॉलेज उझानी के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. त्रिवेन्द्र सिंह को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें भारतीय महिलाओं की राजनीतिक व सामाजिक भूमिका पर किए गए शोध कार्यों के लिए दिया गया। इस अवसर पर देशभर के 16 अन्य शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

## डाइट प्रशिक्षण केंद्र में आईसीटी व स्मार्ट क्लास प्रशिक्षण

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डाइट प्रशिक्षण केंद्र बदायूँ में समग्र शिक्षा अभियान के तहत दो दिवसीय आईसीटी लैब व स्मार्ट क्लास प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा नामित एजेंसी एडिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के जिला समन्वयक संकेत उपाध्याय की टीम के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। डे-2 पर मास्टर ट्रेनर भानु प्रताप तिवारी एवं राजीव भटनागर ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

## एक दिवसीय प्रांतीय अवलोकन कार्यक्रम संपन्न

**बदायूं,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मीरा चौकी स्थित विद्या भारती विद्यालय श्रीराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का आज प्रांतीय योजना अनुसार एक दिवसीय अवलोकन समय दानी कार्यकर्ताओं ने किया। विद्यालय का अवलोकन कार्यक्रम प्रात: काल वंदना सत्र से शुरू हुआ। प्रांतीय समय दानी कार्यकर्ता अमृतपाल सिंह एवं गुरचरण मिश्रा ने शिक्षण व्यवस्था, आर्थिक पक्ष नियोजन क्रियान्वयन ,सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता ,संस्कार केंद्र एवं विविध समूह की बैठक के आधार पर विद्यालय का अवलोकन किया।अवलोकन समिति के सदस्य अमृतपाल सिंह ने कहा- विद्या भारती के विद्यालय भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के साथ- साथ शारीरिक मानसिक नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षण पद्धति के अनुसार शिक्षा प्रदान कर रहे है। विद्या भारती विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में समाज में उच्च स्थान पर कार्य कर रहे हैं। आगंतुक अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद गंगवार ने कराया वरिष्ठ आचार्य कमलेश कुमार ने धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख राज कुमार सिंह सेंगर, अनुज पटेल, हिमांशु उपाध्याय, प्रवेश मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, अशोक कुमार सहित समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

# ट्रैक पर वाहन दौड़ाने के बाद ही बनेगा डीएल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। अब बिना वाहन चलाए ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) नहीं बन सकेगा। ट्रैक पर ढंग से वाहन चलाने वाले को ही एआरटीओ लाइसेंस जारी करेंगे। जनवरी में करीब 50 ऐसे आवेदक सामने आए हैं जो वाहन चलाना ही नहीं जानते थे और आवेदन कर दिया था।

ऐसे आवेदकों के आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। बता दें कि इससे पहले एक महीने में 22 सौ से 25 तक लाइंसेस कार्यालय से जारी किए जाते थे। एक महीना पहले तक वाहनों का स्टेरिंग पकड़े बिना ही लाइसेंस जारी कर दिए जा रहे थे। इससे जिले में हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही थी। सड़क हादसों के मामले में जिले का प्रदेश में 18वां स्थान है। सबसे अधिक हादसे और मौतें जिले में अनाड़ी चालकों की वजह से सामने आई हैं। इसको लेकर शासन ने सख्ती की, तो प्रशासन से लेकर परिवहन विभाग हरकत में आ गया। एआरटीओ हरिओम ने बताया कि हादसों को रोकने में सबसे कारगर यही साबित होगा। जब वाहन चलाना जानते होंगे तो हादसे की आशंका कम रहेगी। इसको देखते हुए सख्ती की जा रही है।

वाहन न चला पाने पर लाइसेंस किसी कीमत पर जारी नहीं किया जाएगा। ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर चालक की दक्षता जांच के लिए आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को ट्रैक पर गाड़ी चलाकर दिखाना पड़ेगा। इसके बाद ही उनका लाइसेंस जारी किया जाएगा। वाहन को दाएं बाएं करने के अलावा स्पीड एवं अन्य उपकरणों को आपरेट करने में अभ्यर्थी कितने दक्ष हैं, इसकी जांच ट्रैक पर हो जाएगी। ट्रैक पर वाहन चलाकर दक्षता परखी जाएगी। वाहन चालक को नियमित रूप से टेस्ट देना होगा। इसके लिए ट्रैक संचालक को शासनादेश के हिसाब से शुल्क भी देना होगा। अब तक ट्रैक के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ रहा था। लाइसेंस बनवाने के लिए अब आवेदक को ठेका देकर बनवा लेना आसान नहीं होगा।

इसके लिए एआरटीओ के सामने दुकानें खोले बैठे दलालों में भी बेचैनी देखने को मिल रही है। डीएल बनवाने के लिए काफी संख्या में आवेदक आ रहे हैं। वाहन न चला पाने वाले आवेदकों को वाहन सीखने के लिए ट्रेनिंग लेने को कहा जा रहा है। जब तक वाहन चलाना नहीं आता तब तक लाइसेंस जारी नहीं किया जा सकता। लाइसेंस कुशल चालकों के ही बनाए जा रहे हैं।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल। जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 3.2.2026 को ग्राम आटा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कस्तूरबा बालिका विद्यालय सरथल खेड़ा, विनोबा भावे विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार, पूर्वी व संतराम, ब्रजेश व रितेश ने छात्राओं व लेग राइज, फ्रंट किक, फ्रंट जंप किक, साइड किक, साइड ब्लॉक्स व पंच आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं सेल्फ डिफेंस सीखने के लिए काफी उत्साहित हैं, तथा रोजाना अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो रही हैं आत्मरक्षा के प्रशिक्षण से छात्राओं ने बताया कि अब वो खुद को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत महसूस कर रही हैं।जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके

# महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को महापौर सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में नगर निगम एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चरनजीत गांधी जी, नगर आयुक्त गौरव कुमार , कार्यकारिणी सदस्यगण, समस्त पार्षद, अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी तथा नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में सबसे पहले माननीय सदन एवं कार्यकारिणी बैठकों में पार्षदों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा की गई। जल निगम से जुड़े कार्यों, सीवर समस्याओं एवं जलकल विभाग से संबंधित विषयों पर विस्तार से विचार हुआ। साथ ही शहर में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा की गई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने जल निगम के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर समीन अख्तर को निर्देश दिए कि शहर में जल निगम द्वारा संचालित सभी प्रोजेक्ट्स का विस्तृत विवरण नगर निगम को उपलब्ध कराया जाए, ताकि बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया जा सके। इसके साथ ही यह रिपोर्ट भी मांगी गई कि सीवर व पाइपलाइन डालने के लिए कितनी सड़कों को खोदा गया और कितनी सड़कों का पुनर्निर्माण किया गया है। महापौर जी ने पतली गलियों में प्रत्येक घर के सामने बनाए गए सीवर चैंबरों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार दो से तीन घरों के बीच एक चैंबर होना चाहिए, जबकि कई क्षेत्रों में हर मकान के सामने चैंबर बनाए गए हैं। जोन-5 के कुछ मोहल्लों में 40 मकानों पर 40 से अधिक चैंबर पाए गए हैं, जो अव्यवस्था का संकेत है।

इसी प्रकार की स्थिति इंदिरा नगर और जानकीपुरम क्षेत्रों में भी देखी गई है। इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने नगर आयुक्त, जीएम जलकल एवं एसई जल निगम को आपसी समन्वय के साथ नगर निगम क्षेत्र में चल रहे जल निगम के कार्यों की समीक्षा कर सभी प्रोजेक्ट्स को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम द्वारा कार्यों की समीक्षा कर संतोषजनक पाए जाने के बाद ही हैंडओवर लिया जाए।

# 60 वर्ष की आयु पर मिलेगी तीन हजार रुपये मासिक पेंशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मुरादाबाद। उप श्रमायुक्त श्री दीप्तिमान भट्ट ने बताया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और लघु व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति विशेष पंजीयन अभियान शुरु किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना (PM-SYM) प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना (NPS-Traders) के पात्र श्रमिकों एवं व्यापारियों का पंजीयन कराया जाएगा। यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा, जसके तहत शहरी क्षेत्रों में 15 जनवरी से 15 फरवरी, 2026 तक और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 फरवरी से 15 मार्च तक पंजीयन किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के अन्तर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक पात्र होगें जिनकी मासिक आय रुपये 15000/- या उससे कम है और जो आयकरदाता या ई0पी0एफ0. ई0एस0आई0 अथवा एनपीएस के सदस्य नहीं है। इसके अन्तर्गत रिक्शा चालक, फ़ेरीवाले, घरेलू कामगार, मिड-डे-मील, ईट भट्ठा मजदूर, निर्माण श्रमिक, मनरेगा श्रमिक, खेतिहर मजदूर, हथकरघा, बीड़ी, चमड़ा उद्योग से जुडे कामगार, आंगनवाडी कार्यकत्री, आशा सहित अन्य असंगठित कर्मकार शामिल है। प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के अन्तर्गत 18 से 40 आयु वर्ग के 1.5 करोड से कम वार्षिक टर्नओवर वाले लघु व्यापारी शामिल हो सकते है। इसके अन्तर्गत स्वयं नियोजित लघु व्यापारी जैसे दुकान मालिक, खुदरा व्यापारी, मिल मालिक, वर्कशाप संचालक, कमीशन एजेन्ट, छोटे होटल रेस्तरा मालिक, रियल एस्टेट एजेन्ट आदि शामिल है। दोनों योजनाओं में पंजीकरण हेतु आयु वर्ग के अनुसार 55 से 200 रुपये तक का मासिक अशदान करने पर 60 वर्ष की आयु के बाद 3000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी जबकि मृत्यु की स्थिति में पति या पत्नी को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन का प्रावधान है।

# गोण्डा में पुलिस पर गंभीर आरोप, नाबालिग को तीन दिन तक लॉकअप में रखा कैद

❒ पीड़िता के बेटे ने पुलिस पर फर्जी मामले मे गुंडा एक्ट लगाकर एनकाउंटर करने की धमकी देने का आरोप भी लगाया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र की पुलिस पर एक पीड़िता ने दबंगई का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्या य की गुहार लगाई है। जबकि पीड़िता के बेटे ने पुलिस पर फर्जी मामले मे गुंडा एक्ट लगाकर एनकाउंटर करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। यहाँ के आवास विकास कालोनी की रहने वाली अर्चिता पाण्डेय ने अपने प्रार्थना पत्र मे दर्शाया है की विपक्षी ने उसके बेटे अर्पित पाण्डेय को फोन करके भाई के जन्मदिन की पार्टी के लिए बड़गाँव बुलाया।वहां पहुँचने के बाद नसीम अंसारी,विक्की पाठक,सत्यम मिश्रा व प्रियांशु पंडित आदि लोगों ने कहा कि हमे खाने की नही बल्कि



दारु पीने की पार्टी चाहिए, जिस पर बेटे ने कहा की मै दारु नही पीता अग र आप लोगों को पीना है तो जाके लें आईये पैसे मै दे देता हूँ,इतना कहने के बाद बेटे ने पांच सौ रुपये ऑनलाइन करने के लिए अपना मोबा इल विपक्षीगण को दे दिया, मोबाइल लेने के बाद विपक्षीगण मोटर साइकल से चले गए, और बेटा वहीं पर इंतजार करने लगा।

इस दौरान जब एक घंटे तक उक्त लोग नही आये, तो बेटे द्वारा बड़गाँव पुलिस चौकी पर पहुंचकर मोबाइल चोरी का प्रार्थना पत्र दिया गया। 28 जनवरी को शाम 6 बजे दो सिपाहियों द्वारा बेटे को थाने लाया गया, थाने पहुँचने पर पता चला कि विपक्षीगणों ने बेटे के खिलाफ बाईक चोरी की तहरीर दिया गया है।इस दौरान विपक्षीगणों ने पुलिस के सामने ही पुत्र को भद्दी-भद्दी गालि यां देते हुए बोले कि बताओ मोटर साईकल कहाँ है, बेटे ने जब कहा कि मुझे इसके बारे मे कुछ भी नही मालूम है। जिसे सुनकर पुलिस वालों ने कहा कि अगर तुम जानकारी नही दोगे, तो तुम्हे फर्जी मुक़द्दमे मे फंसा कर जेल भेज देंगे।पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान बेटे को थाने पर बिठाकर मुझे घर भेज दिया गया। वहीं मामले को लेकर 16 वर्षीय नाबालिक अर्पित पाण्डेय ने जो पुलिस पर आरोप लगाए हैं उसे सुनकर आपके भी होश उड़ जायेंगे, अर्पित पाण्डेय का आरोप है कि उसे पहले पुलिस चौकी के दीवान ने माँ बहन कि भद्दी भद्दी गालियां दी है। उसके बाद नगर कोतवाली पुलिस ने उसे 28 जनवरी से लेकर 30 जनवरी तक लाकअप के पीछे सलाखों मे कैद रखा, अर्पित पांडेय का ये भी आरोप है कि थाने की पुलिस ने न केवल उसका भारी शोषण किया है, बल्कि उनके द्वारा फर्जी मामले मे फंसाकर गुंडा एक्ट लगाने की धमकी भी दी गई, और तो और उसने बताया कि कोतवाली पुलिस उसे पूंछताछ के लिए मछली गाँव ले गई जहाँ सुनसान जगह पर उसे धमकी देते हुए कहा कि सही बता दो वरना एनकाउंटर कर देंगे।पीड़ित का कहना है कि कोतवाली से लें जाते समय उसकी माँ ने पुलिस के गाड़ी का वीडियो बना लिया था,जिसे अधिकारियों को ट्वीट करने के बाद ऐसा नही कर पाए,और 151 के तहत एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उसका चालान किया गया है।पीड़ित नाबालिक अर्पित पाण्डेय का कहना है कि पुलिस द्वारा उसके ऊपर फर्जी केस लगाकर उसके जीवन को बर्बाद करने कि धमकी दी गई है। जिसे लेकर डरी सहमी पीड़ित की माँ ने पूरे मामले से एसपी विनीत जायसवाल को अवगत कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

# आकांक्षा समिति की पहल से बच्चों के चेहरों पर दिखी खुशी और आत्मविश्वास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । मण्डलीय आकांक्षा समिति देवीपाटन मण्डल के तत्वावधान में मंगलवार को गोण्डा स्थित बाल देख-रेख संस्थान बालगृह बालिका/शिशु गृह, पंतनगर में बच्चों के सर्वांगीण कल्या ण को ध्यान में रखते हुए एक बहुआयामी सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग, गोण्डा के संयुक्त सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर संस्थान में निवासरत बालिका ओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। दृष्टि संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद बच्चों को च श्मों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें पढ़ाई एवं दैनिक गतिविधियों में सुविधा मिल सके।कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। साथ ही ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को ऊनी वस्त्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। बच्चों के लिए नाश्ता एवं अल्पाहार की भी समुचित व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक आत्मीय,उत्साहपूर्ण एवं बच्चों के अनुकूल बना रहा।कार्यक्रम में मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण और उनके साथ आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने बच्चों से सीधा संवाद किया, उनका उत्साहवर्धन कि या तथा इस पहल को समाज और प्रशासन के समन्वित प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।इस अवसर पर आयुक्त एवं मण्डलीय आकांक्षा समिति की




अध्यक्षा द्वारा स्वयं अपने हाथों से बच्चों को ऊनी वस्त्र, चश्मा, नाश्ता/अल्पाहार तथा सेनेटरी नैपकिन आदि वितरित किए गए, जिससे बच्चों में विशेष प्रसन्नता देखी गई। आ कांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण ने कहा कि बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित क रना समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं संवेदनशील देखभाल के माध्यम से ही बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य प्रदान किया जा सकता है।कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से झलक रहा था।संस्था न के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आकांक्षा समिति, जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को बच्चों के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# मामी को हुआ भांजे से प्यार, भांजा मामी को लेकर हुआ फरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में भांजे को मामी से प्यार हुआ तो एक 19 साल का भांजा अपनी तीस साल की मामी को लेकर फरार हो गया। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद, दोनों ने एक-दूसरे के साथ रहने की सहमति ज ताई और थाने में लिखापढ़ी के बाद साथ चले गए। घटना परना बगुलहा पंचायत के मजरा परना गांव की है।

ग्रामीण दद्दन तिवारी ने बताया कि रविवार रात मनीषा ने अपने प्रेमी विनीत दीक्षित को घर बुलाया था, जहां वे पूरी रात साथ रहे। सोमवार देर शाम मनीषा की मां बुनिया देवी जब कपड़े लेने घर में घुसीं,तो उन्होंने विनी त को अलमारी के पास छिपा हुआ देखा, बुनि या देवी के शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। लोगों ने दोनों को समझाने का काफी प्रया स किया, लेकिन वे अलग रहने को राजी नहीं हुए।इसके बाद मंगलवार को दोनों



इटियाथोक थाने पहुंचे।थाने में दोनों ने एक-दूसरे के साथ जाने की सहमति पर लिखापढ़ी की। मनीषा के पति के अनुसार, उन्होंने 2017 में चंडीगढ़ की मनीषा से गोंडा में प्रेम विवाह किया था।उनके दो बेटे हैं।पति ने बताया कि मनीषा का गांव के ही रिश्ते में लगने वाले भांजे विनीत दीक्षित से पिछले चार महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों चोरी-छिपे मिलते थे। करीब दो महीने पहले मनीषा ने विनीत के साथ जाने के लिए घर में फांसी लगाने का भी प्रयास किया था। अंततः विनीत मनीषा को अपने साथ ले गया और दोनों बच्चों को पति के पास छोड़ गया।बताया जाता है कि विनीत की शादी तय थी, लेकिन मनीषा के प्रेम प्रसंग में फंसकर उसने शादी करने से इनकार कर दिया था। मनीषा ने अपने प्रेमी के साथ जाने के लिए एक पत्र भी लिखा है। पत्र में लिखा है- मैं मनीषा तिवारी, पत्नि ददन तिवारी, गांव परना, जिला गोडा कि थाना इदियादीक में रहती हूं। मेरी शादी 2017 में दहन तिवारी से हुई थी और मेरे दो लड़के भी हैं।मैं मनीषा तिवारी, विनीत उर्फ वरुण दिक्षित से प्रेम करती हूं।उसके साथ हमेशा के लिए रह ना चाहती हूं। हम दोनो पति-पत्नी बनकर एक दूसरे के साथ रहना चाहते है।मेरे पति ददन ति वारी से अब मेरा कोई रिश्ता नहीं है।नाहि दोनो बच्चों से कोई रिश्ता है, अपनी मर्जी से विनीत के साथ जा रही हूँ। ददन तिवारी कि किसी भी जमीन, जायदाद से मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

# खुले में छोड़ी गई गाय का बच्ची पर हमला, नगर निगम ने पशुपालकों के खिलाफ एफआईआर के लिए दी तहरीर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। शहर में खुले में छोड़े गए पशुओं की समस्या एक बार फिर गंभीर रूप में सामने आई है। मंगलवार को चौपटिया क्षेत्र में एक गाय द्वारा बच्ची पर अचानक हमला किए जाने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद नगर निगम लखनऊ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर निगम ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपी पशुपालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।यह घटना चौपटिया क्षेत्र में कूड़ा घर के पास, थाना सहादतगंज क्षेत्र अंतर्गत हुई, जहां एक खुले में छोड़ी गई गाय ने सड़क पर मौजूद एक बच्ची पर हमला कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम के पशु कल्याण



विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण एवं कार्रवाई की। जांच के दौरान नगर निगम की टीम ने मौके से कुल 5 गाय और 1 बछिया को पकड़कर ऐशबाग स्थित कांजी हाउस में सुरक्षित रूप से संरक्षित कराया। इस कार्रवाई में नगर निगम के प्रवर्तन दल के साथ जोन-6 के प्रभारी पशु कल्याण अधिकारी श्री अवधेश कुमार, प्रभारी रामकुमार तथा कैटल कैचिंग दस्ते की टीम मौजूद रही।

मौके पर की गई जांच और पड़ताल में हमलावर गायों के स्वामियों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि उक्त गायें मोहम्मद मुन्ना, मोहम्मद राजू और मोहम्मद छोटे भैया की थीं, जिन्होंने अपने मवेशियों को खुले में छोड़ रखा था। नगर निगम के अनुसार, इन्हीं पशुओं के कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि विभागीय जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि संबंधित पशुपालकों द्वारा अपने पशुओं को लापरवाही पूर्वक खुले में छोड़ा गया था। सार्वजनिक स्थानों पर खुले में छोड़े गए पशुओं द्वारा लोगों को घायल करना पब्लिक न्यूसेन्स की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही यह पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 का उल्लंघन भी है। बिना लाइसेंस पशुपालन करना भी कानूनन अपराध है।नगर निगम द्वारा तैयार की गई जांच रिपोर्ट के आधार पर तीनों पशुपालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की संस्तुति की गई है। नगर निगम ने थाना सहादतगंज के थानाध्यक्ष को तहरीर सौंपकर संबंधित पशुपालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में पालतू पशुओं को खुले में छोड़ना गंभीर अपराध है। इससे न केवल आमजन की सुरक्षा को खतरा होता है, बल्कि यातायात व्यवस्था और स्वच्छता भी प्रभावित होती है। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी यदि कोई पशुपालक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ता पाया गया, तो उसके विरुद्ध इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गन्ना छीलने जा रही महिला की नाले में डूबकर हुई मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक 59 वर्षीय महिला की नाले में डूबने से मौत हो गई। तुलसीपुर माझा के मजरे फार्म नंबर एक निवा सी आशा देवी गन्ना छीलने जा रही थीं, तभी जरही नाले को पार करते समय उनका पैर फि सल गया और वह गहरे पानी में गिर वहां से गु जर रहे लोगों ने उन्हें पानी में देखा और इसकी सूचना दी। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने आशा देवी को नाले से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दियामृतका आशा देवी के चार बेटे और चार बेटियां हैं। इनमें से तीन बेटे और तीन बेटियां विवाहित हैं,उनके बड़े बेटे अरुण मजदूरी करते हैं जबकि विक्रांत दिल्ली में और अखिलेश दुबई में काम करते हैं। सत्येंद्र घर पर रहते हैं। गांव में मृतका की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।ग्रामीणों का कहना है कि गांव के एक झोला छाप डॉक्टर ने मृतका के पति को शराब पिला कर और अन्य प्रलोभन देकर उनकी सारी जमी न अपने नाम लिखवा ली थी।इसी बात को ले कर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता र हता था।मंगलवार को भी आशा देवी ने बैनामा की गई जमीन वापस लेने की बात कही थी,जि स पर पति-पत्नी में विवाद हुआ था।मृतका के बेटे सत्येंद्र ने भी विवाद होने की बात बताई है। हालांकि,पति तिलकराम भारती ने नवाबगंज थाने में लिखित शिकायत दी है कि उनकी प त्नी की मौत डूबने से हुई है, जिसमें उन्होंने वि वाद का कोई जिक्र नहीं किया। नवाबगंज थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी है।वही नवा बगंज थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भी दिया गया है।जांच में जो भी निका ल कर आएगा उसके आधार पर नवाबगंज था ने की पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जाए गी।

# तहसील व जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा मेगा, वृहद सहायता एवं सेवा शिविर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि मा. कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 06 से 13 फरवरी 2026 तक तहसील मुख्यालयों तथा 22 फरवरी 2026 को उत्थान आडिटोरियम बहराइच में जनपद स्तरीय मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सीडीओ श्रीचन्द्र ने बताया कि मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर के दौरान बी.जी. रामजी योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, पंचायत राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग, पशुपालन व डेयरी उद्योग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन, स्वरोजगार और कौशल विकास,

❒ सीडीओ ने बताया कि 06 फरवरी को तहसील मुख्यालय सदर पर आयोजित मेगा शिविर में विकास खण्ड चित्तौरा, रिसिया व नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा

एक जनपद एक उत्पाद, डाक विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, श्रम विभाग, मत्स्य, राजस्व, युवा कल्याण, रेशम व नेहरू युवा कल्याण विभाग व नेडा इत्यादि विभागों द्वारा पण्डाल लगाकर विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा लाभार्थियों का पंजीकरण किया जायेगा।

शिविर आयोजन की जानकारी देते हुए सीडीओ ने बताया कि 06 फरवरी को तहसील मुख्यालय सदर पर आयोजित मेगा शिविर में विकास खण्ड चित्तौरा, रिसिया व नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इसी प्रकार 07 को तहसील मुख्यालय पयागपुर में विकास खण्ड पयागपुर, विशेश्वरगंज, हु.ज़ूरपुर व नगर पंचायत पयागपुर, 09 को तहसील मुख्यालय नानपारा में विकास खण्ड बलहा, शिवपुर, नवाबगंज, नगर पालिका परिषद नानपारा व नगर पंचायत रिसिया, 10 को तहसील मुख्यालय महसी में विकास खण्ड तेजवापुर व महसी, 11 को तहसील मुख्यालय कैसरगंज में विकास खण्ड फखरपुर, जरवल व कैसरगंज तथा नगर पंचायत कैसरगंज एवं जरवल तथा 13 फरवरी को तहसील मुख्यालय मिहींपुरवा में आयोजित मेगा शिविर में विकास खण्ड व नगर पंचायत मिहींपुरवा द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

सीडीओ ने बताया कि 22 फरवरी 2026 को कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय मेगा/वृहद सहायता एवं सेवा शिविर में तहसील स्तर पर चयनित किये गये लाभार्थियों को किट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा तथा महिला बाल कल्याण विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया जायेगा।

## वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बहराइच वन प्रभाग में स्थापित हुआ कन्ट्रोल रूम

**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद बहराइच प्रदेश में वन सम्पदा से आच्छादित मुख्य जनपदों में से एक है जिसमें बहुमूल्य प्रजाति के साल, शीशम एवं सागौन आदि के वृक्षों के साथ-साथ अनेकानेक वन्य जीवों का भी प्राकृतवास है। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच ने बताया कि वर्तमान समय में 15 फरवरी से 15 जून 2025 तक का समय अग्निकाल का है। उन्होंने बताया कि अग्निकाल में वनों/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा/संरक्षण हम सभी का पुनीत कर्तव्य है जिसके लिए आवश्यक है कि वनों को अग्नि से बचाये जाने एवं वनों में माचिस, बीड़ी, मिट्‌टी का तेल आदि अग्नि सम्बन्धी वस्तुओं तथा वाहनों आदि का अनाधिकृत प्रवेश पूर्णतया वर्जित है। डीएफओ ने बताया कि वन/वन्य जीव हमारे भविष्य है जिनकी सुरक्षा में ही हमारा एवं मानव जाति का भविष्य सन्निहित है। इसलिए हमें कि वनो/वन्य जीवों की अग्नि से सुरक्षा को परमधर्म से राष्ट्रधर्म मानते हुए वनों एवं उसमें प्राकृतवास करने वाले वन्य जीवों की प्रत्येक दशा में रक्षा करने का दृढसंकल्प लेना होगा। वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रभाग स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 7839434875 पर वनाग्नि की सूचना दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि व जन सामान्य वनाग्नि की सूचना प्रदेश मुख्यालय के हेल्पलाइन नम्बर-0522-2977310 पर भी दे सकते हैं।

## 31 मार्च तक संचालित रहेगा विशेष मध्यस्थता अभियान का द्वितीय चरण

**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय ने बताया कि राष्ट्र हित में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक तीन महीने विशेष मध्यस्थता द्वितीय चरण अभियान चलाकर मुकदमों का निस्तारण किया जायेगा। मध्यस्थता अभियान के तहत मुकदमों के निस्तारण में सुलह समझौते से होने वाले मुकदमों के निस्तारण में वादी व प्रतिवादी दोनों पक्षों को लाभ मिलेगा। मध्यस्थता केन्द्र में वैवाहिक विवाद के मामलें, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से सम्बन्धित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण, उपभोक्ता फोरम के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को अधिकाधिक संख्या में चिन्हित कर उन्हें मध्यस्थता हेतु मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र में संदर्भित किया जाए, जिससे कि सुलह समझौता केन्द्र में कार्यरत मध्यस्थ द्वारा पक्षकारों के मध्य सुलहवार्ता के माध्यम से उनके मामलों का निस्तारण कराया जा सके।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 फरवरी को

**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## पुत्र की हत्या के आरोपी पिता की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों का धरना

**फिरोजाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले में मक्खनपुर क्षेत्र के गांव जिजौली में 12 वर्षीय मयंक राजपूत की नृशंस हत्या के मामले में आरोपी पिता की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिजनों ने मंगलवार को सड़क पर धरना दिया। मृतक की मां उर्मिला और अन्य परिजनों ने पुलिस से तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जा सका। बताया गया कि सोमवार दोपहर राजेश राजपूत ने अपने ही पुत्र मयंक की हंसिया से काटकर हत्या कर दी और शव के टुकड़ों को संदूक में बंद कर फरार हो गया। स्कूल से लौटने पर मां उर्मिला ने घर में खून फैला देखा और संदूक खोलने पर बेटे का शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से खून से सना हंसिया और बोरा बरामद किया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की गई, लेकिन वह गिरफ्त से बाहर है। पुलिस के अनुसार पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और उसी के चलते घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका है। सीओ शिकोहाबाद अमरीश कुमार ने परिजनों को जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है। पुलिस की टीमें आरोपी की तलाश में दबिश दे रही हैं।

# मानव उत्पत्ति पर वैश्विक शोध में बीएचयू की भागीदारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

वाराणसी । काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) को ऑस्ट्रेलिया के ग्रिफिथ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 'एआरसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्रांसफॉर्मिंग ह्यूमन ओरिजिन्स रिसर्च' में भागीदार संस्थान के रूप में शामिल किया गया है।ऑस्ट्रेलियन रिसर्च काउंसिल (एआरसी) ने इस सात वर्षीय (2026ऽ2032) परियोजना के लिए 35 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का अनुदान स्वीकृत किया है, जबकि सहयोगी संस्थानों के योगदान सहित कुल फंडिंग 85 मिलियन डॉलर तक पहुंचेगी। यह मानव विकास और उत्पत्ति के क्षेत्र की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय शोध पहलों में से एक मानी जा रही है। इस केंद्र का नेतृत्व प्रोफ़ेसर माइकल पेट्राग्लिया कर रहे हैं। बीएचयू की ओर से जंतु विज्ञान विभाग के प्रोफ़ेसर ज्ञानेश्वर चौबे पार्टनर इन्वेस्टिगेटर के रूप में जुड़ेंगे। जनसंख्या आनुवंशिकी, प्राचीन डीएनए और दक्षिण एशियाई जनसंख्याओं के इतिहास में उनकी विशेषज्ञता इस परियोजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनके साथ बीएचयू के पुरातत्व विशेषज्ञ—डॉ. सचिन कुमार तिवारी, डॉ. जोस टोम रैफ़ेल और प्रतीक पांडे—भी इस पहल का हिस्सा होंगे। परियोजना का उद्देश्य यह समझना है कि होमो सेपियन्स पृथ्वी पर एकमात्र जीवित मानव प्रजाति कैसे बनी रही और पिछले तीन लाख वर्षों में पर्यावरणीय बदलावों के अनुरूप उसने वैश्विक विस्तार कैसे किया। अफ्रीका, एशिया और ऑस्ट्रेलिया के अपेक्षाकृत कम शोधित क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा। कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने इसे अंतःविषयक शोध के लिए बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि इससे छात्रों और शोधकर्ताओं को वैश्विक स्तर की परियोजनाओं में काम करने का अवसर मिलेगा। बीएचयू, अन्ना विश्वविद्यालय के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।

## गोवर्धन में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न, संगठन और अनुशासन पर दिया गया बल

मथुरा। मथुरा में गोवर्धन के सोन मंडल अंतर्गत पाली डूंगरा स्थित महाराजा कॉलेज में मंगलवार को विराट हिंदू सम्मेलन भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह-सरकार्यवाह आलोक जी ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए संघ द्वारा प्रतिपादित 'पाँच परिवर्तन' पर प्रकाश डाला और कहा कि अनुशासन, संगठन व राष्ट्रभाव से युक्त जीवन ही सशक्त समाज और राष्ट्र की आधारशिला है। मुख्य अतिथि देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने हिंदू समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने ब्रजभूमि में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के संदर्भ में समाज से एकजुट रहने का आह्वान किया। साध्वी सरस्वती जी ने संघ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासित संगठन शक्ति ही समाज को सुरक्षित और सशक्त बनाती है।

# श्री रामलीला धनुष यज्ञ व रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज से

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मछरेहटा (सीतापुर)। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और लोकपरंपरा के संगम का प्रतीक श्री रामलीला धनुष यज्ञ एवं रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन आज से प्रारंभ हो गया है। यह महोत्सव दिनांक 4 फरवरी से 8 फरवरी तक श्री मंगलेश्वर बाबा मंदिर प्रांगण (सडिला), विकास खंड मछरेहटा, जनपद सीतापुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होगा।

महोत्सव के प्रथम दिवस पर धनुष यज्ञ का भव्य मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। रामलीला के विभिन्न प्रसंगों में भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा, सत्य और धर्म के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन के दौरान कलाकारों द्वारा सजीव अभिनय, आकर्षक वेशभूषा और भावपूर्ण संवादों से दर्शक भाव-विभोर हो उठे।आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महोत्सव के प्रत्येक दिन रामलीला के प्रमुख प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। साथ ही धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। क्षेत्र में शांति व्यवस्था और सुविधा को लेकर प्रशासनिक सहयोग भी सुनिश्चित किया गया है।स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला बताया। आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# हिन्दू-मुस्लिम टकराव की फैली अफवाह, दौड़ी पुलिस, शहर में खुलेआम सिगरेट पिलाने के अड्डे पर बिक रहा गोगो पेपर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर के मोहल्ला साहूकारा में स्थित सती मठिया के सामने कैंटीन संचालक फरदीन और सनी के बीच मामूली कहासुनी के बीच विवाद हो गया रात करीब नौ बजे फरदीन की कैंटीन मे सिगरेट पिलाने को लेकर मामूली विवाद मारपीट मे बदल गया सोशल मीडिया पर स्थानीय स्तर पर हिन्दू मुस्लिम टकराव की अफवाह फैल गई।

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने की बजह से स्थिति तनावपूर्ण हो गई जिसके बाद दोनों पक्षों में गाली गलौज शुरू हो गई स्थिति बिगड़ती देख आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए और माहौल संवेदनशील हो गया सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया एवं कोतवाली प्रभारी पवन पांडेय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस आने की सूचना मिलते ही लोग तितर वितर हो गये और घायल सनी अपनी शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंच गया मौके पर पुलिस पहुंचने के बाद स्थिति शांत हो गई सूत्रों के हवाले से फायरिंग और पथराव की चर्चाएं सामने आई हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से कार्रवाई न कराने को लेकर लिखित रूप में दे दिया है।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। और अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए और किसी भी तरह से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। वही पुलिस की गोपनीय टीम स्थिति पर नजर बनाये रखी है।अफवाह फैलाने वालो पर पुलिस पैनी नजर बनाए हुए हैं।मामले की गहराई से जाँच कराई जा रही और जो भी दोषी पाया गया उस पर सख्त करवाही की जायेगी शायद ही कोई पान की दुकान होगी जहाँ नशा करने के लिए इस्तेमाल होने वाला 'गोगो पेपर' न बिकता हो हाइब्रिड गांजा और अन्य नशीले पदार्थ प्रतिबंधित हैं।लेकिन इन्हें सेवन करने के लिए इस्तेमाल होने वाला 'गोगो पेपर' बेरोकटोक बिक रहा है। पता चला है। कि 'गोगो पेपर' की बिक्री पर कोई कानूनी रोक न होने के कारण पुलिस भी इसके खिलाफ सीधी कार्रवाई करने में असमर्थ है।

**मामूली बजह बनी दो युवको के बीच विवाद की जड़**

सिगरेट पिलाने के अड्डे पर व पान की दुकानों पर 'गोगो पेपर' की बेरोकटोक बिक्रीः नशा करने के लिए इस्तेमाल होने वाला 'गोगो पेपर' शहरों की अधिकांश सिगरेट पिलाने के अड्डे व पान की दुकानों पर बिक रहा है। पान के विक्रेता जो इस पेपर के इस्तेमाल से भली-भांति परिचित हैं,इसे खुलेआम प्रदर्शित नहीं करते वे इसे तभी निकालते हैं। जब ग्राहक इसकी मांग करते हैं। नशा करने की इस व्यवस्था के कारण युवा आसानी से नशे की लत में फंस रहे हैं।

## बसपा नेता सुंदर लाल आर्य पार्टी से निष्कासित

पूरनपुर।बहुजन समाज पार्टी की जिला इकाई ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए सुंदर लाल आर्य को पार्टी से निष्कासित कर दिया है यह घोषणा बसपा के जिलाध्यक्ष मुत्रा लाल कश्यप द्वारा एक आधिकारिक प्रेस नोट जारी कर की गई। जिलाध्यक्ष मुत्रा लाल कश्यप ने बताया कि सुंदर लाल आर्य काफी समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे। कई बार चेतावनी भी दी गई थी, लेकिन उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया पार्टी मूवमेंट और संगठन के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित किया है।

## अमेठी में दहशत फैलाने वाले चार शातिर अपराधी जिला बदर

अमेठी। जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान बताया कि अफजल पुत्र मुशीर, लालबाबू पुत्र फौजदार, अफसर पुत्र जब्बार के साथ ही मुंशीर पुत्र भुल्लू निवासीगण ग्राम पूरे अमिया सराय महेशा थाना जायस को आदेशित तिथि सत्ताइस जनवरी से छह माह की अवधि के लिये जनपद की सीमा से निष्कासित करते हुये जिला बदर किया गया है। इसके साथ ही जिला मजिस्ट्रेट अमेठी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिये हैं।जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिये गये हैं।

# राजकुमार 'राजू' ने पूर्व विधायक पीतमराम की चौथी पुण्यतिथि की संध्या पर सीएचसी मे मरीजों की सुविधाओं के लिये भेंट की व्हील चेयर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर । पूर्व विधायक श्रद्धेय स्व. पीतमराम की चौथी पुण्यतिथि की पूर्व संध्या मे अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सेवार्थ भाव से व्हीलचेयर प्रदान करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया यह व्हीलचेयर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर एवं महिला चिकित्सालय पूरनपुर को भेंट की गई जो की अधीक्षक मनीष शर्मा को सौपी, जिससे जरूरतमंद मरीजों को सुविधा मिल सके।

इस अवसर पर पूर्व विधायक स्व. पीतमराम के भांजे एव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समाजवादी युवजन सभा एवं 129 विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के वरिष्ठ नेता राजकुमार ङ्कराजूङ्क ने कहा कि ''मेरे मामा श्रद्धेय स्व. पीतमराम का पूरा जीवन जनसेवा, सामाजिक न्याय और गरीबों की आवाज़ बनने के लिए समर्पित रहा उनकी पुण्यतिथि पर सेवा का छोटा सा प्रयास उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि है इस अवसर पर पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा कि ''स्व. पीतमराम ने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुँचाने का कार्य किया स्वास्थ्य संस्थानों को व्हीलचेयर प्रदान करना उसी विचारधारा को आगे बढ़ाने का प्रयास है पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज को मजबूत करने का सबसे बड़ा माध्यम सेवा है स्व. पीतमराम के दिखाए रास्ते पर चलकर युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष समाजवादी पार्टी संजय सिंह यादव ने कहा कि आज की पीढ़ी को ऐसे जननायकों के जीवन से सीख लेनी चाहिए, जिन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाया। स्वास्थ्य संस्थानों को दी गई यह सहायता मानवता का संदेश है वहीं सपा के पूर्व नगरअध्यक्ष तौफीक अहमद कादरी ने कहा कि ''स्व. पीतमराम केवल एक नेता नहीं बल्कि जन-जन के मार्गदर्शक थे उनकी स्मृति में किया गया यह सेवा कार्य प्रेरणादायी है और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे कार्यक्रम के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर सपा नेता नादिर रजा बरकाती, जिला सचिव आदर पाण्डेय,ओम शर्मा,बसंत भारती,जयपाल सिंह,मेहन्द्र सिंह आदि दर्जनों सपा नेता उपस्तिथ थे।

# सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गांधी सभागार आयोजित हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। जनपद पीलीभीत में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर की अध्यक्षता में गांधी सभागार पीलीभीत में धार्मिक नेता एवं सभी धर्मो के श्रद्धालु समुदाय, मंदिर मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर एवं मैरेज हॉल, बैंकेट हॉल, बैण्ड पार्टी, डीजे, कैटर्स, फोटोग्राफर टेण्ट हाउस आदि के साथ बैठक आयोजित की गई।

जिला प्रोबेशन अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत की गया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सन्दर्भ में जानकारी देते हुए बताया गया यदि 18 वर्ष की आयु से कम की बालिका एवं 21 वर्ष की आयु से कम के बालक का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह में सम्मिलित होने वाले कराए जाने वाले व्यक्ति के लिए 02 लाख की सज़ा एवं 01वर्ष के जुर्माने का प्राविधान है। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया कि वह विवाह होने पर बालिका एवं बालक के दस्तावेज स्कूल प्रमाण पत्रआधार एवं अन्य अवश्य देख लें। यदि किसी बैंकेट हॉल में या किसी धार्मिक गुरु द्वारा विवाह सम्पन्न कराया जाता तो कार्यवाही निश्चित होगी। इसी क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा बताया गया कि जनपद को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु सभी थानों पर कार्यरत बाल कल्याण अधिकारी प्रयासरत हैं कि किसी भी दशा में बाल विवाह न हो। करततपश्चात सभी सदस्यों द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से सम्बंधित शपथ ली गई बैठक में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष पूर्णिमा पाण्डेय एवं महिला कल्याण विभाग का समस्त स्टाप उपस्थित रहा हैं।

# ओबीसी महासभा ने यूजीसी नियमों को पुनः लागू कराने की मांग, सौंपा गया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सरकार द्वारा पूर्व में लागू किए गए यूजीसी के नियमों को पुनः प्रभावी रूप से लागू कराने की मांग को लेकर पूरनपुर क्षेत्र में व्यापक जनसमर्थन देखने को मिला अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हित में बनाए गए इन नियमों को सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया इस संबंध में प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में यूजीसी के नियमों को दोबारा लागू किए जाने की मांग की ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यूजीसी के ये नियम समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों को शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लागू किए गए थे, लेकिन वर्तमान में इनके प्रभावी रूप से लागू न होने से संबंधित वर्गों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुछ भेदभावपूर्ण मानसिकता रखने वाले वर्ग इन नियमों को रोकने के लिए अराजकता का माहौल बना रहे हैं ओबीसी महासभा ने इसे शैक्षणिक समानता के विरुद्ध बताया और ऐसे प्रयासों की कड़ी निंदा की महासभा ने कहा कि यूजीसी एक्ट 2026 को लागू करना सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संगठन ने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि यूजीसी कानून को बिना किसी बदलाव के पूरी सख्ती के साथ लागू किया जाए, ताकि पिछड़े वर्गों के छात्र उच्च शिक्षा में सम्मानपूर्वक आगे बढ़ सकें संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इस कानून को कमजोर करने या लागू न करने का प्रयास किया गया, तो ओबीसी महासभा व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी इस दौरान नोटरी एडवोकेट फकरुल मंजरी , अभिषेक यादव, सुरेश वर्मा, लालबहादुर कोहली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अमेठी की बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिये गर्ल्स हॉस्टल निर्माण की सौगात : सतीश चंद्र

**मोदी सरकार का केंद्रीय बजट विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर करारा प्रहार है केंद्रीय बजट गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण का मजबूत आधार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की भावना से ओत प्रोत है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नही बल्कि आम नागरिक के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जहां भ्रम फैलाने और नकारात्मक राजनीति में व्यस्त है वहीं मोदी सरकार ठोस निर्णयों और परिणाम देने की राजनीति कर रही है। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार के नये अवसर देने,महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और मध्यम वर्ग को आर्थिक राहत देने के लिये निर्णायक प्रावधान किये गये हैं यह बजट सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को धरातल पर साकार करता है।उन्होंने विशेष रूप से अमेठी जनपद के संदर्भ में कहा कि यह बजट क्षेत्र के लिये भी ऐतिहासिक सौगात लेकर आया है। अमेठी में ट्रामा सेंटर जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती, छात्राओं के लिये गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था तथा कैंसर सहित अन्य गम्भीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाओं को सस्ता करने जैसे प्रावधान आम जनमानस को बड़ी राहत देने वाले हैं। यह बजट यह सिद्ध करता है कि मोदी सरकार का हर निर्णय आम आदमी के जीवन को आसान बनाने के लिए है।राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि जिन दलों ने दशकों तक सत्ता में रहकर देश को घोटाले, गरीबी और निराशा दी आज वे देश की आर्थिक प्रगति और ऐतिहासिक बजट पर सवाल उठा रहे हैं लेकिन देश की जागरूक जनता अब सच्चाई को भली भांति समझ चुकी है और विकास के इस मार्ग पर प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ खड़ी है।इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, चंद्र मौलि सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी से की तालाब पर अवैध कब्जा की शिकायत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । क्षेत्र के कैलाशसिंह मजरे ज्योना गांव निवासी सोनी पत्नी विनय कुमार ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके गांव के तालाब पर बने मकान व अवैध कब्जा करने की शिकायत की गई थी। जिसकी जांच में पहुंचे हल्का लेखपाल राजेंद्र कुमार भारती ने विपक्षी गणों से सांठगांठ कर उसी का शौचालय गिरवा दिया गया। जानकारी होने पर उसने लेखपाल से शौचालय गिरवाने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि गलती से गिरवा दिया है। हम नया शौचालय बनवा देंगे या फिर 24 हजार रुपए दे देंगे। आप दूसरा शौचालय बनवा लेना। परन्तु कई महीने बीतने के बाद अब लेखपाल राजेंद्र भारती द्वारा टाल मटोल किया जा रहा है। आरोप यह भी है कि लेखपाल द्वारा उसे धमकाया भी जा रहा है। मामले में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जांच कर लेखपाल पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

# पूर्व विधायक ने किया नवनिर्मित ओम मैरिज हॉल का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। महराजगंज रायबरेली रोड स्थित ओम फर्नीचर, हनुमानगढ़ी में नवनिर्मित ओम मैरिज हॉल का भव्य उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन पूर्व विधायक रामलाल अकेला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू, सुनील मौर्या एवं जी.पी. मिश्रा, विमल रस्तोगी ने फीता काटकर किया। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा,ङ्कओम मैरिज हॉल क्षेत्रवासियों के लिए एक बेहतरीन सौगात है। यहां विवाह, इंगेजमेंट, रिसेप्शन, मीटिंग, बर्थडे पार्टी सहित सभी सामाजिक व पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार भी सृजित होगा।ङ्कप्रभात साहू ने कहा,ङ्कमहराजगंज क्षेत्र विकास के नए आयाम छू रहा है। कैटरिंग सुविधा सहित सुसज्जित ओम मैरिज हॉल क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करेगा और सामाजिक आयोजनों के लिए एक आदर्श स्थल बनेगा।ङ्क सुनील मौर्या ने अपने संबोधन में कहा,ङ्कयह मैरिज हॉल भव्य साज-सज्जा, विशाल पार्किंग, स्वच्छ वातावरण और स्वादिष्ट कैटरिंग व्यवस्था के साथ तैयार किया गया है, जिससे हर कार्यक्रम यादगार बन सके।ङ्क जी.पी. मिश्रा ने कहा,ङ्कऐसे आधुनिक आयोजन स्थलों से क्षेत्र की पहचान बढ़ती है। ओम मैरिज हॉल सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।उद्घाटन अवसर पर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी ने समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया।समारोह में प्रधान राजू, पंकज गुप्ता, संतोष सिंह, अशोक यादव, राम किशुन यादव, दीपू पाण्डेय, गोपाल सिंह, अरशद मास्टर, डॉ. सुरेश, बन्नू सिंह, अमर यादव, सतीश यादव, विजय राज सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।वहीं महराजगंज प्रेस क्लब अध्यक्ष अमित सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव सहित मीडिया जगत के लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा




**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ के नाम ज्ञापन उप जिलाधिकारी पूरनपुर के द्वारा दिया गया जिसमें प्रदीप शुक्ला ने कहा की विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न जटिल समस्याओं को व्यापारियों को सामना करना पड़ रहा है साथ ही शहर में लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाने के लिए प्रशासन के द्वारा उपाय किया जाए जिससे कि बाहर से आने वाले ग्राहकों को परेशानी ना हो उक्त ज्ञापन में सारे विषय लिखे हुए हैं।ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से नगर मंत्री रवि जायसवाल , जफर अली, बृजेश शुक्ला, गौरव पांडे, कुलदीप सनाढ्य, आसिफ खान ,विशाल बर्मा ,त्रिभुवन शर्मा, अखिलेश शर्मा, गोल्डी जोशी ,मयंक सक्सेना, आशीष गुप्ता, आसिफ अंसारी, रूशान अहमद, गौरव गुप्ता,आकाश गुप्ता, फैज मोहम्मद, श्याम सिंह ,वैभव सक्सैना, पुष्पेंद्र शर्मा, महिला नगर अध्यक्ष गुंजन सक्सेना, शालिनी गुप्ता मौजूद रहीं हैं।

## जमुरवां में बाबा खाटू श्याम एवं दुर्गा जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी

**तिलोई अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमुरवां स्थित प्राचीनतम श्रीराम जानकी मंदिर में बाबा खाटू श्याम एवं दुर्गा जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है।कार्यक्रम के संरक्षक एवं ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि आगामी चार फरवरी को श्रीराम चरित मानस पाठ प्रारम्भ होगा पांच फरवरी को पूर्णाहुति हवन पूजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आगामी छह फरवरी को बाबा खाटू श्याम एवं दुर्गा जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा ब्राम्हण भोज के साथ ही शोभा यात्रा निकाली जायेगी और सात फरवरी को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह एवं यजमान बाबू अनूप सिंह व रामेश्वर सिंह होगे। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## जमीनी विवाद में महिला की पिटाई पर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरांवा के गांव पूरे सुबेदार में जमीनी विवाद में एक महिला की पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है जिससे महिला गम्भीर रुप से घायल हो गई है। पुलिस ने घायल महिला की तहरीर पर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे सुबेदार मजरे खरांवा निवासिनी सोनी पत्नी बैजनाथ पासी ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि गांव के ही रामकरन व अतुल कुमार से उसका भूमि विवाद चल रहा है जिसकी माप क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा कर उक्त भूमि को उसे दिया गया है तथा खूटा गडा दिये थे उक्त खूटा विपक्षीजन उखाडकर फ़ेक दिये है। पीड़िता बीती पच्चीस जनवरी को वापस अपने घर आ रही थी तभी तिराहे पर घात लगाये बैठे लोगों द्वारा लाठी डण्डा लिये खड़े हुये थे उसी स्थान पर पंहुचने पर उसको लाठी डण्डो से मारने लगे जिससे महिला के बांये हाथ तथा बांये पैर की जांघ पर गम्भीर चोटें लगी और वह लहूलुहान हो गई। पीड़िता प्राथमिक उपचार के उपरांत थाना शिवरतनगंज पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाते हुये लिखित तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये आनन फानन में राम करन व उनके सुपुत्र अतुल कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

## श्रीमद भागवत कथा के अनुसरण से भक्तों का होता है कल्याण : डॉ नरेन्द्र पाण्डेय




**तिलोई, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में चल रही श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस मध्य प्रदेश के अमरकंटक से पधारे कथा व्यास डॉ नरेन्द्र पाण्डेय जी महराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का सार अदभुत है।उन्होंने कहा कि अनेक पुण्यों के संचय से मनुष्य जो भागवत कथा को श्रवण करने का अवसर प्राप्त होता है यह केवल सौभाग्य से नही बल्कि अनेक जन्मों के सुकर्मों का फल है कि भगवान की इस दिव्य लीला कथा को सुनने का सौभाग्य मिलता है। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के अनुसरण से भक्तो का कल्याण होता है और जीवन में सुख व शांति का अनुभव होता है।प्रथम दिवस की कथा में यजमान सुरेश अग्निहोत्री व मनोज कुमारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस मौके पर सोमनाथ अवस्थी,मदन मोहन शुक्ला,पवन तिवारी,कुलदीप मिश्रा, बैजनाथ अग्निहोत्री, करुणेश अग्निहोत्री,अभिषेक, अनुराग सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## रिंग रोड व प्रमुख मार्गों के ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में निर्माण पर वीडीए की जनहित अपील

**वाराणसी , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने नगरवासियों को सूचित किया है कि काशी के सुव्यवस्थित, पर्यावरण-अनुकूल एवं संतुलित विकास के उद्देश्य से रिंग रोड एवं प्रमुख मार्गों के किनारे ग्रीन बेल्ट (हरित पट्टी) का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में रिंग रोड की कुल चौड़ाई 60 मीटर निर्धारित है, जिसके बाद दोनों ओर 20-20 मीटर चौड़ी ग्रीन बेल्ट विकसित की जानी है। यह हरित पट्टी यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित 20 मीटर ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में सामान्यतः सभी प्रकार के स्थायी निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। ग्रीन बेल्ट का उद्देश्य खुले एवं हरित क्षेत्रों का संरक्षण करना है। हालांकि, नियमानुसार कुछ सीमित और पर्यावरण-अनुकूल उपयोगों की अनुमति दी गई है। ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में पेट्रोल पंप, खेल मैदान, स्पोर्ट्स ग्राउंड, स्विमिंग पूल, बहुउद्देशीय खुले स्थान, पार्क, रेसकोर्स, स्टेडियम, पिकनिक स्थल, कैंपिंग स्थल, ट्रैफिक पार्क, मनोरंजन पार्क, एक्वेरियम, चिड़ियाघर, संग्रहालय और पक्षी वन्यजीव अभयारण्य जैसे सार्वजनिक उपयोग अनुमन्य हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का आवासीय या व्यावसायिक निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वीडीए ने आजमगढ़ रोड, संदहा मार्ग, जीटी रोड तथा रिंग रोड के किनारे ग्रीन बेल्ट प्रस्तावित की है। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्राधिकरण से विधिवत मानचित्र स्वीकृत कराए बिना नहीं किया जा सकेगा। बिना अनुमति किया गया निर्माण अवैध माना जाएगा और उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई, जिसमें ध्वस्तीकरण भी शामिल है, की जाएगी। श्री बोरा ने नागरिकों, भू-स्वामियों, बिल्डरों एवं विकासकर्ताओं से अपील की कि वे ग्रीन बेल्ट संबंधी नियमों का पालन करें और किसी भी निर्माण से पूर्व आवश्यक अनुमति अवश्य प्राप्त करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण और नगर के सुनियोजित विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

## श्रीरामपुर थाना पुलिस द्वारा एक लक्जरी वाहन से 16 पेटी अवैध देशी शराब बरामद

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान आप्रेशन प्रहार के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष डॉ0 महेन्द्र कुमार थाना श्रीरामपुर द्वारा गठित टीम के द्वारा आज दिनांक 03 फरवरी 2026 मोर्निंग वाकर चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति वस्तु वाहन की चेकिंग हदहदवा मन्दिर के पास उत्तर प्रदेश बिहार बार्डर पर चेकिंग की जा रही थी तो एक स्कार्पियो वाहन के चालक ने वाहन को तेज गति से मोड़कर बैकुन्ठपुर की तरफ जाने वाले मार्ग की तरफ भागने लगा कि पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन को अपने-अपने मोटरसाईकिलों से पीछा किया गया तो उक्त वाहन चालक ने अपने वाहन को बैकुन्ठपुर गांव में ट्रान्सफार्मर तिराहे के पास छोड़कर अन्धेरा का फायदा उठाकर भाग गया काफी खोजबीन के बाद भी नही मिला उक्त वाहन का निरीक्षण किया गया तो 01 अदद चार पहिया वाहन महिन्द्रा स्कार्पियो रजि0 नं0 उट28घ0601 पर लदी 16 पेटी अवैध देशी शराब ब्राण्ड बन्टी बबली व 05 पेटी रोमिया राजा अवैध देशी शराब कुल मात्रा 189 लीटर की बरामद किया गया । जिसे कब्जा पुलिस में लेकर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 0019/2026 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है । बरामद शराब का मूल्य रुपया लगभग 50,000/ - रुपया व बरामद स्कार्पियो वाहन का अनुमानित मूल्य करीब रुपया 8,00000/ बताया जा रहा है।

## एसपी की पहल '' शक्ति दीदी'' अभियान , सफलता की ओर

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संजीव सुमन के निर्देशन में 03 फरवरी 2026 को थाना रुद्रपुर की मिशन शक्ति टीम उ0नि0 श्रीनिवास यादव, आरक्षी राजेश यादव, महिला आरक्षी कंचन यादव व महिला आरक्षी रीता यादव द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माहीगंज में महिलाओं/ बालिकाओं/छात्राओं को मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के तहत सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108, साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि के विषय में जानकारी देकर जागरुक किया गया। इसी क्रम में थाना गौरीबाजार की मिशन शक्ति टीम महिला उ0नि0 संध्या यादव, आरक्षी रामप्रवेश, महिला आरक्षी कविता अवस्थी व महिला आरक्षी लीलावती द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,

## सम्पादकीय

# आत्मनिर्भरता हेतु विकास

राजग सरकार द्वारा रविवार को पेश आम बजट कई मायनों में खास रहा। तमिलनाडु के लोगों की आकांक्षाओं की पर्याय कांजीवरम साड़ी पहने लगातार नौवीं बार बजट पेश करके निर्मला सीतारमण ने नारी शक्ति का परचम ही लहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा-दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। दूसरी ओर विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। आम आदमी की जिज्ञासा यही होती है कि क्या सस्ता होगा और किस पर उसकी जेब ढीली होगी। कहा जा रहा है कि माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा। विदेश यात्रा पैकेज पर भी छूट दी गई है। आने वाले महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, उनका भी बजट में खास ख्याल रखा गया है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्लभ रेयर अर्थ पर ध्यान केंद्रित कर रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें तमिलनाडु-केरल का खास ध्यान रखा गया। आसन्न चुनाव वाले इन राज्यों के मछुआरों व नारियल उत्पादकों को प्रोत्साहन व छूट दी गई है। हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया। वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग में चालीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। वहीं सस्ती दवाओं के लिए ‘बॉयोफार्मा शक्ति योजना’ के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होगा, जिससे देश में मधुमेह व कैंसर की सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। दूसरी ओर आसन्न चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व तमिलनाडु को हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर का लाभ देने का प्रस्ताव है। वहीं असम को बौद्ध सर्किट का लाभ दिया गया है। यह योजना बौद्ध तीर्थों के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा यहां तक कि तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान बनाने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर डिजिटल मनोरंजन क्रांति हेतु रचनात्मक बढ़ाने वाली ‘ऑरेंज इकॉनोमी’ को भी प्राथमिकता बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके। हर बार नौकरी पेशा वर्ग की आस होती है कि इनकम टैक्स में छूट मिले। लेकिन इस बार किसी स्लैब में परिवर्तन नहीं हुआ। हां, अप्रैल 26 तक नया आयकर कानून लागू करने की बात बजट में कही गई है, जिसमें आयकर रिटर्न की फाइलिंग से जुड़ी समय सीमा और नियमों में बदलाव होगा। निश्चित रूप से दुनिया आपूर्ति शृंखला में जारी वैश्विक उथल-पुथल और टैरिफ युद्ध के बीच राजग सरकार ने आम बजट में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। साथ ही आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा-दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। दूसरी ओर विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। आम आदमी की जिज्ञासा यही होती है कि क्या सस्ता होगा और किस पर उसकी जेब ढीली होगी। कहा जा रहा है कि माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी।

# नारी देह, नारी अधिकार: माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि

माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि ‘माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है’ इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है। न्यायालय ने शिक्षा को एक ‘मल्टीप्लायर राइट’ बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया।

भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता। विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि ‘माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है’ इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है। न्यायालय ने शिक्षा को एक ‘मल्टीप्लायर राइट’ बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में ‘मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर’ स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और



सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके। माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निर्माता, इस विषय को केवल ‘महिलाओं का मामला’ मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए। स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और समानता का अधिकार-तीनों इस विषय से सीधे जुड़े हैं। एक ऐसी व्यवस्था जहाँ लड़की केवल इसलिए स्कूल न जा सके क्योंकि उसके पास सेनेटरी पैड नहीं हैं, वह व्यवस्था संविधान की आत्मा के विपरीत है। इसलिए यह फैसला सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी मजबूती देता है। आज भारत ‘नए प्रवेश’ के साथ आगे बढ़ने की बात करता है-डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखता है। किंतु यदि इस विकास की गाथा में महिलाओं की बुनियादी आवश्यकताएँ और सम्मान शामिल नहीं हैं, तो यह प्रगति खोखली सिद्ध होगी। वास्तविक विकास वही है जो सबसे कमजोर वर्ग की पीड़ा को समझे और उसे दूर करने का साहस रखे। माहवारी जैसे विषय पर खुली चर्चा उसी साहस का प्रतीक है। समाज में जन-जागृति लाना इस पूरी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। कानून और आदेश दिशा दिखा सकते हैं, परंतु मानसिकता बदलना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मीडिया, शिक्षा संस्थान, धार्मिक और सामाजिक संगठन सभी को मिलकर माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियों को तोड़ना होगा। इसे शर्म का नहीं, स्वास्थ्य और स्वाभिमान का विषय बनाना होगा। अंततः, सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एक शुरुआत है, मंज़िल नहीं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम इसे कितनी ईमानदारी से लागू करते हैं और कितनी संवेदनशीलता से अपनाते हैं। यदि हम सचमुच एक समावेशी, न्यायपूर्ण और मानवीय भारत का निर्माण चाहते हैं, सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ नया भारत बनाना चाहते हैं तो महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों को विकास के केंद्र में रखना ही होगा। माहवारी से मुक्ति का अर्थ केवल शारीरिक सुविधा नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और संवैधानिक स्वतंत्रता है। यही स्वतंत्रता किसी भी सभ्य और प्रगतिशील समाज की पहचान होती है। **-ललित गर्ग**

# पहले सत्ता लोगों से डरती थी, अब लोग सत्ता से

**देवी एम. चेरियन**

एक समय था, ज्यादा पुरानी बात नहीं, जब राजनेता बिना किसी चेतावनी के बाजारों में चले आते थे। जब एक जिला कलैक्टर बस स्टैंड पर खड़ा होता था। जब किसी मंत्री की गाड़ी लाल बत्ती पर बाकी सब की तरह इंतजार करती थी। सत्ता का अस्तित्व था, लेकिन उसे अपनी मौजूदगी का ऐलान करने के लिए सायरन की जरूरत नहीं थी। लोग उस समय को सिर्फ पुरानी यादों के तौर पर नहीं, बल्कि एक चाहत के साथ याद करते हैं। क्योंकि तब सत्ता करीब महसूस होती थी, ज्यादा मानवीय और कम डराने वाली। जब कोविड आया, तो कई लोगों को लगा कि वह पल फिर से लौट आया है। सड़कें खाली थीं। सायरन खामोश हो गए। लाल बत्तियां हटा दी गईं। काफिले गायब हो गए। नेताओं ने सादगी, समानता और सांझा दुख की बात की। वादे किए गए-कि कोई सड़क नहीं रोकी जाएगी, कोई वी.आई.पी. कल्चर नहीं होगा, सुरक्षा का कोई नाटक नहीं होगा। और फिर, धीरे-धीरे और उम्मीद के मुताबिक, वह सब वापस आ गया। आज, वह नजारा फिर से जाना-पहचाना है-पायलट कारें, पुलिस के वाहन, चमकती लाइटें, अचानक सड़कों का बंद होना और मामूली पदाधिकारियों के लिए भी लंबे काफिले। नौकरशाह, जो कभी खुद गाड़ी चलाते थे, अब अंगरक्षकों के साथ चलते हैं। सादगी की बात करने वाले राजनेता 10 गाडियों के साथ आते हैं। कोविड ने वी.आई.पी. कल्चर का इलाज नहीं किया, बस उसे कुछ देर के लिए रोक दिया था। असहज करने वाला सवाल यह है-क्या वह पुराना, सरल समय कभी लौटेगा? ईमानदार जवाब यह है कि सत्ता, जिसका स्वाद एक बार चख लिया जाए, वह खुद से कभी विनम्र नहीं होती। सुरक्षा सिर्फ इसलिए नहीं बढ़ी क्योंकि खतरे बढ़ गए। यह इसलिए बढ़ी क्योंकि ‘हक जताने’ की भावना बढ़ गई। सत्ता की हर परत यह मानने लगी कि वह सुरक्षा, प्राथमिकता और रास्ता साफ पाने की हकदार है। जब एक व्यक्ति के लिए सड़कें रोकी जाती हैं, तो हजारों लोगों को पदानुक्रम में उनकी जगह याद दिलाई जाती है। जब काफिले को निकालने के लिए एम्बुलैंस फंस जाती है, तो जनता का गुस्सा चुपचाप पनपता है। जब राजनेता बिना सुरक्षा परतों के लोगों के बीच नहीं चल सकते, तो विश्वास कम हो जाता है। सिस्टम नागरिकों से कहता है कि वह समानता में विश्वास रखता है लेकिन उसके कार्य कुछ और ही कहते हैं। क्या यह कभी बदलेगा? यह बदल सकता है लेकिन केवल दबाव में, सद्भावना से नहीं। बदलाव इसलिए नहीं आएगा कि नेता अचानक विनम्र हो जाएंगे। यह केवल तभी आएगा जब मतदाता लगातार फिजूलखर्ची को दंडित करेंगे, जब अदालतें सुरक्षा श्रेणियों को सख्ती से सीमित करेंगी, जब मीडिया काफिलों का महिमामंडन करना बंद कर देगा, और जब नागरिक वी.आई.पी. आवाजाही के कारण होने वाली असुविधा को सामान्य मानना बंद कर देंगे। कुछ राज्यों ने सुरक्षा सूचियों में कटौती करने की कोशिश की है। कुछ नेताओं ने जानबूझकर अपने तामझाम को कम किया है। लेकिन ये अपवाद हैं, नियम नहीं। वी.आई.पी. कल्चर इसलिए जीवित है क्योंकि समाज इसे सहन करता है। हम निजी तौर पर शिकायत करते हैं लेकिन सार्वजनिक रूप से पालन करते हैं। हम अपने जीवन को ढाल लेते हैं और सिस्टम इस खामोशी को सहमति मान लेता है। अकेले चलते हुए राजनेता की पुरानी छवि इसलिए काम करती थी क्योंकि तब सत्ता लोगों से डरती थी। आज, लोग सत्ता से डरते हैं। यही असली बदलाव है। क्या इसे बदला जा सकता है? शायद, लेकिन केवल तभी, जब सत्ता को सायरन और बैरिकेड्स के माध्यम से मांग करने की बजाय फिर से सम्मान अर्जित करने के लिए मजबूर किया जाए। केवल तभी, जब सार्वजनिक सेवा फिर से सेवा लगे, राजशाही नहीं। साथ ही, इन नए ‘बनने की चाह रखने वाले’ राजनेताओं की असुरक्षा भी है, जिन्हें तभी पहचाना जाएगा जब उनके साथ 6 बॉडीगार्ड हों। यह तब होता है, जब आप एक हलचल पैदा करना चाहते हैं कि ‘मैं आ गया हूं।’ यह अद्भुत है कि कुछ शक्तिशाली और सरल मंत्री अभी भी अपने साथ किसी को लेकर नहीं चलते। तब तक, काफिले लंबे होते रहेंगे, लाल बत्तियां चमकती रहेंगी और सड़कें रुकती रहेंगी और हम चुपचाप पूछते रहेंगे-शासकों ने हमारे बीच चलना कब बंद कर दिया और हमारे ऊपर से गुजरना कब शुरू कर दिया? वह सवाल, किसी भी सायरन से ज्यादा, सत्ता में बैठे लोगों को चिंतित करना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# बहुत उपयोगी है मेथी



मेथी के नाम से सब वाकिफ हैं। मेथी के बीज मसाले के रूप प्रयोग में लाए जाते हैं और मेथी की पत्तियां सब्जी के रुप में खाई जाती है। स्वाद में तो मेथी कड़वी होती है। इसके बीज और पत्तियां दोनों में कड़वापन समाया होता है। कड़वी होने पर भी इसमें बहुत से औषधीय गुण छुपे हुए हैं। मेथी के पत्तों का साग कब्ज भी दूर करता है। जिगर संबंधी रोगों में पत्तों का रस निकालकर शहद के साथ बराबर मात्रा में लेने से लाभ होता है। बार बार पेशाब आने से परेशान रोगियों को उसके पत्तों का रस सुबह शाम पीना चाहिए। पत्तों के रस से मधुमेह रोगी का भी लाभ मिलता है। चोट लगने पर सूजन वाले स्थान पर पत्तों का पुलटिस बनाकर गर्म गर्म सिंकाई करने से सूजन दूर होती है। मधुमेह के रोगियों को प्रतिदिन 20-25 दाने मेथी खाना चाहिए। उससे रक्त में होने वाली शुगर कम होती है। मेथी दानों का पाक, प्रसूता स्त्री को देने से भूख लगती है और गर्भाशय की शुद्धि होती है। वायु के जोड़ों के दर्द में मेथी दानों को पीसकर गुड़ के साथ उसे पका कर खाने से दर्द दूर होता है और कमर और घुटने के दर्द में राहत मिलती है। मेथीदाने के 3 ग्राम चूर्ण को पानी के साथ लेने से कमर और घुटने के दर्द में राहत मिलती है। छाती के पुराने रोग से छुटकारा पाने के लिए बीजों का काढ़ा बनाकर शहद मिलाकर पीने से लाभ होता है। मेथी का सेवन किसी भी रूप में किया जाए तो स्वास्थ्य को लाभ प्राप्त होता है।

## धर्म मंत्र

# धन के देवता कुबेर

आरंभ में कुबेर एक अनार्य देवता थे। उनका वैदिक ब्राह्मणों के साथ मेल नहीं बैठता था। चौथी-पांचवीं शताब्दी में वैष्णव धर्म के उत्थान के साथ जब लक्ष्मी की धन की देवी के रूप में प्रतिष्ठा हुई, तब लोग कुबेर को भुलने लगे। धीरे-धीरे वे उपेक्षित होकर दिक्पाल के रूप में मंदिरों के बाह्य अलंकरण के साधन मात्रा रह गए। ‘वाराह पुराण‘ में कथा है- जब ब्रह्मा ने सृष्टि रचने का उपक्रम किया, तब उनके मुख से पत्थरों की वृष्टि होने लगी और आंधी तथा तूफान आए। कुछ देर बाद जब आंधी शांत हुई, तब उन्होंने अपने मुख से निकले हुए उन पत्थरों से एक अलौकिक पुरूष की रचना की। फिर उसे धनाधिपति बनाकर देवताओं के धन का रक्षक नियुक्त कर दिया। वही कुबेर के नाम से प्रख्यात हुआ। रामायण के उत्तराकंड में कुबेर के संबंध में एक दूसरी ही कथा दी हुई है। उसके अनुसार बह्मा के मानस पुत्रा पुलस्त्य हुए और इनके वैश्रवण नामक एक पुत्रा हुआ। इसका दूसरा नाम कुबेर था। वह अपने पिता को छोड़ कर अपने पितामह ब्रह्मा के पास चला गया और उनकी सेवा करने लगा। इससे प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने उसे अमरत्व प्रदान किया, साथ ही धन का स्वामी बनाकर लंका का अधिपति भी बना दिया तथा पुष्पक विमान प्रदान किया। पुलस्त्य इससे बहुत रूष्ट हुए और अपने शरीर से एक दूसरा पुत्र विश्रवस, पैदा किया। उसने अपने भाई वैश्रवण को बड़े ही क्रूर भाव से देखा। तब कुबेर ने अपने पिता को संतुष्ट करने के लिए तीन राक्षसियां भेंट कीं जिनके नाम थे- पुष्पोलट, मालिनी और रामा। पुलस्त्य के पुष्पोलट से रावण और कुंभकर्ण, मालिनी से विभीषण और रामा से खर दूषण और शूर्पणखा उत्पन्न हुई।

## पर्यटन



# उत्तराखंड का माणा गांव है ‘भारत का पहला गांव‘, यहीं दिखती है अदृश्य सरस्वती नदी

घूमने के शौकीन लोगों के लिए अपने देश भारत में कई जगहें मौजूद हैं। भारत देश में कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जो अपनी खूबसूरती के अलावा खासियत के लिए जानी जाती है। इन्हीं में से एक उत्तराखंड है, जिसको देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। उत्तराखंड की खूबसूरती देखने के लिए लोग दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। वैसे तो नैनीताल-मसूरी जैसे खूबसूरत हिल स्टेशन घूमने के लिए जाता है, लेकिन क्या आपने भारत के पहले गांव के बारे में सुना है। भारत का पहला गांव कई मायनों में बेहद खास है। यह न सिर्फ बेहद खूबसूरत है, बल्कि ऐतिहासिक जगह भी हैं। अगर आपको नहीं पता है कि भारत का पहला गांव किसे कहते हैं, तो बता दें कि उत्तराखंड के माणा गांव को भारत का पहला गांव कहा जाता है। माणा गांव सिर्फ घूमने के लिए नहीं बल्कि धार्मिक मान्यताओं की वजह से भी खास है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माणा गांव की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि उत्तराखंड के चमोली जिले में मौजूद माणा गांव भारत-तिब्बत सीमा के काफी नजदीक है। माणा गांव की दूरी बद्रीनाथ धाम से सिर्फ 3 किमी दूर है। यह गांव इतिहास और संस्कृति का खजाना है, जिसके कण-कण में अतीत की झलक देखने को मिलती है। माणा गांव की खासियत यह है कि यह भारत की इकलौती ऐसी जगह है, जहां पर सरस्वती नदी देखने को मिलती है। साथ ही इस जगह हो लेकर यह भी कहा जाता है कि माणा गांव स्वर्ग जाने का रास्ता है। मणिभद्र देव के नाम पर इस गांव का नाम माणा रखा गया है। यह धरती पर इकलौती ऐसी जगह मानी जाती है, जिसको चारों धाम से भी ज्यादा पवित्र माना जाता है। माणा गांव को शापमुक्त और पापमुक्त माना जाता है। यहां की एक मान्यता महाभारत काल से भी जुड़ी है। माना जाता है कि जब पांडव स्वर्ग की ओर जा रहे थे, तो वह इसी गांव से होकर गुजरे थे। इस गांव में एक भीम पुल भी मौजूद है, जिसको लेकर मान्यता है कि रास्ते के एक झरने को पार करने के लिए महाबली भीम ने चट्टान फेंककर पुल बनाया था।

# करोड़ों करोड़ बहे पानी में, नौनिहाल कीचड़ में तरबोर

## विकास की यही हकीकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकास के सरकारी दावों के बीच हकीकत विकासखंड निंदूरा क्षेत्र बयां कर रहा है। विकास खंड क्षेत्र में विशाल ब्रिक फील्ड से मदीनपुर तक की सड़क बच्चों के लिए खतरे का रास्ता बन चुकी है। हल्की बारिश में ही सड़क कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती है, जहां से छोटे-छोटे स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर हैं।मंगलवार को नौनिहाल कीचड़ में फिसलते हुए स्कूल से घर लौट रहे हैं। कई बार बच्चे गिरकर चोटिल हो चुके हैं, कपड़े खराब हो जाते हैं और अभिभावकों को मजबूरी में बच्चों को गोद या हाथ पकड़कर निकालना पड़ता है। सवाल यह है कि क्या यही है सुरक्षित बचपन की तस्वीर?

ग्रामीणों बलराम, रामकुमार, रामलखन, विजय कुमार, चंद्रेश्वर, जगत नारायण, मुन्ना, सरवन सिंह, अम्बर सिंह, सोनू सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क गड्ढा युक्त है और मिट्टी फैली है, जिससे हालात और भी भयावह हो गए हैं। सड़क पूरी तरह गड्ढा युक्त है, दोपहिया और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं, लेकिन कई बार शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग ने आंखें मूंद रखी हैं। मंगलवार को बारिश के बाद जब स्कूल की छुट्टी हुई, तो बच्चों को कीचड़ में निकलते देख ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने साफ कहा कि अगर किसी दिन कोई बड़ा हादसा हुआ तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी बच्चे के गंभीर रूप से घायल होने के बाद ही मरम्मत होगी? ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि बच्चों और आम जनता को राहत मिल सके।

# पुण्यतिथि पर भावपूर्ण पुष्पांजलि, भंडारा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। बंदी का पुरवा स्थित जेबीएस इंस्टीट्यूट में स्मृतिशेष माता श्रीमती फूलमती सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में श्रद्धा एवं सम्मान पूर्वक पुष्पांजलि की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संरक्षक एवं संस्थापक व सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह एवं प्रबंधक श्रीमती पूनम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान अंतर्गत सुंदरकांड का पाठ एवं हवन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हुआ। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिवानी, मनीषा, शालू, मानसी एवं आकांक्षा सहित अन्य मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

पुण्यतिथि के अवसर पर संस्थान परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं क्षेत्रीय लोगों द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया।

इस कार्यक्रम में हरख ब्लॉक प्रमुख रवि रावत, युग निर्माण इंटर कॉलेज के प्रबंधक परिपूर्णा नंद जी सहित अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने स्मृतिशेष माता श्रीमती फूलमती सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संस्कारों एवं समाज के प्रति योगदान को स्मरण किया। संस्थान परिवार ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।

## मौसम मिजाज बदला बढी ठंढ, किसान चिंतित

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को दिन में हुई वर्षा से ठंड फिर लौट आई।तथा इस वर्षा से किसानों की फसल को नुकसान हो सकता है। मंगलवार के दिन 10 बजे से वर्षा शुरू हुई। लगभग 5 घंटे तक रुक-रुक कर वर्षा होती रही। इस बरसात से सरसों और आलू की फसल पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।क्योंकि इस समय सरसों के पेड़ में फूल थे। वर्ष के कारण सरसों के फूल नीचे गिर गए। तथा आने वाले समय में आलू की फसलमें रोग लग सकता है। इसलिए किसान परेशान है।वर्षा होने के कारण फिर से ठंड बढ़ गई है। दिन से ही ठंड का प्रकोप जारी हो गया है।जिसे देखते हुए लगता है कि रात के समय में ठंड बढ़ जाएगी। इस समय धूप खुलने के कारण ठंड में कुछ राहत मिली थी। लेकिन वर्षा होने के कारण फिर से क्षेत्र में ठंड का प्रकोप जारी हो जाएगा।

## क्रय केंद्र से धान भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी, भागे बदमाश

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली अंतर्गत भिटरिया दिलोना मोड़ पर संचालित धान क्रय केंद्र से चोरी हुई धान से लदी ट्रैक्टर ट्राली को बदमाश लखनऊ अयोध्या हाईवे पर भिटरिया दरियाबाद ओवरब्रिज के पास खड़ी कर रफू चक्कर हो गए। ट्रैक्टर-ट्राली पुलिस को मिल गई,लेकिन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं और इस घटना ने पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर रात्रि गश्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।हैरानी की बात यह है कि चोरों को न तो ट्रैक्टर ट्राली लेकर आगे जाने का डर था ओर न ही दोबारा लौटने का कोई भय।ग्राम ढिकुलिहा मजरे धरौली निवासी अंकित कुमार वर्मा पीड़ित ने बताया की ट्राली से करीब 35 बोरी धान को चोरों ने ग़ायब कर दिया है शेष धान ट्रैक्टर ट्राली मिल गया है। इस वारदात के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है।

## मेला महादेवा रेट लिस्ट लगाने के निर्देश

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्रीलोधेश्वर महादेवा में फाल्गुनी कांवरिया मेले को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दुकानदारों के साथ बैठक की।तहसीलदार विपुल सिंह व थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे की मौजूदगी में हुई बैठक में रेट लिस्ट लगाने फिक्स रेट पर बिक्री लाइसेंस अनिवार्यता साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए। बिना लाइसेंस दुकान लगाने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग अतिक्रमण और खाने पीने की वस्तुओं में रंग केमिकल पर रोक लगाई गई।निर्धारित दरों पर ही खाद्य सामग्री बेचने के निर्देश दिए गए।पुलिस ने दुकानदारों से सहयोग और श्रद्धालुओं की सेवा भाव से सेवा करने की अपील की।इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े तीन लोग हिरासत में

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की संयुक्त टीमों ने मंगलवार सुबह बाराबंकी के बदोसराय थाना क्षेत्र से तीन युवकों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े संभावित कनेक्शन की जांच के तहत की गई है। टीमों ने खोर एत्मादपुर गांव में एक युवक के घर पर तलाशी अभियान भी चलाया।जानकारी के अनुसार, हिरासत में लिए गए युवकों में से एक राम लखन को सफ़ेदाबाद स्थित हिंद अस्पताल से पकड़ा गया। उसकी मां का अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था और वह वहीं भर्ती थी। केंद्रीय एजेंसियों की टीम ने अस्पताल पहुंचकर राम लखन से पूछताछ की और उसे हिरासत में ले लिया।इसके बाद शेषनारायण मिश्रा और आदित्य तिवारी नामक दो अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया गया है।रामलखन को हिरासत में लेने के बाद, सुबह करीब आठ बजे तीन वाहनों से पहुंची केंद्रीय एजेंसियों की टीमों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर राम लखन के घर पर छापा मारा। आधुनिक मशीनों की मदद से सघन तलाशी ली गई।हालांकि, तलाशी के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद होने की बात सामने नहीं आई है। इस कार्रवाई से पूरे गांव में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।इस मामले को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि संबंधित स्थान पर रेड की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्रवाई का ठोस कारण और राम लखन की भूमिका अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है।स्थानीय स्तर पर भी जांच कराई जा रही है और केंद्रीय एजेंसियों को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। फिलहाल, इस पूरे मामले में जांच जारी है और एजेंसियां हर पहलू को खंगाल रही हैं।आधिकारिक पुष्टि के बाद ही आगे की जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

## लाइव वर्ड एसोशिएशन का गठन

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगो ने मंगलवार को बड़ेल ओवरब्रिज के निकट स्थित रानी लान मे बैठक कर बाराबंकी लाइव वर्ड एसोशिएशन का गठन किया जिसमे अंज एग्रोवेट ग्रुप के कुलदीप सिंह को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया तथा श्री गौरी इंटरप्राइजेज के रंजीत सिंह, गौरव सिंह, इजहार अहमद को उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक मे पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगो से रूबरू होते हुए श्री गौरी इंटरप्राइजेज के रंजीत सिंह ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य मुर्गीपालन के क्षेत्र में सुधार करना, तकनीकी सहायता प्रदान करना, और किसानों को उचित बाजार दिलाना है जिससे व्यवसाय के लिए सरकारी सहयोग भी मिलता रहे। संगठन के विस्तार के लिए बारांबकी के आलावा जगदीशपुर, लखनऊ गोंडा बहराइच आदि जिलों के पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगो को जोड़ने की अपील की। लाइव वर्ड एसोशिएशन के गठन के मौक़ेपर मो0 मेराज मो0 ,शादाब, मो0 मुस्लिम मो0 शमीम शेरा भाई सहित लखनऊ के उमेर , रंजीत , समीर गोंडा के रवि सिंह, अली बप्पू तिवारी, बहराइच महेंद्र सिंह ने एसोसिएशन की सदस्यता ली।

## वेतन भुगतान में देरी , प्राथमिक शिक्षक संघ ने उठाई आवाज

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई ने जनवरी 2026 माह के वेतन भुगतान में हो रही देरी को लेकर संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला लेखाधिकारी (बेसिक) को पत्र भेजकर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि राज्य कर्मचारियों से मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराए जाने के संबंध में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्देश जारी किए गए थे। उक्त निर्देशों के क्रम में लगभग 47816 कार्मिकों का संपत्ति विवरण दर्ज न होने के कारण वेतन भुगतान बाधित होने की स्थिति बनी हुई है। संघ का कहना है कि परिषदीय शिक्षक इस श्रेणी में नहीं आते हैं तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा इस विषय में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश भी प्रसारित नहीं किया गया है, जिससे शिक्षकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि शिक्षकों के वेतन का समय से भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि शिक्षकों को अनावश्यक मानसिक और आर्थिक परेशानी से राहत मिल सके।

# सीएसजेएमयू में वेक्टर अलजेब्रा और मशीन लर्निंग पर आयोजित हुआ विशेषज्ञ व्याख्यान

एजेंसी



कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में कल्याणपुर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू ) के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज (एसबीएस) विभाग ने ''वेक्टर अलजेब्रा व मैट्रिक्स ऑपरेशंस मशीनें डेटा से कैसे सीखती हैं'' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह जानकारी मंगलवार को विभाग निदेशक प्रो. आर के द्विवेदी ने दी।

स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के विभाग निदेशक प्रो. आर के द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत गणित विभाग के समन्वयक प्रो. पी. एन. पाठक के औपचारिक स्वागत संबोधन से हुई, जिन्होंने बतौर मुख्य वक्ता डॉ. शुभांगी द्विवेदी (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, वीआईटी) को स्मृति चिह्न के रूप में औषधीय पौधा भेंट किया। वक्ता का औपचारिक परिचय एसबीएस के गणित विभाग के संकाय सदस्य डॉ. डी. के. सिंह से कराया गया। उन्होंने बताया कि अपने दो घंटे के व्याख्यान के दौरान डॉ. शुभांगी द्विवेदी के अमूर्त गणितीय अवधारणाओं और वास्तविक दुनिया के कम्प्यूटेशनल अनुप्रयोगों के बीच के अंतर को पाटते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी सरल शिक्षण पद्धति ने एक अत्यधिक संवादात्मक वातावरण तैयार किया, जिससे छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच गहन और वैचारिक चर्चा हुई। विभाग निदेशक प्रो. आर के द्विवेदी ने बताया कि इस सत्र का मुख्य केंद्र यह था कि कैसे वेक्टर और मैट्रिक्स ऑपरेशंस आधुनिक मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के आधार स्तंभ के रूप में कार्य करते हैं। छात्रों ने असाधारण उत्साह दिखाया और डेटा विज्ञान में इन गणितीय अवधारणाओं के व्यावहारिक कार्यान्वयन को समझने के लिए सत्र को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती देवी द्वारा किया गया, जिसमें गणित विभाग और स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के समस्त संकाय सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। इस मौके पर उप-निदेशक डॉ. अंजू दीक्षित भी उपस्थित रही।

# झपकी, बदमाश गल्ले से ले उड़े 38 हजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। गल्ले की दुकान से टप्पेबाजों ने हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया।घटना के समय दुकानदार अपनी दुकान के बाहर कुर्सी पर बैठा तभी उसे नींद आई।और बदमाश ने काम तमाम किया।

कुर्सी कस्बा निवासी राम नरेश ने बताया कि लखनऊ - महमूदाबाद मार्ग पर कस्बे में ही गल्ला खरीदने का काम करता हैं।दोपहर करीब दो बजे उसका पुत्र दुकान के बाहर धूप में कुर्सी पर बैठे-बैठे सो गया।इसी बीच बाइक से आए दो अज्ञात लोगों ने दुकान का गल्ला खोल कर उसमें रखे 33 हजार चार सौ रुपए निकाल कर फरार हो गए।दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना रिकार्ड हो गई है।जिसमें बाइक सवार दो लोग दिखाई दे रहे हैं।जिसमें एक व्यक्ति दुकान के अंदर तथा दूसरा व्यक्ति बाहर खड़ा दिखाई दे रहा है।थानाध्यक्ष कुर्सी कृष्णकांत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## तूल पकड़ रहा है शिक्षा माफिया द्वारा पत्रकार से अभद्रता मामला, पत्रकारों में भारी आक्रोश

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अवैधरूप से संचालित एक माण्टेसरी स्कूल की खबर छपने के बाद एबीएसए द्वारा की गई कार्यवाही से नाराज स्कूल संचालक व उनके समर्थकों ने पत्रकार से हाथापाई की। इस घटना को लेकर क्षेत्रीय पत्रकारों में भारी आक्रोश है। मिली जानकारी अनुसार लखनऊ से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक देवकली प्रसाद शुक्ला द्वारा अपने समाचार पत्र मे देवा रोड स्थित ग्राम इसरौली मे अवैध रूप से चल रहे एक माण्टेसरी स्कूल के खिलाफ खबर छपने के बाद एबीएसए द्वारा तत्काल जांच कराने बाद उस माण्टेसरी स्कूल को बन्द करवा दिया।जिससे झुब्ध संचालक सूरज वर्मा व उनके भाईयों ने पत्रकार को ग्राम में धोखे से बुलाया फिर जाबेजा शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके साथ हाथापाई की।जिसे देख आसपास के लोगो ने बीच-बचाव करा दिया पत्रकार ने अपने साथ हुई घटना से पुलिस को लिखित रूप में अवगत करा दिया कोतवाल अमित सिंह ने बताया घटना की जांच और शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जायेगी।

## पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित, 8 से 10 जून तक होगी लिखित परीक्षा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत होने वाली लिखित परीक्षा की तारीखें घोषित कर दी हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से मंगलवार को जारी सूचना में बताया गया कि सिपाही भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा 8 जून (सोमवार), 9 जून (मंगलवार) और 10 जून (बुधवार) को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा तीनों दिनों में दो-दो पालियों में कराई जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से कुल 32,679 पदों को भरा जाएगा। सिपाही भर्ती परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी, परीक्षा केंद्र, एडमिट कार्ड एवं दिशा-निर्देश उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित सीधी भर्ती-2025 के लिए अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान किया गया है।

# सतर्कता, समन्वय और समयबद्ध तैयारी से होगा सफल बाढ़ प्रबंधन : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में संभावित बाढ़ और अतिवृष्टि की चुनौतियों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को व्यापक तैयारी और प्रभावी समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जितनी बेहतर तैयारी होगी, उतनी ही तेजी और सफलता से चुनौती का समाधान किया जा सकेगा। लोकभवन में बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बाढ़ व अतिवृष्टि पूर्व प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी तटबंधों, ड्रेनों और संवेदनशील स्थानों की समयबद्ध मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और निगरानी को अनिवार्य बताया। उन्होंने निर्देश दिया कि सतर्कता, समन्वय और तय समयसीमा में काम पूरा करना ही सुरक्षित बाढ़ प्रबंधन की मूल कुंजी है।

बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गंगा, सरयू (घाघरा) राप्ती, रामगंगा, गंडक, यमुना, गोमती और सोन नदी बेसिन के आस-पास के जनपद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। नदी-पट्टी और वर्षा पैटर्न का विश्लेषण करते हुए इस वर्ष 12 जनपदों में 18 तटबंधों को संवेदनशील चिह्नित किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 241.58 किमी है। 11 जनपद के 19 तटबंधों को अति संवेदनशील चिन्हित किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 464.92 किमी है। इन सभी स्थानों पर अग्रिम सुरक्षा कार्य प्राथमिकता पर चल रहे हैं। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण इलाकों में जल-निकासी को सुचारु रखने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रेनों की सफाई और ड्रेजिंग कराई जा रही है। विभाग के अधीन कुल 10 हजार 727 ड्रेन हैं, जिनकी संयुक्त लंबाई 60 हजार 047 किमी है। कई महत्त्वपूर्ण रूटों की सफाई पूरी हो चुकी है और शेष कार्य तय समय में पूरे किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमोदित ड्रेजिंग परियोजनाएं जनपदवार लागू की जा रही हैं, जिससे नदी प्रवाह सुधरेगा और तटीय इलाकों में जलभराव कम होगा। इसके साथ ही वर्ष 2026 की संभावित बाढ़ स्थिति को ध्यान में रखते हुए नई सुरक्षा परियोजनाएं भी प्रस्तावित की गई हैं। उनके परीक्षण और अनुमोदन की प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी तटबंधों और बैराजों पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ड्रोन-मैपिंग, वाटर लेवल सेंसर और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय को और मजबूत बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जहां कहीं नदी के मेन स्ट्रीम में सिल्ट की अधिकता हो, नदी उथली हो, वहां ड्रेजिंग को प्राथमिकता दी जाए और नदी को चैनलाइज किया जाए। यदि ड्रेजिंग से समाधान होना संभव न हो, तब ही तटबंध अथवा कटान निरोधी अन्य उपायों को अपनाया जाये।

# भाऊराव देवरस का नाम आज भी प्रेरणा दे रहा : गोविन्ददेव गिरि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भाऊराव देवरस सेवा न्यास लखनऊ द्वारा आज 31वां पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर निरालानगर लखनऊ स्थित माधव सभागार में किया गया। साहित्यकार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज ने कहा कि संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे स्वर्गीय भाऊराव देवरस का नाम आज भी प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारकों ने क्या नहीं किया। क्या होती है भक्ति, क्या होता है समर्पण, क्या होती है राष्ट्रनिष्ठा और क्या होती है ध्येयनिष्ठा... यह पूरी दुनिया को दिखाई देती है ऐसी संघ के प्रचारकों की मंगलमयी धारा का मैं अभिवादन करता हूं।

गोविंददेव गिरि ने कहा कि हमारे धर्मग्रन्थों में साहित्य की अपरंपार महिमा गायी गयी है। उन्होंने कहा कि साहित्य के बल पर ही हमारी संस्कृति बची है। मुगल आक्रान्ताओं ने हमारे साहित्य को जलाया नष्ट किया फिर भी वैदिक व भारतीय संस्कृति बची। इसके कारण ही भारतीय संस्कृति के पुनरूत्थान का समय आया है। आज पुनरूत्थान के काल में हम जी रहे हैं। राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ और अनुच्छेद 370 हटा। अभी हम लोग भारत माता को विश्व के सर्वोच्च शिखर पर विराजमान होते देखेंगे।

स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि साहित्यकारों का सम्मान सरस्वती की प्रत्यक्ष पूजा है। दुनिया में जितने भी क्षेत्र हैं साहित्य का क्षेत्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा साहित्य चिरस्थायी प्रभाव डालता है। इसलिए उत्तम साहित्य का सृजन होनाा चाहिए। क्योंकि बोला हुआ शब्द तात्कालिक भाव डालता है और लिखा हुआ शब्द चिरस्थायी प्रभाव डालता है। सर्वोच्च साहित्य वही है जिससे लोगों का हित हो,जिसके कारण लोगों के मन में सदभाव व प्रेरणा जगे। राष्ट्रभक्तिपरक व लोकमंगलकारी साहित्य की रचना होनी चाहिए। छह साहित्यकारों को किया गया सम्मानितभाऊराव देवरस सेवा न्यास की ओर से 31वें पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्यकार सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं में छह साहित्यकारों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व 25 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी गोविन्द दे?व गिरि के हाथों काव्य के विधा में बेगूसराय बिहार के राहुल शिवाय, बाल साहित्य में अलीगढ़ के शादाब आलम, कथा साहित्य में सोनभद्र की वंदना चौबे, संस्कृत में शाहजहांपुर की डा.दीपिका दीक्षित, पत्रकारिता में बिहार के सुपौल के अंशुमान झा और भूटिया भाषा से सिक्किम के डा जिग्मी वांग्चुक भूटिया को यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के कुल?पति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि किसी भी देश के लिए युवा प्राणवायु की तरह होते हैं। युवाओं की दिशा सही होगी तो 2047 तक विकसित भारत बनना तय है। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफ़ेसर विजय कुमार कर्ण ने भाऊराव देवरस सेवा न्यास की गतिविधियों से परिचित कराया। न्यास के संयुक्त सचिव जितेन्द्र अग्रवाल ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन शिव सिंह ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक कौशल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, संघ के सह प्रान्त सम्पर्क प्रमुख डा. हरनाम सिंह, विभाग कार्यवाह अमि?तेश और विभाग प्रचारक अनिल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत

एजेंसी



हरारे। अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में बुधवार को एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अपने अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें।

ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाज़ी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने पांच मैचों में सिर्फ 99 रन बनाए हैं जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 53 रन है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज की फॉर्म भी भारत के लिए चिंता का विषय है क्योंकि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज तीन पारियों में केवल 46 रन ही बना सका है। भारतीय गेंदबाजी की कमान दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश के हाथ में है। इन दोनों तेज गेंदबाजों को स्पिनर खिलन पटेल का भी अच्छा सहयोग मिला है, जिन्होंने पांच मैचों में आठ विकेट लिए हैं। म्हात्रे और मल्होत्रा गेंदबाजी में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। मल्होत्रा ने अभी तक टूर्नामेंट में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से पांच विकेट लेने के अलावा भारत की तरफ से एकमात्र शतक भी लगाया है।

# हमारा ध्यान पूरी तरह से टी20 विश्व कप जीतने पर केंद्रित, सुरक्षा पर पूरा भरोसा: मार्श

एजेंसी



लाहौर। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को पाकिस्तान के भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने और बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने इन दोनों मसलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका पूरा ध्यान इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने पर है। मार्श कल रात यहां मेजबान टीम के हाथों टी20 श्रृंखला में 0-3 से मिली हार के बाद पाकिस्तान के मीडिया से रूबरू थे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान से टीम के प्रदर्शन के अलावा मैदान से बाहर चल रही गतिविधियों के बारे में भी सवाल पूछे गए जिनके कारण भारत और श्रीलंका में सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मार्श से जब 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले मैच का पाकिस्तान द्वारा बहिष्कार करने के संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''इस समय मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। हम विश्व कप में सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। बाकी चीजें अपने आप सुलझ जाएंगी। पत्रकारों ने उनसे बांग्लादेश को 'सुरक्षा चिंताओं' के कारण भारत आने से इनकार करने पर प्रतियोगिता से बाहर किए जाने के बारे में भी सवाल पूछा गया जिस पर उनकी प्रतिक्रिया पहले जैसी ही थी। उन्होंने कहा, ''मेरी पिछली प्रतिक्रिया भी यही थी। हम विश्व कप जीतने की कोशिश करने जा रहे हैं और हमारा पूरा ध्यान इसी पर केंद्रित है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के रूप में हमें वहां के लोगों पर भरोसा है कि वे हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। मैं बस इतना ही कहूंगा। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के शुरुआती चरण के दौरान श्रीलंका में रहेगा। वह इस दौरान श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान का सामना करेगा। मार्श ने पाकिस्तान के खिलाफ मिली हार और यहां स्पिनरों के सामने हुई परेशानी को बहुत अधिक तवज्जो नहीं दी। उसके बल्लेबाज मोहम्मद नवाज, शादाब खान और अबरार अहमद की स्पिन तिकड़ी के सामने बगलें झांकते हुए नजर आए, जिन्होंने मिलकर 17 विकेट लिए। मार्श ने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं कि इस श्रृंखला में हमने संघर्ष किया, लेकिन पिछले 18 महीनों में हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक रहे हैं और हमने स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हम यहां मिले अनुभव का विश्व कप में फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। हम जानते हैं कि इस तरह की परिस्थितियों में हमारी टीम अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम है और इसलिए हम विश्व कप को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## फॉर्म में चल रहे भारत को टी20 विश्व कप में हराना बेहद मुश्किल होगा: क्लिंगर

**वडोदरा।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और अब कोच माइकल क्लिंगर ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया श्रृंखला में भारत के प्रदर्शन से पता चलता है कि सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में आखिर क्यों गत चैंपियन को हराना बहुत मुश्किल होगा। डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात जाइंट्स के मुख्य कोच क्लिंगर के अनुसार भारत का आक्रामक शीर्ष क्रम उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत टीम बनाता है। क्लिंगर ने बातचीत में कहा, ''जिस फॉर्म में वे हैं और मैंने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ जो देखा उससे भारत को हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्हें हराने के लिए किसी टीम को शायद फाइनल में उनके खराब दिन का फायदा उठाना होगा। क्लिंगर ने कहा कि अभिषेक शर्मा का उभरना शीर्ष क्रम में भारत के आक्रामक रवैये की खास बात रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टी20 के अलावा 182 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले क्लिंगर ने कहा, ''अभिषेक शर्मा शायद मेरे नए पसंदीदा खिलाड़ी हैं। मैं उन्हें पिछले कुछ समय से देख रहा हूं। आईपीएल में ट्रेविस हेड के साथ पारी का आगाज करना और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा करना, वह निडर हैं और उन्हें देखना शानदार है।' भारत का निडर रवैया अभिषेक और इशान किशन ने दिखाया, जिन्होंने लगातार न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। क्लिंगर ने कहा, ''इशान किशन ने फिर शानदार फॉर्म हासिल कर ली है और निश्चित रूप से विश्व कप की एकादश में जगह बनाने के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं।'' हालांकि क्लिंगर ने चेतावनी दी कि भारत को अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका मजबूत टीम हैं। हाल में बहुत अधिक टी20 क्रिकेट खेलने वाला दक्षिण अफ्रीका भी खतरनाक होगा।''

## अमेरिकी शुल्क कटौती श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए सकारात्मक: मूडीज

**नयी दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि अधिकांश भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में कटौती से रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों की ऋण चुकाने की क्षमता बेहतर होगी। इन क्षेत्रों का देश के निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान है। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को मौजूदा के 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत के बाद यह जानकारी दी। मूडीज ने बयान में कहा कि यह व्यापार समझौता अमेरिका को भारत के वस्तु निर्यात में नई जान फूंकेगा। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा वस्तु निर्यात बाजार बना हुआ है, जो 2025 के पहले 11 महीनों में भारत के कुल वस्तु निर्यात का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा रहा। मूडीज ने कहा, ''कम शुल्क दर रत्न एवं आभूषण, कपड़ा और परिधान जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए भी ऋण चुकाने की क्षमता के लिहाज से सकारात्मक होगी, जो शीर्ष निर्यात क्षेत्रों में शामिल हैं। हालांकि, दवाइयों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स को अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत के उच्च शुल्क से छूट मिली हुई थी, इसलिए शुल्क में कटौती का इन पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। मूडीज ने कहा कि हाल के महीनों में भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद कम की है, लेकिन इसके पूरी तरह तुरंत बंद होने की संभावना नहीं है, क्योंकि ऐसा करना भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बाधक हो सकता है। मूडीज ने कहा, ''रूसी तेल से पूरी तरह हटकर अन्य स्रोतों पर निर्भरता आपूर्ति को और कड़ा कर सकती है, कीमतें बढ़ा सकती है और इसके कारण महंगाई भी बढ़ सकती है, क्योंकि भारत दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातकों में से एक है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से एफडीआई प्रवाह बढ़ेगा, रुपया होगा मजबूत: ईएसी-पीएम चेयरमैन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के साथ-साथ पोर्टफोलियो निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा, जिसका रुपये के मूल्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए जिसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा, जो चीन, बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत के बाद व्यापार समझौते को लेकर घोषणा की। देव ने एक साक्षात्कार में कहा कि व्यापार समझौते की घोषणा कई मायनों में भारत के लिए बहुत बड़ी है क्योंकि इससे कपड़ा और रत्न तथा आभूषण जैसे कुछ श्रम-केंद्रित विनिर्माण क्षेत्रों को लाभ होगा। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत जुर्माने सहित 50 प्रतिशत शुल्क लगाया था, जिससे अमेरिका में भारत के निर्यात पर असर पड़ा। देव ने कहा कि 18 प्रतिशत शुल्क बांग्लादेश, वियतनाम, चीन और ब्राजील समेत कई देशों की तुलना में कम है। उन्होंने कहा, ''अब 18 प्रतिशत शुल्क होने से हमें लाभ मिलेगा। और मुझे उम्मीद है कि भारत का अमेरिका में निर्यात बढ़ेगा। हमारे पास यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ तथा कई अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) हैं। इसलिए हमारा निर्यात और अधिक बढ़ेगा। इसका विकास पर भी प्रभाव पड़ेगा। हमारी आर्थिक वृद्धि पहले की तुलना में कहीं अधिक होगी। अनिश्चितताओं और धन की वापसी के कारण शुद्ध एफडीआई और एफआईआई प्रवाह प्रभावित होने की बात कहते हुए देव ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के साथ यह उम्मीद है कि यह स्थिति पलटेगी, जिससे घरेलू मुद्रा को समर्थन मिलेगा। देव ने कहा, ''मुझे लगता है कि इस घोषणा के बाद, समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता कम होगी और इससे शेयर बाजार में एफडीआई और एफआईआई का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से वाहन कलपुर्जों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी: एक्मा

**नयी दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा उद्योग के निकाय एक्मा ने मंगलवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि यह समझौता अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा। भारतीय वाहन कलपुर्ज़ा विनिर्माता संघ (एक्मा) ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की सराहना की। निकाय ने कहा कि यह समझौता दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच बढ़ती रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को दर्शाता है। एक्मा के अध्यक्ष विक्रमपति सिंघानिया ने बयान में कहा, ''जवाबी शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने का प्रस्ताव एक सकारात्मक कदम है, जो अमेरिकी बाजार में भारतीय वाहन कलपुर्जों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे समय में जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं संरचनात्मक बदलावों से गुजर रही हैं।

# अपने पहले टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है इटली

एजेंसी



बेंगलुरु। फुटबॉल के दीवाने इटली में क्रिकेट की शुरुआत 18वीं शताब्दी में हो गई थी लेकिन यह खेल हमेशा वहां हाशिये पर ही रहा लेकिन दो सदियों के बाद अब लगता है कि इस देश में क्रिकेट गुमनामी से बाहर निकल आएगा।

वेन मैडसन की अगुवाई वाली इटली की टीम आगामी टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है और यह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है। पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में चार विकेट से मिली जीत टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली जीत थी। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक सहायक कोच केविन ओब्रायन थे जो आयरलैंड के मशहूर पूर्व ऑलराउंडर हैं। इटली ने ओब्रायन के अलावा कनाडा के पूर्व बल्लेबाज जॉन डेविसन को मुख्य कोच के रूप में अपने सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है। इंग्लैंड के लिए 25 वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच तथा वारविकशर के लिए 209 प्रथम श्रेणी के मैच खेलने वाले डौगी ब्राउन टीम के दूसरे सहायक कोच हैं। इटली क्रिकेट महासंघ (आईसीएफ) की अध्यक्ष लोरिया हाज़ पाज़ ने पीटीआई से कहा, ''हमारे सहयोगी स्टाफ के पास अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और वे जानते हैं कि विश्व कप में खेलने के लिए क्या जरूरी होता है। यह हमारे लिए वास्तव में बेहद महत्वपूर्ण है। हमारे युवा खिलाड़ी उनसे इस तरह की बड़ी प्रतियोगिताओं में दबाव झेलने के लिए काफी कुछ सीख सकते हैं। उम्मीद है कि हमारी टीम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी। पिछले साल 11 जुलाई को आईसीसी के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करना इटली क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक क्षण था। लेकिन वह इस सफलता पर संतुष्ट होकर बैठने को तैयार नहीं था। आईसीएफ ने पिछले साल नवंबर से खिलाड़ियों के कौशल को निखारने के लिए दुबई और श्रीलंका में शिविरों का आयोजन किया। डेविसन ने कहा, ''सबसे अहम बात यह स्वीकार करना था कि काम अभी पूरा नहीं हुआ है। इन शिविर से टीम को काफी फायदा हुआ क्योंकि यहां की परिस्थितियां भारतीय परिस्थितियों से काफी हद तक मिलती-जुलती थीं। इससे खिलाड़ियों को यह पता चला कि विश्व कप में उनसे क्या उम्मीद की जा रही है। इससे उन्हें विश्व कप जैसी बड़ी प्रतियोगिता के लिए मानसिक रूप से तैयार होने में भी मदद मिली। इटली की टीम को उम्मीद है कि वह ग्रुप सी के अपने पहले दो मैचों में स्कॉटलैंड (जिसने बांग्लादेश की जगह ली है) और नेपाल के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करेगी। इसके बाद उसे पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पिछले साल यूरोपीय क्षेत्रीय प्रतियोगिता में इटली ने स्कॉटलैंड को हराया था और वे इस बार भी वैसा ही प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे। नेतृत्व को लेकर चली खींचतान के कारण पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज जो बर्न्स को टीम से बाहर किये जाने के बावजूद इटली अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हार के बावजूद सबालेंका शीर्ष पर बरकरार, जोकोविच तीसरे स्थान पर पहुंचे

**मेलबर्न।** कार्लोस अल्काराज़ से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज़ ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं।

# सर्राफा बाजार की कमजोरी जारी सोना-चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में गिरावट का रुख लगातार जारी है। सोना आज 6,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 7,410 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 19 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की दर्ज की गई है। सोने की कीमत में कमजोरी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,53,160 रुपये से लेकर 1,53,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,40,390 रुपये से लेकर 1,40,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,53,310 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,53,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,53,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,53,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,40,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,53,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,53,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,53,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,40,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,53,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,53,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता विश्व की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के बीच एक ऐतिहासिक कदम: खंडेलवाल

नई दिल्ली। भाजपा के सांसद एवं कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता को विश्व की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के बीच आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐतिहासिक कदम बताया है। खंडेलवाल ने कहा कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा देगा, भारत में निवेश को प्रोत्साहित करेगा तथा विशेष रूप से एमएसएमई, स्टार्टअप्स और विनिर्माण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेगा। कैट महामंत्री ने कहा कि यह मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल जैसी पहलों को मजबूती प्रदान करते हुए भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजारों तक व्यापक पहुंच दिलाएगा और घरेलू मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते से विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र एवं परिधान, रत्न एवं आभूषण, कृषि उत्पाद, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल सेवाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलेगा। भारतीय निर्यातकों, व्यापारियों और उद्यमियों को व्यापार अवरोधों में कमी, बेहतर बाजार पहुँच और प्रौद्योगिकी सहयोग का सीधा लाभ प्राप्त होगा। खंडेलवाल ने आगे कहा कि इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पक्ष नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ावा देना है, जिससे भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होगी और सतत आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर भारत-अमेरिका व्यापार समझौता केवल एक व्यावसायिक समझौता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आर्थिक साझेदारी है, जो भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा को तेज करेगी और देश को वैश्विक विनिर्माण एवं व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जियो स्टूडियोज ने सिख्या एंटरटेनमेंट में खरीदी बहुमत हिस्सेदारी

एजेंसी



मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस स्ट्रैटेजिक बिजनेस वेंचर्स लिमिटेड ने फिल्म और कंटेंट के क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिख्या एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड में 50.1 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। करीब 150 करोड़ रुपये के इस सौदे में नए निवेश के साथ-साथ मौजूदा हिस्सेदारी की खरीद भी शामिल है। इस डील के बाद जियो स्टूडियोज को रचनात्मक ताकत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। सिख्या एंटरटेनमेंट भारत की जानी-मानी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित प्रोडक्शन कंपनी है। इसे गुनीत मोंगा कपूर और अचिन जैन ने स्थापित किया था। इस कंपनी ने कई ऐसी फिल्में बनाई हैं, जिन्होंने भारतीय कहानियों को दुनिया भर में पहचान दिलाई है। सिख्या खास इसलिए है क्योंकि यह एकमात्र भारतीय प्रोडक्शन हाउस है, जिसने ऑस्कर पुरस्कार भी जीता है। इसकी मशहूर फिल्मों में 'पीरियड. एंड ऑफ सेंटेंस' और 'द एलीफेंट व्हिसपरर्स' शामिल हैं। वहीं 'मसान', 'सोराई पोट्रू' और 'कटहल' जैसी फिल्मों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। जियो स्टूडियोज पहले से ही बड़ी और सफल फिल्मों के निर्माण और वितरण में सक्रिय है। अब सिख्या की मजबूत कहानी कहने की कला और जियो के बड़े नेटवर्क के साथ मिलकर भारतीय फिल्मों और सीरीज को दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से भारत की वृद्धि को मिलेगी गति : उद्योग जगत

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते का उद्योग जगत ने स्वागत किया है। भारतीय उद्योग जगत के शीर्ष उद्यमियों ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान देगा।

व्यापार समझौते पर प्रतिक्रिया देते हुए महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) अनीश शाह ने इसे ''द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम'' बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत वृद्धि पथ पर होने के साथ यह सौदा भारत की वृद्धि महत्वाकांक्षाओं को सार्थक गति प्रदान करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसको लेकर बड़ा ऐलान भी किया है, जिसके तहत भारत पर लागू टैरिफ घटाकर तत्काल 18 फीसदी करने की घोषणा की है। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि कम शुल्क से इन दो महान देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी और निवेश तथा सहयोग के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता अधिक लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने, विनिर्माण के अवसरों को खोलने और अमेरिका तथा भारत में दीर्घकालिक आर्थिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में मदद करेगा। टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन सुदर्शन वेणु ने भी कहा कि भारतीय सामानों पर अमेरिकी जवाबी शुल्क को घटाकर 18 फीसदी करना एक सकारात्मक कदम है, जो निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करता है और दीर्घकालिक द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों में विश्वास पैदा करता है। उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में, व्यापार में खुलापन भारतीय उद्योग को विस्तार करने, नवाचार करने और नौकरियां पैदा करने में मदद करेगा। इसी तरह महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, इससे संभलकर आगे बढ़ने के लाभों का पता चलता है। जब शोर थम जाएगा, तो दो स्वाभाविक साझेदार साथ आएंगे।

# एसआईआर 'पीड़ितों' को अपना बचाव करने का अवसर नहीं दिया जा रहा: ममता

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित लोगों को अपना बचाव करने का अवसर नहीं दिया जा रहा और विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्यों में इस प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया।

बंगाल में एसआईआर 'पीड़ितों' के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि वे उन कई अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिन्हें इस प्रक्रिया के कारण नुकसान उठाना पड़ा। बनर्जी ने दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हमारे पीछे बैठे सभी लोग एसआईआर के पीड़ित हैं। मैं यहां लाखों लोगों को ला सकती थी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने आरोप लगाया, 'वे एसआईआर पीड़ितों को अपना बचाव करने का मौका नहीं दे रहे हैं। सोमवार को तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और अन्य नेता इनमें से कुछ लोगों को लेकर एसआईआर मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात के लिए पहुंचे थे, लेकिन बनर्जी बाद में विरोध जताते हुए बैठक से बीच में ही बाहर निकल गईं और दावा किया कि उनके प्रतिनिधिमंडल का अपमान हुआ है। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर काम करने का भी आरोप लगाया। एसआईआर के समय पर सवाल उठाते हुए बनर्जी ने मंगलवार को सवाल किया कि विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यह प्रक्रिया क्यों की जा रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यह प्रक्रिया केवल विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में ही क्यों की जा रही है, भाजपा शासित असम में क्यों नहीं, जहां चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा, 'चुनाव वाले चार राज्यों में से तीन राज्यों में वे एसआईआर कर रहे हैं, लेकिन भाजपा शासित असम में नहीं। बनर्जी ने पूछा, 'चुनाव से ठीक पहले एसआईआर क्यों किया जा रहा है? क्या बिना किसी योजना के इसे 2-3 महीनों के भीतर करना संभव है? ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने इससे पहले चाणक्यपुरी के 'बंग भवन' में एसआईआर प्रक्रिया से प्रभावित लोगों से मुलाकात की और दावा किया कि ये पात्र मतदाता हैं जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। बनर्जी ने उन्हें हर तरह के सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि उनके अधिकारों, गरिमा और लोकतांत्रिक आवाज के लिए यह लड़ाई तब तक नहीं रुकेगी जब तक न्याय नहीं मिल जाता।

# देश के हितों के साथ समझौता कर रहे हैं मोदी : राहुल

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनायी गयी थी वह टूट रही है इसलिए श्री मोदी ने डर कर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ मकर द्वार पर पार्टी के आठ सांसदों-हिबी ईडन, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, गुरजीत सिंह औजला, किरण कुमार रेड्डी, प्रशांत पाडोले, एस. वेंकटेशन और डीन कुरियाकोस के लोकसभा से निलंबन और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करने के बाद पत्रकारों से कहा कि विपक्ष के नेता को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है और यह इसलिए हो रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री ने भारत के हितों के साथ समझौता कर देश को बेच दिया है। मैं तीन बातें बोलना चाहता हूं लेकिन बोलने नहीं दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबराए हुए हैं। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता चार माह से रुका हुआ था। इस बारे में जो मैं जानता हूं वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कल शाम भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये। उन पर दबाव था। दरअसल श्री मोदी की जो इमेज का गुब्बारा है और जिसे हजारों करोड़ रुपए देकर बनाया गया है वह टूट सकता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा "मुद्दा पूर्व सेना प्रमुख का नहीं है। यह तो साइड शो है। यह मैं भी जानता हूं और श्री मोदी भी जानते हैं। मुख्य मुद्दा यह है कि हमारे प्रधानमंत्री ने देश हितों के साथ समझौता कर लिया है। यह किसने और कैसे किया, यह सब देश को जनता को सोचना है। लेकिन इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने नहीं दिया गया है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में श्री मोदी ने देश के लोगों की मेहनत और खून-पसीने को बेच दिया है और देश को इसलिए बेचा है कि यह समझौता हुआ है। देश को बेच दिया गया है इसलिए श्री मोदी डरे हुए हैं। जिन लोगों ने उनकी इमेज बनाई है वे उसको तोड़ने में लगे हैं। श्री गांधी ने कहा कि अमेरिका में उद्योगपति अडानी पर जो मामला है, दसअसल वह अडानी पर नहीं बल्कि मोदी को निशाना बनाया जा रहा है। यह फाइनेंस पर निशाना साधा जा रहा है। यह केस सही मायने में श्री मोदी पर है क्योंकि अडानी भाजपा का वित्तीय समर्थन करते हैं। अभी एप्स्टीन का मामला पूरा सामने नहीं आया है। देश को समझ लेना चाहिए कि प्रधानमंत्री देश के हितों के साथ समझौता कर रहे हैं।

## भारत का सामाजिक न्याय, सामाजिक संरक्षण संवैधानिक गारंटियों पर आधारित है: सावित्री ठाकुर

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में दिये अपने वक्तव्य में कहा है कि भारत का सामाजिक न्याय और सामाजिक संरक्षण संवैधानिक गारंटियों पर आधारित हैं और देश के दीर्घकालिक दृष्टिकोण 'विकसित भारत 2047' के अनुरूप हैं। श्रीमती ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों अमेरिका के दौरे पर है। प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक विकास आयोग (सीएसओसीडी) के 64 वें सत्र में समावेशी और अधिकार-आधारित सामाजिक विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।श्रीमती ठाकुर ने भारत के अधिकार-आधारित और समग्र समाज-केंद्रित सबका साथ-सबका विकास दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार और समाज के समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी पीछे न छूटे। उन्होंने कहा कि प्रयास किये जा रहे हैं कि समन्वित, न्याय संगत और समावेशी नीतियों के माध्यम से सामाजिक विकास और सामाजिक न्याय को निरंतर आगे बढ़ाया जाये। उन्होंने "सबका साथ, सबका विकास" के मार्गदर्शक सिद्धांत का उल्लेख किया जिसमें सरकार और समाज के समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी पीछे न छूटे। समन्वित, न्यायसंगत और समावेशी नीतियों के माध्यम से सामाजिक विकास और सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने पर श्रीमती ठाकुर ने व्यापकता, समावेशिता और अंतिम सिरे तक वितरण को प्रदर्शित करने वाली प्रमुख राष्ट्रीय पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत की। दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर विद्यालय बुनियादी ढांचा और आवासीय शिक्षा के माध्यम से लड़कियों और लड़कों की शिक्षा में समान भागीदारी सुनिश्चित करना, पाइप द्वारा पेयजल, स्वच्छ खाना पकाने की ऊर्जा और स्वच्छता सुविधाओं सहित बुनियादी सेवाओं के व्यापक स्तर पर विस्तार से महिलाओं और कमजोर समुदायों को महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने शादी डॉट कॉम से जुड़े आपराधिक मामले को हाईकोर्ट को वापस भेजा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को शादी डॉट कॉम के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अनुपम मित्तल की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें वैवाहिक प्लेटफॉर्म के एक उपयोगकर्ता ने बिना सत्यापित प्रमाणपत्रों के प्रोफाइल बनाकर एक महिला को धोखा दिया। मित्तल ने इस मामले में आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की खंडपीठ ने इस बात पर ध्यान दिया कि मित्तल के खिलाफ कार्यवाही पहले ही स्थगित की गयी थी और पीठ के समक्ष मामला अंतिम विचार के लिये लाया गया था।

मित्तल की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी ने दलील दी कि शादी डॉट कॉम केवल एक मैचमेकिंग मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है, संभावित व्यक्तियों के बीच प्रारंभिक संपर्क को सुगम बनाता है। इससे आगे इसकी कोई अन्य भूमिका नही है। उन्होंने तर्क दिया कि मित्तल को गलत तरीके से आरोपी बनाया गया है, जबकि कंपनी ने जांच एजेंसी के साथ लगातार सहयोग किया है। वरिष्ठ वकील ने इसका भी उल्लेख किया कि इस मामले में एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया था और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था। इस पूरे मामले में मित्तल की इसमें कोई सीधी भूमिका नहीं थी। श्री नाडकर्णी ने यह तर्क भी दिया कि यह कथित अपराध धोखाधड़ी का है और प्लेटफॉर्म पर प्रारंभिक संवाद के बाद शिकायतकर्ता और आरोपी ने स्वतंत्र रूप से व्हाट्सएप के जरिये बातचीत की। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 का पालन न करने के आरोपों को भी खारिज किया और इस बात को रखा कि कंपनी ने अपनी सांविधिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। पीठ ने हालांकि इस तथ्य पर गौर किया कि अभियोजन पक्ष का मामला यह था कि यह प्लेटफॉर्म ने धोखाधड़ी में मदद की थी। पीठ ने यह भी सवाल उठाया कि राहत के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा क्यों खटखटाया गया, जब उच्च न्यायालय में पहले से ही निरस्तीकरण याचिका लंबित थी। उच्चतम न्यायालय ने इस बात का संज्ञान लिया कि उच्च न्यायालय के आदेश में निरस्तीकरण याचिका के गुण-दोषों पर कोई निर्णय नहीं झलकता है। इसमें केवल सीमित दलीलों को ही दर्ज किया गया है। इसके मद्देनजर पीठ ने व्यवस्था दी कि इस मामले पर उच्च न्यायालय को पुनर्विचार करने की जरूरत है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने पिछले आदेश को रद्द कर दिया और मामले को नये सिरे से गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने के लिए वापस उच्च न्यायालय भेज दिया।

## पिछले 10 साल में इलाज पर लोगों के खर्च में आयी भारी कमी: नड्डा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को कहा कि पिछले 10 साल में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के कारण इलाज पर लोगों का खर्च काफी कम हो गया है।

श्री नड्डा ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं और दवाइयां मुहैया कराने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। इनके परिणाम स्वरूप पिछले 10 साल में लोगों द्वारा अपनी जेब से इलाज पर किया गया खर्च 62.6 प्रतिशत से घटकर 39.4 प्रतिशत रह गया है। इससे आम लोगों को काफी राहत मिली है।

उन्होंने कहा बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सरकार जिला स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है। इसके अलावा, जन औषधि केंद्रों पर जेनरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीबों को साल में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। सस्ती दवाओं के लिए अमृत फार्मेसी शुरू की गयी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इन सभी योजनाओं के कारण इलाज पर आम लोगों के खर्च में कमी आयी है। दवाओं की ऊंची कीमतों के बारे में पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में श्री नड्डा ने कहा कि दवाओं के मूल्य निर्धारण के तीन उद्देश्य हैं - दवाएं लोगों की पहुंच के भीतर हों, फार्मा उद्योग की वृद्धि बनी रहे और लोगों को रोजगार मिलता रहे। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि कैंसर की 63 दवाओं की मूल्य सीमा तय है।

### भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के हक में: वैष्णव

नयी दिल्ली। रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में बताते हुए कहा है कि दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सोमवार को हुई टेलीफोन वार्ता के बाद घोषित इस समझौते पर श्री वैष्णव ने मंगलवार को कहा, ''भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी है। इस समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा। उन्होंने कहा,'' अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं। भारत और अमेरिका के पास शांति और विकास के लिए मिलकर काम करने की अपार क्षमता है। अमेरिका और भारत की शक्ति को एक दूसरे की पूरक बताते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं जिनसे विश्व को लाभ होगा। उन्होंने कहा,'' अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।'' श्री वैष्णव के पास सूचना प्रसारण मंत्रालय का भी प्रभार है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता ऐतिहासिक है इससे दोनों लोकतांत्रिक देश के बीच साझा समृद्धि नवाचार और वृद्धि के नए रास्ते खुलेंगे।

### आई-पैक छापा मामला: ईडी की याचिका पर उच्चतम न्यायालय अब 10 फरवरी को करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक के लिए टाल दी है। ईडी ने अपनी याचिका में पश्चिम बंगाल सरकार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार और अन्य अधिकारियों पर कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पीएसी) के ऑफिस में एजेंसी की तलाशी अभियान में बाधा डालने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने मंगलवार को ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर किए गए काउंटर-शपथ पत्र का जवाब देने के लिए समय मांगने पर सुनवाई को 10 फरवरी तक के लिए टाल दिया। श्री मेहता ने बताया कि ईडी को राज्य सरकार का जवाब आज ही मिला है और उसे इसकी जांच करने तथा जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। अनुरोध स्वीकार करते हुए पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को तय की। ईडी की याचिका आठ जनवरी को आई-पैक के दफ्तर और इसके सह संस्थापक प्रतीक जैन के घर पर कोयला घोटाले से जुड़े हवाला कारोबार की जांच के सिलसिले में की गई तलाशी से जुड़ी है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि अभियान के दौरान उसके अधिकारियों को रोका गया और मुख्यमंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मौके पर पहुंची और ईडी अधिकारियों से बहस की। ईडी ने आरोप लगाया है कि छापे के दौरान मुख्यमंत्री और अन्य नेता कुछ फ़ाइलें लेकर चले गये, जिससे जांच में रुकावट आई और उसके अधिकारियों पर दबाव पड़ा। शीर्ष अदालत में दायर याचिका में ईडी ने मुख्यमंत्री, पूर्व डीजीपी और कोलकाता पुलिस के आयुक्त प्राथमिकी दर्ज करने की इजाजत मांगी है। साथ ही इस मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से स्वतंत्र जांच की भी मांग की है।

### नयी ऊंचाई पर पहुंची भारत-अमेरिका साझेदारी: रेड्डी

हैदराबाद। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी नयी ऊंचाई पर पहुंच गई है और वैश्विक विकास और साझा समृद्धि को बढ़ावा दे रही है। श्री रेड्डी ने सोशल मीडिया एक्स पर द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने में निर्णायक नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह नवीनतम प्रगति भारत की आर्थिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और 'मेक इन इंडिया' पहल में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मजबूत भारत-अमेरिका संबंध आर्थिक विकास को गति दे रहे हैं तथा कई क्षेत्रों में नवाचार, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी नये बाज़ार खोलकर और वैश्विक पहुँच बढ़ाकर भारतीय एंटरप्राइज़ और सूक्ष्म, लघु एवं मध्य उद्यम (एमएसएमई) को बहुत फ़ायदा पहुँचाएगी। मंत्री ने कहा, ''दुनिया भारत को उम्मीद भरी नज़रों से देख रही है। आज के घटनाक्रम भारत को एक वैश्विक विकास चुंबक के तौर पर और मज़बूत करते हैं।

## पेज एक का शेष

### 'भारत-अमेरिका व्यापार...

सतत संवाद करते हैं ताकि संवादहीनता न रहे। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बैठक में प्रमुख मुद्दों पर व्यापक दिशानिर्देश प्रदान किए। सारंगी ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने हमसे संसद में सक्रिय भागीदारी के लिए कहा।

### शेयर बाजारों ...

सुजुकी का 2.73, इटरनल का 2.55, एनटीपीसी का 2.33, टाटा स्टील का 2.31 और एचडीएफसी बैंक का 2.28 प्रतिशत मजबूत हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.87 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 1.83, टीसीएस 1.72, भारती एयरटेल 1.61, इंफोसिस 1.59, एचसीएल टेक्नोलॉजीज 1.05 और एशियन पेंट्स 1.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में 0.47 प्रतिशत और बीईएल में 0.02 प्रतिशत की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 3.92 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.29 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.22 प्रतिशत ऊपर रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.23 फीसदी चढ़ा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45 प्रतिशत नीचे था।

### 10 जिलों में ओलावृष्टि,...

के कारण ठंड एक बार फिर बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान गिरकर 6.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई इलाकों में दृश्यता शून्य के करीब दर्ज की गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि प्रदेश के 26 जिलों में बारिश और 29 जिलों में भीषण घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। ऐसे में रात और सुबह की ठंड अभी और परेशान करेगी।

### संविधान मानिए या...

वाले व्यक्ति से इस तरह की जटिल शर्तों के निहितार्थ को समझने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। सूचित सहमति के महत्व पर जोर देते हुए न्यायालय ने कहा कि नागरिकों के निजता अधिकारों में किसी भी प्रकार की कटौती अस्वीकार्य है। पीठ ने व्हाट्सऐप की डेटा साझा करने की प्रक्रिया की तुलना ''चोरी करने के एक सभ्य तरीके'' से करते हुए मामले की गंभीरता का उल्लेख किया। उच्चतम न्यायालय, राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय अधिकरण ( एनसीएलएटी ) के आदेश के खिलाफ व्हाट्सऐप की अपील पर सुनवाई कर रहा था। पीठ ने संकेत दिया कि वह इस अपील पर तभी विचार करेगी, जब व्हाट्सऐप स्पष्ट और बिना शर्त यह लिखित आश्वासन देगा कि वह विज्ञापन या किसी अन्य व्यावसायिक उद्देश्य से यूज़र्स का डेटा मेटा के साथ साझा नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने दोहराया, ''किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के व्यापारिक हितों के लिए नागरिकों की निजता से समझौता नहीं किया जा सकता।'' न्यायालय ने इस मामले में 10 फरवरी को अगले आदेश पारित करने की बात कही है।

### फैसले में देरी एक...

''ऐसा लगता है कि सिर्फ़ जुबानी जमा खर्च किया जा रहा है... कोई संदेश जाना चाहिए। यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मोटे तौर पर दो तरह के न्यायाधीश होते हैं। उन्होंने कहा, ''एक मेहनती न्यायाधीश होते हैं, जो सबकी बात सुनते हैं और 10-15 मामलों में भी फैसला सुरक्षित रख लेते हैं। कुछ न्यायाधीश ऐसे होते हैं, जो इसके बाद फैसले नहीं सुनाते। हम किसी एक व्यक्ति की बात नहीं कर रहे हैं। यह न्यायपालिका के सामने एक चुनौती है और यह एक पहचानी हुई बीमारी है। इसका इलाज होना चाहिए और इसे खत्म किया जाना चाहिए और इसे फैलने नहीं दिया जा सकता। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि एक और आम चलन है कि कुछ मामलों में दलीलें सुनी जाती हैं तथा फिर उन्हें आगे के निर्देशों के लिए सूचीबद्ध कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वह उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के साथ अपनी आगामी बैठक में यह मुद्दा उठाएंगे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''हम अन्य मुद्दों के साथ इस पर भी चर्चा करेंगे। हम कोई ऐसा समाधान निकालने की कोशिश करेंगे, जिससे इस तरह के टाले जा सकने वाले मुकदमे खत्म हो जाएं। उन्होंने कहा, ''उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर अपने 15 साल के करियर में मैंने कभी भी कोई फैसला सुरक्षित नहीं रखा और तीन महीने में फैसला नहीं सुनाया। पीठ ने अपने आदेश में मामले के तथ्यों का ज़िक्र करते हुए कहा, ''झारखंड उच्च न्यायालय ने 4 दिसंबर, 2025 को फैसला सुनाया था, जिसमें रिट याचिका खारिज कर दी गई थी। फैसला अभी तक अपलोड नहीं किया गया है। हमने उच्च न्यायालय की तरफ से पेश वकील को बताया है कि इस देरी का कोई कारण नहीं है। अगले हफ्ते के आखिर तक वकील को पूरा फैसला दे दिया जाए। मामला अब 16 फरवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है। नवंबर 2025 में, शीर्ष अदालत ने सभी उच्च न्यायालयों को सुरक्षित रखे गए फैसलों का घटनाक्रम संबंधी विवरण सौंपने का निर्देश दिया था, जिसमें फैसले सुरक्षित रखने, सुनाने और अपलोड करने की तारीखें शामिल हों। शीर्ष अदालत अपने इस निर्देश के पालन की निगरानी कर रही है, जिसमें यह अनिवार्य किया गया है कि फैसलों की सभी प्रमाणित प्रतियों में संबंधित तीनों तारीखें साफ-साफ दर्ज हों।

### एनआईए और एटीएस...

भाई को इन लोगों ने पकड़ लिया है। अफसरों ने हमारे पूरे घर में मशीनों की मदद से जांच पड़ताल की। करीब आधे घंटे तक घर का कोना-कोना देखा। उनके साथ बाराबंकी पुलिस के लोग भी थे। तलाशी के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद होने की बात सामने नहीं आई है। छापेमारी के बाद टीम ने शिवम से भी पूछताछ की। उसके बाद वहां से चली गई। उधर, हिंद अस्पताल से टीम रामलखन को उठाकर लखनऊ ले गई है। गांव के लोगों ने बताया कि रामलखन के पिता झम्मन के पायस 16 बीघा खेती है। पत्नी के इलाज के लिए झम्मन ने 8 बीघा खेती गिरवी रखी है। उसी पैसों से वो पत्नी का इलाज करवा रहा है। वहीं, रामलखन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है, उसका रामलखन पासी 3628 नाम से फ़ेसबुक अकाउंट है। जिसके 6.3 हजार फॉलोअर हैं। उसने एक दिन पहले लाखन पासी के नाम से पोस्टर डाला है। जिसपर 2 फरवरी को सीतापुर में महाराजा छीता पासी के किले पर जाने की बात लिखी गई है। इस पूरे घटनाक्रम में एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि बदोसराय और हिंद अस्पताल में रेड की गई है। राम लखन आतंकियों से कनेक्शन होने का शक है। एटीएस और एनआईए उसे लखनऊ ले गई है। उससे पूछताछ की जा रही है। स्थानीय स्तर पर भी जांच कराई जा रही है। एजेंसियां हर पहलू को खंगाल रही हैं और आधिकारिक पुष्टि के बाद ही आगे की जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

### पुलिस गोली न...

की भाषा समझाना तात्कालिक परिस्थिति हो जाती है। सीएम योगी कहा, हमने भू-माफिया टास्क फोर्स गठित की और मैंने कहा, 24 घंटे का समय दे रहा हूं। उत्तर प्रदेश के अंदर जिस भी सरकारी भूमि पर जिस भू माफिया ने कब्जा किया है, उसको तत्काल छोड़ दे। 24 घंटे के बाद जब हम कारवाई करेंगे तो उसको जमीन तो छोड़नी ही पड़ेगी, लेकिन साथ-साथ उसने जो कमाई की होगी, उसकी ब्याज सहित वसूली करेंगे। आप आश्चर्य करेंगे कि हमारी 65000 एकड़ लैंड खाली हुई थी। यह हमारा लैंड बैंक बना था। उस लैंड बैंक में हमने निवेश भी करवाए। सीएम योगी कहा, हम प्रधानमंत्री जी व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आभारी हैं, जिन्होंने रोलबैक करते हुए भारत के टैरिफ को कम किया है और भारत को एक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में माना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत अपनी नीतियों पर अडिग था, और इसका परिणाम है 'सत्यमेव जयते'। यह पहले भी हुआ है और आगे भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विकसित भारत और बढ़ते भारत की यात्रा का प्रमाण है, जहां भारत एक जिम्मेदार और भरोसेमंद वैश्विक साझेदार के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने आगाह भी किया कि भारत की इस बढ़ती ताकत से कुछ लोग सशंकित भी हैं, इसलिए देश को विश्वसनीय सहयोगियों के साथ आगे बढ़ते हुए सतर्कता और विवेक के साथ कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले जिस भारत को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, आज वही भारत अपनी नीतियों पर दृढ़ रहते हुए वैश्विक शक्तियों को भी संवाद और सहयोग के लिए विवश कर रहा है। भारत अब अपनी शर्तों पर आगे बढ़ रहा है और स्वयं अपना नियंता बन रहा है, जो यह स्पष्ट करता है कि आज देश वैश्विक चुनौतियों और दबावों के बीच आत्मविश्वास, नीति-स्थिरता और निर्णायक नेतृत्व के साथ अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रहा है।

### भारत अपनी नीतियों पर ...

आपराधिक प्रावधानों को समाप्त किया गया, ताकि उद्योग बिना भय और बाधा के कार्य कर सके। प्रदेश में अब तक 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें 20 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। बरेली सहित अन्य जिलों में नए फार्मा पार्क बनेंगे मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए ठोस नीति और स्पष्ट विजन के साथ काम किया जा रहा है। ललितपुर में विकसित किया जा रहा बल्क ड्रग फार्मा पार्क केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं होगा, बल्कि इसे हब एंड स्पोक माडल पर विकसित किया जा रहा है। जहां अत्याधुनिक आर एंड डी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गौतमबुद्धनगर में मेडिकल डिवाइस पार्क, यूएस-एफडीए टेस्टिंग लैब और वर्ल्ड-क्लास लाजिस्टिक्स हब विकसित किए जा रहे हैं। फरवरी के दूसरे सप्ताह में बजट सत्र के माध्यम से लखनऊ में विश्व स्तरीय फार्मा इंस्टीट्यूट के निर्माण की दिशा में भी कदम बढ़ाया जाएगा। बरेली सहित अन्य जिलों में भी नए फार्मा पार्क विकसित किए जाएंगे। कहा कि एआई, टेलीमेडिसिन, डीप-टेक, मेड-टेक, हेल्थ-टेक और क्लिनिकल रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए सरकार आगे बढ़ रही है। निवेशकों के सुझावों को अंगीकार करने का भरोसा भी दिलाया। इसी माह होगा जेवर एयरपोर्ट का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने 'लोकल को ग्लोबल' बनाने का सफल माडल प्रस्तुत किया है। पांचवें जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को इसी माह प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह एमओयू हुए : अर्ना फार्मा 1250 करोड़, बायोजेंटा लाइफ साइंसेज 1,250 करोड़, शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स 737 करोड़, वाल्टर बुशनेल एंटरप्राइज 590 करोड़, ज्ञानविका लैब्स - 553 करोड़, कोरो हेल्थ 418 करोड़, मार्क लेबोरेटरीज 300 करोड़, हाई ग्लांस लैबोरेटरीज - 120 करोड़, रासपा फार्मा 107 करोड़, रोमसंस मेडवर्ल्ड 100 करोड़, कोटक हेल्थकेयर - 100 करोड़।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर प्रभावी भूमिका निभा रहा है : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आज संसद भवन में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक में भारत-अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए प्रधानमंत्री का भव्य अभिनंदन किया गया। यह समझौता दूरदर्शी कूटनीति और भारत की सशक्त अंतरराष्ट्रीय छवि का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के सामर्थ्य को नई अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने तथा भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह एक युगांतकारी पहल सिद्ध होगी। दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत-अमेरिका के बीच बनी नई सहमति भारत की वैश्विक भूमिका को और अधिक सशक्त करने वाली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर भरोसे, स्थिरता और अवसर का केंद्र बन रहा है। इस साझेदारी से युवाओं के लिए रोजगार, तकनीक और नवाचार के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं प्रभावी कूटनीतिक प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतऽअमेरिका संबंधों में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कह कि प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से हुई वार्ता के बाद भारत पर लागू अतिरिक्त शुल्क को घटाकर 18 फीसद किया गया है। यह निर्णय भारतीय निर्यात को प्रोत्साहन देगा तथा वैश्विक मंच पर भारत की सुदृढ़ होती आर्थिक स्थिति और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा।

# अकाली नेता बिक्रमजीत मजीठिया सात माह बाद नाभा जेल से रिहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। आय से अधिक संपत्ति के मामले में पटियाला की जेल में बंद अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया मंगलवार को करीब सात माह बाद नाभा जेल से बाहर आ गए। सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को जमानत मिलने के बाद मजीठिया के वकील आज जेल पहुंचे और इसके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आम आदमी पार्टी मजीठिया को जेल में बंद करने को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानती रही है। पंजाब से लेकर गुजरात तक पार्टी मंचों से कहती रही कि जिनका नाम लेने से भी लोग डरते थे, उन्हें हमने जेल भेज दिया। इस बीच मंगलवार को नाभा जेल से बाहर आते ही मजीठिया ने समर्थकों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने अपने पुराने अंदाज में मूंछों को ताव दिया। उनके साथ उनकी पत्नी गनीव कौर भी मौजूद थी। मजीठिया ने कहा कि धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब, गुरु गोबिंद सिंह महाराज का। गुरु साहिब की अपार कृपा। जितना सरकार ने दबाया, उतनी ताकत मिली। दिल्ली हुक्मरानों के साथ ईंट से ईंट टकरानी है। मुझे इस बात की प्रेरणा मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व विधायक कृष्णा प्रसाद के आदर्शों को अपनाने का लिया गया संकल्प

**नवादा।** बिहार सरकार के पूर्व राज्य मंत्री राजबल्लव प्रसाद के बड़े भाई तथा विधान पार्षद अशोक यादव के पिता पूर्व विधायक स्वर्गीय कृष्ण प्रसाद की पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर विशेष मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें 500 गरीबों का मुफ्त इलाज कर उन्हें दवाएं दी गई ।व्यवहार न्यायालय के निकट अवस्थित स्वर्गीय कृष्ण प्रसाद के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने कहा कि कृष्णा प्रसाद आज भी भावनाओं में इसलिए जिंदा है कि उन्होंने बेहतर कार्य किया है। जो भी जनप्रतिनिधि जीवन में ईमानदारी से काम करेंगे वह शरीर छोड़कर भी सदा जिंदा रहेंगे । स्वर्गीय कृष्णा प्रसाद के पुत्र अशोक यादव ने कहा कि हम पिता के आदर्शों को अपनाकर जनता की सेवा कर रहे हैं ।जिसे जीवन भर निर्वहन करेंगे। नवादा के विधायक विभा देवी ने कहा कि हमारे भैसुर स्वर्गीय कृष्ण प्रसाद जी एक महान नेता थे जिन्होंने नवादा को आगे बढ़ाने के लिए एड़ी चोटी का पसीना एक किया गया था। लेकिन दुर्भाग्य से दुर्घटना में उनकी मौत हो गई थी । इस अवसर पर जदयू के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ,समाजवादी नेता अनिल प्रसाद सिंह ,भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा सेल के अध्यक्ष मनोज चंद्रवंशी , पूर्व विधायक प्रकाश वीर ,प्रिंस तमन्ना बृजेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र यादव , प्रसिद्ध व्यवसाई राजीव सिन्हा, दाऊद खान आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कृष्णा प्रसाद को महान समाजसेवी बताते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। मुफ्त जांच शिविर में डॉक्टर पुष्कर चंद्र ,डॉक्टर नीरज कुमार आदि ने 500 मरीजों का इलाज कर उन्हें मुफ्त दवाएं दी ।सभी ने एक स्वर से कृष्ण प्रसाद के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हुए नवादा के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। गरीबों के बीच भोजन तथा वस्त्रो का वितरण कर कृष्ण प्रसाद की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### बिहार बजट सूबे को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्पों को मजबूती देगा : तारकिशोर प्रसाद

**कटिहार।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि आज पेश किया गया बिहार बजट सूबे को आत्मनिर्भर राज्यों की श्रेणी में लाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा और लोगों का जीवन आसान बनेगा। श्री प्रसाद ने कहा कि इस बार का बिहार बजट 03 लाख 47 करोड़ रुपये से ज्यादा का है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 हज़ार करोड़ रुपये अधिक है। बजट में सात निश्चय-3 (2025-2030) के तहत बिहार को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि बजट के मुख्य बिंदुओं में प्रति व्यक्ति आय को दोगुनी करने का लक्ष्य, करीब एक करोड़ रोजगार देने का लक्ष्य, महिलाओं को सशक्त बनाने पर फोकस, गरीबों को लघु उद्यम से जोड़ने की योजना के साथ सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रगतिशील और सर्व समावेशी बजट है, जिससे बिहार में विकास दर को नई ऊर्ज़ा और रफ्तार मिलेगी।

### उत्तराखंड के कालसी में एचआरटीसी की बस खाई में गिरी, तीन यात्रियों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून जनपद अंतर्गत कालसी क्षेत्र में मंगलवार सुबह कुआनु, मीनाक रोड (मीनस मार्ग) पर हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी और शोक का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार, यह बस हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के चौपाल उपमंडल स्थित नेरवा से सिरमौर जिले के पांवटा साहिब जा रही थी। बस में चालक और परिचालक सहित कुल 36 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि बस एक अन्य वाहन को साइड देने के दौरान संतुलन खो बैठी, जिससे वह सड़क से फिसलते हुए गहरी खाई में गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना कालसी पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। खाई की गहराई अधिक होने के कारण बचाव कार्य में काफी मशक्कत करनी पड़ी। टीमों ने घायलों को खाई से बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पतालों में भेजा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस दुर्घटना में 03 यात्रियों की मृत्यु हो गई है। वहीं, 06 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि 03 यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा लगभग 24 अन्य यात्री घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल दिनेश कुमार का इलाज देहरादून स्थित ग्राफिक एरा अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान यासमीन बेगम (46 वर्ष), रिचा (30 वर्ष) और धन बहादुर के रूप में हुई है। तीनों मृतक हिमाचल प्रदेश के नेरवा क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से दुर्घटना के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही हादसे के वास्तविक कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण सड़क की संकरी स्थिति और संतुलन बिगड़ना माना जा रहा है, हालांकि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

### बर्फ की चादर ओढ़े गंगोत्री धाम में निरंतर हो रही मां गंगा की पूजा

**उत्तरकाशी।** शीतकालीन में इन दिनों गंगोत्री धाम बर्फ की सुंदर चादर ओढ़े हुए है। माँ गंगा का उद्गम स्थल गंगोत्री धाम शीतकाल के दौरान भले ही आम श्रद्धालुओं के लिए बंद हो जाता हो, लेकिन यहाँ आस्था की परंपरा कभी नहीं रुकती। कपाट बंद होने के बाद धाम में सन्नाटा तो है, लेकिन माँ गंगा की भक्ति की लौ आज भी उतनी ही प्रज्वलित है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड और माइनस डिग्री तापमान के बीच भी गंगा पुरोहित अटूट श्रद्धा के साथ माँ गंगा की सुबह-सांय आरती और पूजा-अर्चना कर रहे हैं। 23 जनवरी से गंगोत्री धाम में चौथे बार बर्फबारी हो चुकी है। वर्तमान में धाम में केवल गंगा पुरोहितों के साथ उत्तरकाशी प्रशासन के कर्मचारी और सुरक्षा बल तैनात हैं। बर्फबारी के कारण मंदिर का सुनहरा पंडाल और परिसर किसी दिव्य लोक जैसा प्रतीत हो रहा है। दुर्गम परिस्थितियों के बावजूद आस्था की यह अविरल धारा गंगोत्री धाम को और भी भव्य बना रही है। मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि गंगोत्री धाम में नित्य पूजा अर्चना होती है।

# बजट में है दिल्ली की सभी समस्याओं को हल करने पर फोकस : भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने 2026-27 के आम बजट को दिल्ली की सभी समस्याओं को हल करने वाला बताया।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 2026-27 के आम बजट में दिल्ली के परिवहन, पीने के पानी, स्वास्थ्य, प्रदूषण और कानून-व्यवस्था पर खास ध्यान दिया गया है। इनसे दिल्ली की जनता का जीवन स्तर बेहतर होगा बल्कि नई योजनाओं से रोजगार और विकास के रास्ते भी खुलेंगे। भाजपा सांसद ने कहा कि पूरे देश में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का 6 लाख करोड़ का बजट रखा गया है। इसमें से 27328 करोड़ की योजनाएं केवल दिल्ली के लिए ही हैं। इनमें शिवमूर्ति से महिपालपुर तक टनल और एम्स से महिपालपुर तक एलिवेटिड रोड शामिल हैं। इन दोनों योजनाओं में 3500 और 5000 करोड़ खर्च होंगे। इसके अलावा पंजाबी बाग से टीकरी बॉर्डर तक बनाए जाने वाले रोड पर 1504 करोड़, आश्रम से बदरपुर तक बनने वाली रोड पर 513 करोड़ और महरौली से दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर तक बनने वाली रोड पर 1461 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। अर्बन एक्सटेंशन रोड यानी यूईआर से जुड़ने वाली सड़कों पर भी 15000 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में रेलवे ने दिल्ली के लिए 2711 करोड़ का प्रावधान किया। 2009 से 2014 के बीच दिल्ली को रेलवे औसतन 96 करोड़ की योजनाएं ही देता रहा है। अब 28 गुना ज्यादा राशि का प्रावधान किया गया है। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि इस समय दिल्ली में 8976 करोड़ रुपये की रेलवे की योजनाओं पर काम हो रहा है जिसमें 13 स्टेशनों का कायाकल्प भी शामिल है। इस समय दिल्ली से 14 वन्देभारत ट्रेन और 8 अमृत भारत ट्रेन चल रही हैं। दिल्ली में अब रेलवे का पूरी तरह इलेक्ट्रिफिकेशन हो गया है और नए 14 फ्लाई ओवर और अंडरपास बनाए गए हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि बजट में दिल्ली से वाराणसी के बीच हाई स्पीड रेल कॉरिडोर का ऐलान हुआ है। दिल्ली से वाराणसी तक का सफर 3.5 घंटे में पूरा करेगी। रीजनल रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) को इस बार 2,200 करोड़ रुपये का बजट मिला है। देशभर में मेट्रो विस्तार के लिए 28695 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें से दिल्ली मेट्रो को भी बड़ा हिस्सा मिलेगा। प्रदूषण नियंत्रण के लिए 1,091 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस प्रकार पिछले वर्ष के मुकाबले बजट में प्रदूषण नियंत्रण के लिए अभी 237 करोड़ रुपये अधिक रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पांच प्रमुख अस्पतालों एम्स, सफदरजंग, आरएमएल, लेडी हार्डिंग, कलावती सरन को लगभग 10,122 करोड़ का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष से लगभग 1,185 करोड़ रुपये अधिक है। इससे अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण, सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक मरीजों की देखभाल बेहतर हो पाएगी। अकेले एम्स को ही 5,500 करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में बेहतर कानून व्यवस्था और दिल्ली पुलिस को हाई टेक बनाने के लिए इस बार 12,846 करोड़ 13 लाख रुपये दिए गए हैं। यह पिछले वर्ष से 307 करोड़ 13 लाख रुपये अधिक है। इसके अलावा दिल्ली में जल आपूर्ति सुधारने के लिए चंद्रावल वाटर वर्क्स प्रोजेक्ट को केंद्र से 380 करोड़ की सहायता राशि दी जाएगी।

### जेल में डेरामुखी की मजीठिया से मुलाकात पर सीएम मान का पलटवार

**चंडीगढ़।** पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले डेरों की राजनीति तेज हो गई है। राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर ढिल्लों द्वारा सोमवार को पटियाला की जेल में अकाली नेता बिक्रमजीत मजीठिया से मुलाकात किए जाने के बाद गरमाई राजनीति को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को नया मोड़ दे दिया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर किसी का नाम लिए बगैर लिखा कि चाहे आज की बात हो या कल की, उन अदालतों का भगवान ही रक्षक है जहां (जेल में) मिलने आने वाले लोग ही खुद 'जज' बन जाएं। विपक्ष ने इस ट्वीट को सीधे डेरा प्रमुख के साथ जोड़ते हुए पंजाब सरकार को घेर लिया है। दो फरवरी को डेरा राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने नाभा जेल में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से मुलाकात के बाद खुलकर उनका समर्थन किया। उन्होंने साफ कहा था कि मजीठिया के खिलाफ सभी आरोप झूठे हैं। उन्होंने कहा कि मजीठिया मेरे दोस्त हैं और रिश्तेदार हैं। इसलिए मैं उनसे मिलूंगा। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि रिश्तेदारों व दोस्तों के साथ की गई चर्चा सार्वजनिक नहीं होती। डेरा प्रमुख के बयान के कुछ घंटे बाद ही मजीठिया को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई।

# डीयू के तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव में पहुंचेंगे अनेकों विख्यात चेहरे : अनूप लाठर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में पहली बार आयोजित होने वाले साहित्य महोत्सव को लेकर तैयारियां जारी है। इस महोत्सव का आयोजन 12 से 14 फरवरी तक किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में 50 से अधिक वक्ता पहुंचने की उम्मीद है, साथ ही लाखों विद्यार्थियों की भी भागीदारी महोत्सव में रहेगी। यह जानकारी साहित्य महोत्सव की कोर कमेटी के उपाध्यक्ष और कन्वीनर अनूप लाठर ने दी। अनूप लाठर ने बताया कि डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह के निर्देशानुसार इस साहित्य महोत्सव का केंद्र बिन्दु राष्ट्र प्रथम होगा। विभिन्न कमेटियों से तैयारियों को लेकर बैठकें की गई हैं। सभी कमेटियों अपनी जिम्मेदारियों के अनुसार काम कर रही हैं। इस तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव में विख्यात लेखकों, मीडिया जगत के लोगों और जाने-माने साहित्यकारों सहित करीब 50 प्रतिभागियों ने अभी तक अपनी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि वक्ताओं के रूप में राम माधव, विजय चौथाईवाले, फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी, रजत शर्मा, कॉम्पिटिटिव एग्जाम एजुकेटर खान सर, अंजना ओम कश्यप, रुबिका लियाकत, प्रफुल्ल केतकर, इंडियन हिस्ट्री उदय एस. कुलकर्णी, एक्टर और मेंटल हेल्थ एक्टिविस्ट दिनेश मोहन, सुधांशु त्रिवेदी, विवेक रंजन अग्निहोत्री, आभास मालदहियार, अमिताभ अग्निहोत्री, राहुल शिवशंकर, दिशा अहलूवालिया जैसे कई पैनलिस्ट अपनी स्वीकृति दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तीनों दिन शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें पहले दिन कवि सम्मेलन, दूसरे दिन भजन क्लबिंग और तीसरे दिन विभिन्न प्रदेशों के आदिवासी और लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के दौरान पुस्तक विमोचन और पुस्तक चर्चाओं का भी आयोजन किया जाएगा।

# कोटद्वार कूच कर रहे भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कोटद्वार में उठे विवाद के बीच दीपक कुमार के समर्थन में जा रहे भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह और उनके समर्थकों को पुलिस ने चंडीघाट चौकी पर रोक दिया। तनावपूर्ण स्थिति के बीच बातचीत विफल होने के बाद पुलिस ने महक सिंह सहित कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर जिला मुख्यालय रोशनाबाद भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह अपने समर्थकों के साथ कोटद्वार रवाना हुए थे। पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही चंडीघाट चौकी पर घेराबंदी की गई। हालात संभालने के लिए सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, शहर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह और इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सख्ती बरतते हुए महक सिंह और उनके कुछ समर्थकों को पुलिस वाहन में बैठाकर रोशनाबाद ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि कोटद्वार में विवाद की शुरुआत 26 जनवरी को हुई, जब एक मुस्लिम दुकानदार की 30 वर्षों से संचालित दुकान बाबा स्कूल ड्रेस एंड मैचिंग सेंटर के नाम को लेकर आपत्ति जताई गई। कुछ संगठनों ने दुकान के नाम में बाबा शब्द को लेकर सवाल खड़े किए, जिससे मौके पर बहस और तनाव की स्थिति बन गई। इसी दौरान स्थानीय युवक दीपक कुमार दुकानदार के समर्थन में सामने आए।

## बिहार विधानसभा में 2026-27 का बजट पेश

# 3.47 लाख करोड़ का प्रावधान, कृषि-शिक्षा-रोजगार पर खास जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार सरकार के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने मंगलवार को भोजनावकाश के बाद बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट पेश किया। यह बजट कुल 3 लाख 47 हजार 589 करोड़ रुपये का है, जो पिछले वर्ष के 3.16 लाख करोड़ रुपये के बजट से कहीं अधिक है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 में बिहार की आर्थिक वृद्धि दर 14.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है और राज्य ल्ल्ज्ञान, विज्ञान और सम्मानङ्क के पथ पर आगे बढ़ेगा।

वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में योजना मद के लिए 1,22,155 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय 2,25,434 करोड़ रुपये रहेगा। कुल पूंजीगत व्यय 63,455.84 करोड़ रुपये रखा गया है, जो कुल बजट का 18.26 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र को बजट में सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। स्कूल और कॉलेज शिक्षा के लिए 68,216 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो किसी भी विभाग के लिए सबसे अधिक है। सड़क, पुल, बिजली, पानी और भवन निर्माण जैसे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 63,455 करोड़ रुपये का पूंजीगत खर्च रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग के लिए 21,270 करोड़ और ग्रामीण विकास के लिए 23,701 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाले 6,000 रुपये के अतिरिक्त बिहार सरकार अपनी ओर से 3,000 रुपये सालाना देगी। इस तरह किसानों को कुल 9,000 रुपये प्रतिवर्ष मिलेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1.56 करोड़ से अधिक महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण को और मजबूत किया जाएगा। महिलाओं को व्यवसाय बढ़ाने के लिए 10,000 रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता अथवा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। जीविका मॉडल को रोजगार सृजन का मुख्य आधार बनाया गया है। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025 से 2030 के बीच एक करोड़ रोजगार के अवसर सृजित करना है। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने, गंगा जल आपूर्ति योजना के विस्तार और बिजली उत्पादन एवं खपत बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिहार को कृषि प्रधान राज्य मानते हुए कृषि रोडमैप-4 और रोडमैप-5 को आगे बढ़ाया गया है। दलहन, तिलहन, मक्का, फल और सब्जी उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग यूनिट और एग्री-स्टार्टअप को बढ़ावा देने की भी घोषणा की गई है। बजट में गृह विभाग (पुलिस एवं सुरक्षा) के लिए 20,132.87 करोड़ रुपये और ऊर्ज़ा विभाग के लिए 18,737.06 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। अनुसूचित जाति के लिए 19,603 करोड़ रुपये और अनुसूचित जनजाति के लिए 1,648 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी स्तर तक ले जाने की योजना बनाई गई है। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का दावा किया गया है। तकनीकी और उच्च शिक्षा संस्थानों के विस्तार की भी घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि बिहार में प्रति व्यक्ति बिजली खपत बढ़कर 374 यूनिट हो गई है। सौर ऊर्ज़ा और अन्य नवीकरणीय ऊर्ज़ा स्रोतों के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्रामीण सड़कों के बड़े पैमाने पर विस्तार से बिहार सड़क घनत्व के मामले में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। विधानसभा में पेश बजट के अनुसार, कुल राजस्व प्राप्ति 2,85,277 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। राज्य के अपने कर से आय 65,800 करोड़ रुपये होगी, जबकि केंद्र से सहायता एवं अनुदान के रूप में 1,58,178 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063